सूर्योदय 6:00 सूर्यास्त 6:44

आज का तापमान

शिमला	11.4 न्यू	22.6 अधि
धर्मशाला	15.6 न्यू	28.1 अधि

बाजार

सेंसेक्स	74683.70
निफ्टी	22642.75

सोना 72,000 | चांदी 85,077

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 10 अप्रैल, 2024 | 28 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 112, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- वेही पठियार के लोग लोकसभा चुनावों का करेंगे बहिष्कार
- कालेश्वर में ब्यास के किनारे तैनात रहेंगे गोताखोर

पृष्ठ 4 पर पढ़ें

- उपमुख्यमंत्री ने टाहलीवाल हादसे में हुए नुकसान का लिया जायजा
- कुटलैहड़ से विक्कू, गगरेट से धरती पुत्र लगभग तय

पृष्ठ 7 पर पढ़ें

- लोकसभा चुनाव के लिए तैनात होंगे सामान्य, व्यय व पुलिस पर्यवेक्षक
- इतिहास में बिकाऊ के नाम से जाने जाएंगे बिकने वाले

पृष्ठ 13 पर पढ़ें

- रवींद्र जडेजा ने आईपीएल में पूरे किए 100 कैच
- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

पृष्ठ 14 पर पढ़ें

द्वितीय ब्रह्मचारिणी

दूसरे चैत्र नवरात्र पर मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। ब्रह्मचारिणी माता को ब्राह्मी भी कहा जाता है। इस दिन माता की पूजा अर्चना और उपवास करने से जीवन में सुख शांति और समृद्धि बनी रहती है और हर समस्या से मुक्ति मिलती है। मां सृष्टि में ऊर्जा के प्रवाह, कार्यकुशलता और आंतरिक शक्ति में विस्तार की जननी हैं। ऐसी मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से सभी रुके हुए कार्य पूरे हो जाते हैं। इसके अलावा जीवन से हर तरह की परेशानियां भी खत्म होती हैं।

या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।
दधाना कपाभ्यामक्षमालाकमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।

देवभूमि के शक्तिपीठों में पहले दिन उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

अनंत ज्ञान टीम

चैत्र नवरात्र के पहले दिन शक्तिपीठों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। ज्वालाजी, श्रीनयना देवी, चिंतपूर्णी, बज्रेश्वरी और चामुंडा मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली।

श्रीनयना देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए रात 2 बजे ही खोल दिए गए थे। दोपहर 12 से 12:30 बजे तक और रात 12 से 2 बजे तक मंदिर दर्शन के लिए बंद रहेंगे। वहीं, चिंतपूर्णी और बज्रेश्वरी मंदिर के कपाट सुबह 4 बजे और चामुंडा व ज्वालाजी मंदिर के कपाट सुबह 5 बजे खुले। ज्वालाजी मंदिर के कपाट सप्तमी, अष्टमी और नवमी के दिन 24 घंटे खुले रहेंगे।

श्रीनयना देवी

20,000 के करीब श्रद्धालुओं ने किए पहले दिन दर्शन

ज्वालाजी

8,000 भक्तों ने किए दर्शन

चिंतपूर्णी

12,000 श्रद्धालुओं ने दर्ज करवाई उपस्थिति

बज्रेश्वरी

10,000 श्रद्धालुओं ने भरी हाजिरी

चामुंडा

आठ हजार श्रद्धालु मां चामुंडा के दरबार में नतमस्तक

आज का मैच

राजस्थान रॉयल vs गुजरात टाइटंस

स्थानः जयपुर, समय : रात 7:30 बजे

अभी जेल में रहेंगे केजरीवाल

दिल्ली हाईकोर्ट ने नसीहत देकर खारिज की याचिका, गिरफ्तारी को बताया सही

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। दिल्ली हाईकोर्ट से उन्हें राहत नहीं मिली है। शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है।

कोर्ट ने कहा कि याचिका जमानत के लिए नहीं है, बल्कि केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिए याचिका लगाई थी। ईडी ने जो सबूत जुटाए हैं, उससे पता चलता है कि केजरीवाल इस मामले में शामिल रहे हैं। रिश्वतकांड में केजरीवाल की सक्रिय भूमिका रही है, उन्हें रिश्वत लेने के बारे में पता था। कोर्ट ने केजरीवाल को फटकार लगाई, साथ ही नसीहत भी दी कि गवाह पर शक करना कोर्ट पर शक करना जैसे ही है। कानून सबके लिए बराबर है। कोर्ट किसी सीएम के लिए अलग से कानून नहीं बना सकता है।

कोर्ट ने कहा कि जांच के लिए ईडी घर जा सकती है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हमारे सामने पर्याप्त सबूत पेश किए। हमने बयानों को देखा, जो बताते हैं कि गोवा के चुनाव के लिए पैसा भेजा गया था। हाईकोर्ट ने फैसले में सीएम को रिमांड पर भेजने का फैसला भी बरकरार रखा है।

कहा- हमें संवैधानिक नैतिकता की फिक्र

हाईकोर्ट ने कहा कि हमें संवैधानिक नैतिकता की फिक्र है, न कि राजनीतिक नैतिकता की। मौजूदा केस केंद्र और केजरीवाल के बीच नहीं है। यह केस केजरीवाल और ईडी के बीच है। ईडी ने कानूनी प्रक्रिया का पालन किया है।

केजरीवाल आज जा सकते हैं सुप्रीम कोर्ट

केजरीवाल अब हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ बुधवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी व रिमांड को सही ठहराया है।

'आप' का अहंकार हुआ चकनाचूर: सुधांशु त्रिवेदी

राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आम आदमी पार्टी का अहंकार चकनाचूर हो गया है। अरविंद केजरीवाल का स्वघोषित ईमानदार चरित्र तथ्यों और सबूतों से भी चकनाचूर हो गया है।

गिरफ्तारी वैध: एएसजी राजू

दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय का प्रतिनिधित्व कर रहे एएसजी एसवी राजू ने कहा कि जज ने सभी सबूत देखने के बाद फैसला सुनाया और कोर्ट ने भी कहा कि उसे मनी ट्रेल का पता चल गया है। कोर्ट ने न्याय किया है और कोर्ट ने कहा है कि सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी वैध है।

प्रदेश में पीपीपी मोड पर बनेंगे 46 चार्जिंग स्टेशन

- तीन हजार 155 इलेक्ट्रिक वाहन रजिस्टर
- रोप-वे ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन निकालेगा टेंडर

जय ठाकुर, शिमला

अनंत ज्ञान विशेष

हिमाचल प्रदेश में ग्रीन इनिशिएटिव के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से शुरू की गई पहल के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। ग्रीन हिमाचल का सपना साकार करने के लिए लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

प्रदेश परिवहन विभाग देश का पहला ऐसा विभाग है, जो पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करता है। प्रदेश में मौजूदा समय में तीन हजार 155 इलेक्ट्रिक वाहन रजिस्टर हो चुके हैं। इनमें दो हजार 685 नॉन ट्रांसपोर्ट यानी निजी वाहन हैं। 470 ट्रांसपोर्ट यानी कमर्शियल वाहन हैं। प्रदेश में छह ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए हैं। इनके तहत 55 इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने हैं। 55 में से 46 चार्जिंग स्टेशन को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड में बनाया जाएगा। इसके लिए रोपवे ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की ओर से अप्रैल माह के अंत तक टेंडर निकाले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

एचपीटीडीसी ने स्थापित किए हैं 26 चार्जिंग स्टेशन

टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन अपने होटलों में नौ चार्जिंग स्टेशन लगाएगा। इन स्टेशनों के अलावा एचपीटीडीसी पहले ही 26 इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बना चुका है। पेट्रोल पंपों पर भी 54 इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाने थे, जिसमें 21 स्टेशन शुरू हो चुके हैं और जल्द ही अन्य 31 स्टेशनों को भी शुरू किया जाएगा।

न्यूज शॉर्ट्स

भाजपा को झटका, पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र कांग्रेस में शामिल

नई दिल्ली। हरियाणा में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भाजपा छोड़ने के बाद मंगलवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। उनके साथ उनकी पत्नी प्रेमलता सिंह भी कांग्रेस में शामिल हो गई हैं। एक महीना पहले उनका बेटा बृजेंद्र सिंह भी भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुआ था। बृजेंद्र सिंह वर्तमान में हिसार से सांसद हैं। साल 2019 में बृजेंद्र सिंह ने आईएएस की नौकरी छोड़कर सियासत में कदम रखा था।

डेरा प्रमुख बाबा तरसेम की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

रुड़की। उत्तराखंड के नानकमत्ता डेरा के प्रमुख जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की हत्या का मुख्य आरोपी शार्प शूटर अमरजीत उर्फ बिट्टू मुठभेड़ में मारा गया। 28 मार्च की सुबह डेरे में तरसेम सिंह की हत्या कर दी गई थी। इनपुट पर एसटीएफ-पुलिस ने भगवानपुर क्षेत्र में उसकी घेराबंदी की। आरोपी ने पुलिस कर्मियों पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में बिट्टू को गोली लगी। पुलिस उसे सिविल अस्पताल रुड़की ले गई, जहां मौत हो गई। बिट्टू का एक साथी फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

के. कविता की न्यायिक हिरासत 23 तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपी बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है। मंगलवार को के. कविता की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। ईडी के मुताबिक इंडोस्पिरिट्स के जरिये 33 फीसदी लाभ कविता को पहुंचता था।

सुंदरनगर में चरस तस्कर ने पुलिसकर्मी पर चढ़ाई कार

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

सुंदरनगर में एक चरस तस्कर ने पुलिसकर्मी पर कार चढ़ा दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीछा करते हुए उसे दबोच लिया। जब कार की तलाशी ली तो 260 ग्राम चरस बरामद हुई।

घायल पुलिसकर्मी को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सुंदरनगर पुलिस ने मंगलवार सुबह हाईवे पर पुंघ में नाका लगा रखा था।

इस दौरान कुल्लू की ओर से आई कार नंबर एचपी 55सी-2049 को जांच के लिए रुकने का इशारा किया। कार चालक ने पुलिस दल को कुचलने का प्रयास किया। अन्य पुलिसकर्मी तो बच गए, लेकिन मौके पर मौजूद एक कांस्टेबल कार की चपेट में आ गया। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि आरोपी की पहचान ऋत्विक ठाकुर (25) पुत्र अजय वर्मा निवासी गांव व डाकघर कश्मीर तहसील नादौन के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ सुंदरनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

जोगिंद्रनगर में 13 को रोड शो करेंगी कंगना रनौत

जोगिंद्रनगर। भाजपा की मंडी लोकसभा सीट से प्रत्याशी कंगना रनौत 13 अप्रैल को जोगिंद्रनगर में रोड शो करेंगी। उनके दौरे को लेकर स्थानीय विधायक प्रकाश राणा ने रामलीला मैदान में तैयारियों का जायजा लिया। जोगिंद्रनगर के रामलीला मैदान में करीब 10:30 बजे रैली के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कंगना रनौत रोड शो निकालेंगी। यह रोड शो चौंतड़ा, बीड़ रोड से होता हुआ गोलवां पहुंचेगा।

कुमारसैन में मकान में लगी भीषण आग, एक मंजिल जलकर रख

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला जिले के कुमारसैन के बटाउटी गांव में मंगलवार सुबह एक रिहायशी मकान में आग लग गई। आग तीन मंजिला मकान के टॉप-फ्लोर पर लगी थी। आग लगने की सूचना मिलते ही कुमारसैन से दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाकर पूरे मकान को जलने से बचाया। यह आग स्व. कुलदीप मेहता के मकान में लगी है। घर पर कुलदीप मेहता की पत्नी और बेटा पार्थ मौजूद था।

दो मंजिलों को जलने से बचाया, शॉर्ट सर्किट से लगी आग

गनीमत यह रही कि आग की इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। आग लगने से मकान की तीसरी मंजिल पूरी तरह जलकर राख हो गई। दूसरी मंजिल को भी आंशिक नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण भड़की है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का आकलन किया। आग लगने से 30 लाख से ज्यादा के नुकसान का अनुमान है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव को मिली जेड सिक्योरिटी

गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद सुरक्षा बढ़ाने का लिया फैसला

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पूरे देश में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है।

सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की खुफिया रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय ने उनकी सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 40-45 कर्मियों की एक टुकड़ी 24 घंटे सुरक्षा में तैनात रहेगी। दिल्ली से बाहर जाने के दौरान भी उनकी सुरक्षा में सशस्त्र कमांडो साथ रहेंगे। 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव शुरू होने से ठीक पहले गृह मंत्रालय ने यह कदम उठाया है। राजनीतिक दलों के हालिया प्रदर्शन और विदेश से मिल रही धमकियों को देखते हुए राजीव कुमार की सुरक्षा बढ़ाई गई है। रिपोर्ट के आधार पर मुख्य चुनाव आयुक्त के लिए मजबूत सुरक्षा की सिफारिश की थी।

बंगाल में सभी गाड़ियों में लगेगा जीपीएस

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल होने वाली सभी गाड़ियों में जीपीएस लगेगा, ताकि उन्हें ट्रैक किया जा सके। चुनाव ड्यूटी से जुड़े लोगों को ये बता दिया गया है।

चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि जीपीएस से ईवीएम समेत पोलिंग मटेरियल के मूवमेंट पर नजर रखी जा सकेगी। यह सुनिश्चित हो सकेगा कि स्ट्रांग रूम में ले जाते वक्त भी उनमें कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। प्रशासन को कड़े निर्देश दिए हैं।

100 और केंद्रीय आर्म्ड पुलिस फोर्स होगी तैनात

निर्वाचन आयोग ने गृह मंत्रालय को पश्चिम बंगाल में 100 और केंद्रीय आर्म्ड पुलिस फोर्स को तैनात करने निर्देश दिया है। 15 अप्रैल या उससे पहले कंपनियों की तैनाती कराई जाए। चुनाव आयोग के निर्देश पर गृह मंत्रालय सीआरपीएफ की 55 कंपनियां और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 45 कंपनियां पश्चिम बंगाल में तैनात करेगी।

पूर्वानुमान स्काइमेट की रिपोर्ट: जून से सितंबर तक उत्तर-पूर्व और पूर्वी हिस्सों में सामान्य से कम होगी बारिश

भारत में इस साल सामान्य रहेगा मानसून

एजेंसी, नई दिल्ली

इस साल जून और सितंबर के बीच भारत में सामान्य मानसून रहने की उम्मीद है। देश में 868.6 मिमी की लंबी अवधि के औसत (लॉग पीरियड एवरेज) का 102 प्रतिशत बारिश होने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान एजेंसी स्काइमेट के अनुसार, जून से सितंबर तक मध्य और पश्चिमी भागों में सामान्य से अधिक बारिश होगी। उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में सामान्य बारिश होगी और उत्तर-पूर्व भारत और पूर्वी हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होगी।

स्काइमेट के मैनेजिंग डायरेक्टर जतिन सिंह ने कहा कि शुरुआत में अल-नीनो का असर रहेगा, पर दूसरे हाफ में इसकी भरपाई हो जाएगी। इस साल स्काइमेट ने दूसरी बार मानसून का पूर्वानुमान जारी किया है। इससे पहले 12 जनवरी 2024 को भी स्काइमेट ने मानसून के सामान्य रहने की संभावना जाहिर की थी।

इन राज्यों में होगी ज्यादा बारिश

देश के दक्षिण, पश्चिम और उत्तर-पश्चिम इलाके में अच्छी बारिश का अनुमान है। महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भी पर्याप्त बारिश हो सकती है। बिहार, झारखंड, ओडिशा और बंगाल में जुलाई और अगस्त के दौरान बारिश में थोड़ी कमी दर्ज की जा सकती है। जुलाई और अगस्त मानसून का सबसे सक्रिय समय होता है। उत्तर-पूर्व भारत में मानसून के शुरुआती सीजन में सामान्य से कम बारिश की आशंका है। स्काइमेट के मुताबिक, अलनीनो काफी तेजी से ला लीना में बदल रहा है। यह अच्छा संकेत है। अलनीनो का ला नीना में बदलना अच्छे मानसून का कारण बनता रहा है। हालांकि, मानसून की शुरुआत में अल नीनो के असर के कारण मानसून पर थोड़ा असर पड़ सकता है, लेकिन दूसरे चरण में मानसून भरपाई कर लेगा।

क्या है अल नीनो इफेक्ट?

अल नीनो इफेक्ट मौसम संबंधी एक विशेष घटना की स्थिति है, जो मध्य और पूर्वी प्रशांत सागर में समुद्र का तापमान सामान्य से अधिक होने पर बनती है। आसान भाषा में समझें तो इस इफेक्ट की वजह से तापमान काफी गर्म हो जाता है। इसकी वजह से पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में रहने वाला गर्म सतह वाला पानी भूमध्य रेखा के साथ पूर्व की ओर बढ़ने लगता है, जिससे भारत के मौसम पर असर पड़ता है। ऐसी स्थिति में भयानक गर्मी का सामना करना पड़ता है और सूखे के हालात बनने लगते हैं।

महाराष्ट्र में सीटों का बंटवारा

उद्धव 21, कांग्रेस 17 और शरद 10 सीटों पर लड़ेंगे

मुंबई। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों के लिए विपक्षी गठबंधन में सीटों का बंटवारा हो गया है। सीटों के बंटवारे की घोषणा विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमबीए) के सहयोगी दलों की सहमति से मंगलवार को की गई। सबसे ज्यादा 21 सीटें शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट को मिली हैं। इसके अलावा कांग्रेस 17 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी।

महाविकास अघाड़ी की ओर से सीटों के बंटवारे की जानकारी पत्रकार वार्ता में दी गई। इस मौके पर राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले उपस्थित थे। शरद पवार ने कहा कि सीटों का बंटवारा महाविकास अघाड़ी के सहयोगी दलों की सहमति से हुआ है। सभी दलों के नेता साथ मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक सीटें जीतने की प्राथमिकता है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में महाराष्ट्र से संबंधित मुद्दों को जोड़ा जाएगा और महाविकास अघाड़ी के सहयोगी पक्ष साथ मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे।

सुधीर ने सीएम के खिलाफ ठोंका मानहानि का दावा

धर्मशाला। कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर मानहानि का दावा ठोंक दिया है। मुख्य अधिवक्ता नताशा कटोच की उपस्थिति में सुधीर शर्मा ने मंगलवार को सीजीएम कोर्ट धर्मशाला में मानहानि का फौजदारी मुकदमा दायर किया है। सुधीर का आरोप है कि मुख्यमंत्री ने उन्हें 15 करोड़ अथवा उससे अधिक रुपए में बिका हुआ बताया और बागियों का सरगना भी कहा है, जो तथ्यविहीन आरोप है।

मुख्यमंत्री के इस बयान से उनकी मानहानि हुई है। सुधीर ने कहा कि हिमाचल शांतिप्रिय प्रदेश है और किसी सरकार के सर्वोच्च पद में बैठने वाले व्यक्ति को शब्दों की मर्यादा रखनी चाहिए, लेकिन मुख्यमंत्री ने मर्यादा का ख्याल नहीं रखा है। न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है कि उन्हें न्याय मिलेगा। इस मौके पर सुधीर शर्मा के साथ मीडिया को-ऑर्डिनेटर पूर्व मुख्यमंत्री विश्व चक्षु व जिला भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

भारत विकास परिषद ने बांटा प्रसाद

हिंदू नववर्ष के शुभारंभ पर पपरोला में प्रसाद बांटते भारत विकास परिषद के सदस्य।

बैजनाथ। हिंदू पंचांग के अनुसार नौ अप्रैल से शुरू हुए चैत्र नवरात्र पर्व और हिंदू नववर्ष संवत्सर की शुरुआत पर भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला के सदस्यों द्वारा क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान प्रमुख व्यावसायिक नगर पपरोला के मुख्य बाजार में लोगों को प्रसाद बांटा गया। इस शुभ मौके पर भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला के अध्यक्ष प्रीतम भारती, महासचिव अनुज आचार्य, कोषाध्यक्ष हरीश अरोड़ा, डॉक्टर देवेंद्र सूद, डॉक्टर अनिल भारद्वाज, डीआर ठाकुर, मनोज सूद, एमपी सूद, धीरज नंदा, शक्ति चंद राणा, संजय सोनी, युद्धवीर राणा, पवन कौंडल, अनिल नंदा नीटू, भूपिंद्र सूद, रवींद्र चौधरी और आकाश आदि ने अपनी सेवाएं दी।

हवन-यज्ञ के साथ नए सत्र का शुभारंभ

श्री चामुंडा पब्लिक स्कूल डाढ़ में हवन-यज्ञ करते छात्र व अध्यापक।

चामुंडा। श्री चामुंडा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल डाढ़ के नए सत्र का चैत्र नवरात्र से आगाज किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के विद्यालय में पहुंचने पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चे नई कक्षा में आने से खुश दिखे। जब छात्र-छात्राओं ने मंदिर के गेट से प्रवेश किया तो उनका तिलक लगाकर व फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। नए सत्र के शुभारंभ पर स्कूल में हवन-यज्ञ भी किया गया। इसमें अध्यापकों के साथ-साथ विद्यार्थियों में भी हवन-यज्ञ में आहुतियां डालकर मां सरस्वती से शिक्षा का वरदान मांगा। नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के नए शिक्षण सत्र में पुराने विद्यार्थियों के साथ साथ नए छात्र छात्राओं ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन से दाखिला लिया। इस अवसर पर स्कूल के स्टाफ ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

नारदा शारदा मंदिर में बांटा हलवा

नगरोटा बगवां। माता नारदा शारदा मंदिर में मंगलवार को नव वर्ष के आगमन पर भारत विकास परिषद नगरोटा बगवां इकाई द्वारा कन्या पूजन के उपरांत हलवा बांटा गया। परिषद के वरिष्ठ सदस्य कुमुद मेहता, राज कुमार, केवल कौशल, देव वालिया, उत्तम वालिया, ईश्वर दास,कृष्ण धीमान, आरके धीमान, ब्रह्म कुमारी सीमा, विजय, किशोरी लाल, कमल धीमान, स्वर्णा वालिया, सुलक्षणा, कुलदीप कौशल, पंडित मदन शर्मा, वेद वालिया ने भाग लिया। यह जानकारी शाखा संपर्क प्रमुख अशोक गौतम ने दी।

शहीद सिपाही शमशेर सिंह को दी श्रद्धांजलि

डाडासीबा। शहीद सिपाही शमशेर सिंह का जन्म 22 अप्रैल 1936 को नत्थू राम के घर हुआ था। गुजरात के रण ऑफ कच्छ में पाकिस्तानी सेना का मुकाबला करते समय उन्होंने वीरगति पाई थी। उस समय वह अविवाहित थे। सीआरपीएफ हर साल इस दिन को शौर्य दिवस के रूप में मनाता है। मंगलवार को भी सीआरपीएफ की तरफ से आए इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने उनके पैतृक गांव पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पंचायत प्रधान राधा देवी और शहीद के नजदीकी संबंधियों समेत कई गांव वाले मौजूद रहे। गांव वालों को शमशेर सिंह की शहादत पर गर्व है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उनका स्मारक बनाया जाए।

एसटी समुदाय की अनेदखी पड़ेगी भारी

धर्मशाला। धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग के होटल में गद्दी समुदाय की बैठक हुई। इस बैठक में गद्दी समुदाय के नेता कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण, भाजपा नेता एवं पूर्व महापौर ओंकार नैहरिया, पूर्व मंत्री, निर्वतमान सांसद एवं दिग्गज भाजपा नेता किशन कपूर के पुत्र शाश्वत कपूर, भाजपा नेत्री एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कमला पटियाल, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कपूर, सुभाष नैहरिया व रक्कड़ पंचायत प्रधान राजीव शर्मा मौजूद रहे। अनुसूचित जनजाति समुदाय अध्यक्ष कै. ईश्वर दास की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। कै. ईश्वर दास ने कहा कि भाजपा ने धर्मशाला से टिकट ऐसे व्यक्ति को दी है जिसकी बजह से गद्दी समुदाय पर लाठी चार्ज हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा टिकट आवंटन पर पुर्नविचार करे। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि कांग्रेस समुदाय के किसी व्यक्ति को टिकट देती है तो समुदाय उसका साथ देगा। बैठक में आगामी चुनावों को लेकर एसटी समुदाय को टिकट देने की मांग पर जोर दिया गया। भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने एक स्वर में कहा कि एसटी समुदाय की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मां के जयकारों से गूंजे कांगड़ा के मंदिर

बज्रेश्वरी मंदिर में उपायुक्त हेमराज बैरवा ने पूजा-अर्चना कर किया नवरात्र का शुभारंभ, शुभकामनाएं दीं

आशीष दमीर, कांगड़ा

बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में चैत्र नवरात्र का शुभारंभ हो गया। नवरात्र के सुअवसर पर उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा, एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल और मंदिर अधिकारी मोहित रतन ने सभी को नवरात्र की शुभकामनाएं दी। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने अपनी माता व परिवार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना में भाग लेकर नवरात्र का शुभारंभ किया।

मंदिर पुजारियों ने विधिवत रूप से मंत्र उच्चारण करते हुए पूजा-अर्चना को संपन्न किया। पूरा मंदिर परिसर फूलों और रोशनी से सजाया गया है। प्रथम नवरात्र पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिली। पहले नवरात्र पर लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं ने मां का आशीर्वाद लिया।

एसडीएम के निर्देशानुसार समस्त विभागों द्वारा अपने कार्यों को पूरा कर लिया गया है ताकि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रशासन की तरफ से किए गए प्रबंधों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उपायुक्त हेमराज बैरवा एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार मोहित रतन, जेई मंदिर विजय कुमार, मुख्य पुजारी उमेश शर्मा, ट्रस्ट सदस्य अशोक हिमाचली और उमाकांत आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन दर्शन के लिए कतारों में खड़े श्रद्धालु।

ज्वालामुखी में पूरी की झंडा चढ़ाने की रस्म

शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में मां के दर्शन करते भक्त।

पंकज सोनी, ज्वालामुखी

विश्व विख्यात शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में मंगलवार को पारंपरिक झंडा चढ़ाने की रस्म के साथ चैत्र माह के नवरात्र का आगाज हुआ। जिलाधीश कांगड़ा एवं आयुक्त मंदिर हेमराज बैरवा ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना और कन्या पूजन कर नवरात्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम ज्वालामुखी डॉक्टर संजीव शर्मा, मंदिर अधिकारी तहसीलदार मनोहर लाल शर्मा ,मंदिर न्यास ज्वालामुखी के उपाध्यक्ष दिव्यांशु भूषण, मंदिर के अधिकारी ,कर्मचारी,पुजारी, मंदिर न्यास सदस्य मौजूद थे। जिलाधीश ने बताया कि मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था और अन्य कई प्रकार की व्यवस्थाओं के लिए प्रबंध किए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए यहां हरसंभव प्रयास किए गए हैं ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। मंदिर के पुजारी अभिनेंद्र शर्मा ने बताया कि चैत्र माह के नवरात्र में दुर्गा पूजन का विशेष महत्व होता है। देश-विदेश से कई श्रद्धालु मां ज्वालामुखी के दरबार में दर्शन के लिए आते हैं। (अनंत ज्ञान)

चामुंडा मंदिर में आठ हजार भक्तों ने नवाया शीश

श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम में माथा टेकते श्रद्धालु।

बॉबी गोस्वामी, चामुंडा

श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम में चैत्र नवरात्र में मंगलवार को नवरात्र के प्रथम दिन गणेश व लक्ष्मी मूर्ति स्थापना व पूजा-अर्चना की गई। इसमें आचार्य बालकराम की अगुआई में 31 विद्वान पंडितों में 15 सहायक पदों द्वारा अतिरिक्त जिलाधीश सौरभ, मुख्य यजमान सुभाष व सहायक यजमान अविनाश ने पूजा-अर्चना की। प्रथम दिन लगभग आठ हजार श्रद्धालु मां चामुंडा के दरबार में नतमस्तक हुए। वहीं मंदिर अधिकारी गिरिराज ठाकुर ने बताया कि नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं को 15 फुट दूर से ही मां चामुंडा के दर्शन करने होंगे क्योंकि मंदिर में माता के गर्भ गृह का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। किसी अनहोनी घटना को लेकर यह फैसला लिया गया है। वही मंदिर में नारियल चढ़ाने व बाणगंगा में नहाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। मंगलवार सुबह की आरती के दौरान स्थानीय व बाहरी राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने अपने चैत्र नवरात्र की शुरुआत मां चामुंडा की आरती से की। (अनंत ज्ञान)

डीसी ने सुविधाओं का लिया जायजा

उपायुक्त ने मंगलवार को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बज्रेश्वरी मंदिर में देशभर से हजारों श्रद्धालु माथा टेकने आते हैं तथा श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो इसके लिए प्रशासन द्वारा सहायता कक्ष भी मंदिर में स्थापित किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई है। उन्होंने कहा कि मंदिर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए भी विशेष प्लान के तहत कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही कांगड़ा धाम में श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए भी उचित कदम उठाए जाएंगे।

बलूही लाहड़ू में 100 पेटी अवैध शराब की बरामद

राकेश डोगरा, डरोह

जिला में चुनावी बेला में अवैध शराब के मामलों में काफी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इसी कड़ी में जिला के पुलिस थाना भवारना के तहत करीब ढ़ाई लाख रुपए की अवैध शराब पकड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह बलूही लाहड़ू में जसवीर सिंह उर्फ जसू निवासी खैरा बोरखड के किराये के कमरे से 100 पेटी शराब बरामद की गई है। पकड़ी गई शराब में 70 पेटी ऊना नंबर वन की तथा 30 पेटी वीआरवी संतरा शामिल हैं। इस शराब की कीमत 2,40,000 रुपए आंकी गई है। पुलिस थाना भवारना के एसएचओ केहर सिंह की अगुआई में की गई इस कारवाई में आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस थाना भवारना में मामला दर्ज किया गया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कारवाई की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

रेट लिस्ट के साथ दर्शाना होगा कंट्रोल रूम नंबर

शराब के ठेकों पर रेट लिस्ट नहीं लगाई तो आबकारी विभाग करेगा कार्रवाई

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

प्रदेश सरकार की नई आबकारी नीति के बाद शराब के दामों में हुई वृद्धि से शराब के दीवानों में जहां नाराजगी है तो वहीं कई ठेकों में नियमों को धत्ता बताकर रेट लिस्ट ही नदारद है। ऐसे में अब ठेकेदारों के खुद अपना लाभांश तय करने के नियम के बाद पहले की रेट लिस्टों को हटा दिया गया है।

इसको लेकर आबकारी विभाग एक्शन की तैयारी में है ताकि शराब उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। इसको लेकर आबकारी विभाग अब जल्द ही ठेकों में रेट लिस्ट लगाए जाने की बात को पुख्ता करने के लिए ठेकों में जाकर निरीक्षण करेगा। बताते चलें कि कुछ साल पहले की तर्ज पर प्रदेश सरकार ने इस बार शराब बिक्री पर एमआरपी की जगह एमएसपी लगाई है। आबकारी विभाग की मानें तो अब शराब ठेकेदार खुद अपना लाभांश तय कर पाएंगे। इससे प्रतिस्पर्धा बढ़ने के कारण शराब के दामों में कमी होने की उम्मीद विभाग की ओर से जताई जा रही है।

नई आबकारी नीति के बाद बढ़ गए शराब के दाम

दूसरी तरफ शुरूआत में ही शराब के दामों में खासी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है तथा ठेकों में रेट लिस्ट भी नहीं लगाई जा रही है। ऐसे में अब आबकारी विभाग रेट लिस्ट न लगी होने की सूरत में शराब के ठेकेदारों पर कार्रवाई करने की योजना बना रहा है तथा इसके लिए बाकायदा निरीक्षण दस्ते बनाए जा रहे हैं। बताते चलें कि आबकारी विभाग की ओर से ठेकों में रेट लिस्ट लगाने के साथ उस पर आबकारी विभाग के कंट्रोल रूम का नंबर अंकित करने का प्रावधान रखा गया है। दूसरी तरफ शराब के ठेकों में रेट लिस्ट नदारद होने की बात सामने आने के बाद अब विभाग भी एक्शन के मूड़ में है। इस कार्रवाई से शराब के ठेकों में रेट लिस्ट लगाने के साथ आबकारी विभाग के कंट्रोल रूम का नंबर लगाए जाने को पुख्ता किया जाएगा। यहां बताते चलें कि कांगड़ा जिला के तहत राजस्व जिला कांगड़ा में 350 और नूरपुर में शराब के 109 के करीब ठेके हैं।

इस बारे में आबकारी विभाग के धर्मशाला स्थित उपायुक्त प्रदीप शर्मा ने बताया कि शराब के ठेकों में शराब की रेट लिस्ट के साथ आबकारी विभाग के कंट्रोल रूम का नंबर लिखे जाने की बात को पक्का करने के लिए विभाग की टीम ठेकों का निरीक्षण करेगी ताकि कानून की पालना को पुख्ता किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

चिट्टा सप्लायर दो दिन के रिमांड पर

गगल। गगल पुलिस ने सोमवार को गश्त के दौरान रच्छियालु कियोड़िया में एक राहगीर को 10.62 ग्राम चिट्टे सहित पकड़ा था। गगल पुलिस थाना प्रभारी नारायण सिंह ने बताया कि गुरदासपुर के रवि नामक सप्लायर को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया जहां उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। सप्लायर गुरदासपुर का रहने वाला है। था जिसके पास 10 पॉइंट 62 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था।

अल्ट्रासाउंड केंद्रों का तीन महीने में निरीक्षण

धर्मशाला। जिला एडवाइजरी कमेटी व जिला एप्रोप्रेयेट अथॉरिटी पीसीपीएनडीटी एक्ट की बैठक डॉ. राजेश गुलेरी मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह कमेटी जिला अप्रोप्रियेट अथॉरिटी को परामर्श व सलाह देती है ताकि भ्रूण हत्या रोकने के लिए सभी के योगदान से अभियान चलाया जा सके। कमेटी के परामर्श पर नए अल्ट्रासाउंड केंद्र खोलने या बंद करने के बारे में निर्णय किया जाता है। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के आवेदनों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जिला में सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों का तीन महीने में एक बार निरीक्षण किया जाता है।

फरसेटगंज में मतदाता जागरूकता रैली

धर्मशाला। विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव के तहत कम प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों में जाकर मतदान के लिए जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार भोट ने बताया कि मंगलवार को स्वीप टीम द्वारा बूथ 6 फरसेटगंज में वहां के मतदाताओं के साथ बैठक कर एवं स्थानीय स्कूल के छात्रों के सहयोग से मतदाता जागरूकता पर एक रैली निकाली गई। स्वीप टीम द्वारा फरसेटगंज के मतदाताओं से आगामी एक जून को निर्धारित लोकसभा चुनाव में तथा विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान में भाग लेने की अपील की गई। स्थानीय बीएलओ तथा अन्य लोगों से मिलकर स्वीप टीम में नोडल अधिकारी अमित कटोच, डॉक्टर जोगिंदर सिंह, मिथुन कुमार दत्ता, रेखा रावत तथा विलास हंस ने इस बार इस मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

झंडा रस्म के साथ दुर्गा भवानी मेला शुरू

अनंत ज्ञान, पंचरुखी

ब्लॉक पंचरुखी की मकोल पंचायत के भंबेड गांव मे झंडा रस्म के साथ दुर्गा भवानी मेला शुरू हो गया। बतौर मुख्यातिथि रणजीत शास्त्री ने मेले का शुभारंभ किया।

मुख्यातिथि ने दर्जनों लोगों के साथ मेला ग्राउंड से मां दुर्गा भवानी मंदिर तक जलेब निकाली व मंदिर में पूजा-अर्चना करने उपरांत टमक की थाप से मेले को शुरू किया। 12 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले में इस बार कबड्डी, वॉलीबाल व कुश्ती प्रतियोगिताओं के साथ महिलाओं के डांस मुकाबले भी करवाए जांएगे।

महिलाओं के लिए फन गेम्स रस्साकस्सी, म्यूजिकल चेयर व मटका फोड़ का आयोजन भी किया जाएगा। धार क्षेत्र की चार पंचायतों का ये मुख्य ग्रामीण मेला है इसलिए स्तानीय जनता इस मेले को लेकर काफी उत्साहित रहती है।

उन्होंने मेला कमेटी को 11000 की सहयोग राशि दी तथा मेला में बुलाने के लिए कमेटी का आभार जताया। इस मौके पर मुख्यातिथि के साथ रमेश भाऊ, जोगिंद्र राणा, कमेटी प्रधान कुलवंत डोगरा, उपप्रधान रजिंद्र कुमार, भुआणा पंचायत प्रधान कुलवंत कुमार, उपप्रधान प्रकाश चंद, कैप्टन ईश्वर दास, गोपाल, कुलदीप, चैन सिंह, रमेश राणा, प्रीतम मेहरा, समस्त कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

टमक की थाप से मेले का शुभारंभ करते मुख्यातिथि।

धर्मशाला ठगी मामले में मथुरा में हुई 40000 रुपए की निकासी

साइबर पुलिस ने तलब की डिटेल, मामले की जांच जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला के सिविल लाइंस स्थित ढाबे में खाने के ऑर्डर के नाम पर हजारों रुपए की चपत के मामले में साइबर पुलिस जांच में जुट गई है। आरंभिक जांच में पता चला है कि जिस बैंक खाते में ढाबा मालिक ने 20700 रुपए ट्रांसफर किए उससे सोमवार को ही 40000 रुपए की निकासी हुई है। यह खाता उत्तर प्रदेश के मथुरा स्थित कोटक महिंद्रा का पाया गया है। इसको लेकर आगामी जांच के लिए संबंधित बैंक से डिटेल तलब की गई है ताकि आरोपी ठगी गैंग तक पहुंचा जा सके। बताते चलें कि सोमवार को पीड़ित ढाबा मालिक को सुबह एक महिला का फोन आया तथा सैनिक रेस्ट हाऊस में एक कार्यक्रम के चलते 100 लोगों का खाने का ऑर्डर दिया गया।

इसके बाद उक्त महिला ने लगातार करीब चार बार फोन कर खाने में बनने वाली सामग्री की जानकारी ली। ढाबा मालिक के मोबाइल पर उसके खाते में 24400 रुपए भेजे जाने का एक फर्जी टेक्सट मैसेज भेजा गया। इसके बाद खुद को सेना का अधिकारी बताने वाले व्यक्ति ने फोन करके गलती से ढाबा मालिक के खाते में पैसे ट्रांसफर होने की बात कह अपनी नौकरी पर खतरा होने की बात कहते हुए 20700 रुपए वापस ट्रांसफर करने की बात कही। ढाबा मालिक के अनुसार उक्त व्यक्ति को उसने बताया कि अभी उसके खाते में पैसे नहीं आए हैं।

इस पर उक्त ठग का कहना था कि पैसे उसके सेना के ऑफिशियल खाते से ट्रांसफर हो चुके हैं तथा जल्द ही उसके खाते में आ जाएंगे। नौकरी पर खतरा होने की दलील को सच मानते हुए ढाबा मालिक ने चार बार में उसके खाते में 20700 रुपए भेज दिए। वहीं खाना तैयार होने के बाद जब ढाबा मालिक शहीद स्मारक के पास स्थित सैनिक विश्राम गृह पहुंचा तो उसे वहां बताया गया कि यहां कोई कार्यक्रम नहीं है तथा खाने का ऑर्डर नहीं दिया गया है। ठगी का एहसास होने के बाद ढाबा मालिक ने साइबर पुलिस थाना धर्मशाला में अपनी शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद जांच में सामने आया कि उक्त खाते से सोमवार को ही 40000 रुपए निकाले गए हैं। बहरहाल खाते के बारे में जानकारी पुलिस को मिल गई है तथा संबंधित बैंक से डिटेल मंगवाई है ताकि ठग गैंग तक पहुंचा जा सके। उधर मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी साइबर प्रवीण धीमान ने बताया कि साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बैंक से डिटेल तलब की गई है ताकि ठगों तक पहुंचा जा सके।

जागरूकता कांगड़ा में डीसी ने मतदाताओं को वोट करने की शपथ दिलाई

सेल्फी प्वॉइंट और हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने संयुक्त कार्यालय भवन कांगड़ा परिसर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सेल्फी प्वॉइंट और हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने मतदाताओं के लिए एक सेल्फी प्रतियोगिता भी आयोजित की। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि सभी चुनाव सेल्फी के माध्यम से अपनी सेल्फी लेकर उनके पेज पर इसे टैग करें। सबसे बेहतर पांच सेल्फी विजेता को उनके माध्यम से पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने मतदाताओं को स्वतंत्र चुनाव करने की शपथ भी दिलाई। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि चुनाव का पर्व, देश का गर्व है तथा प्रत्येक मतदाता को पहली जून 2024 को अपने घरों से निकलकर मताधिकार का उपयोग जरूर करना चाहिए।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आरंभ की हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी, एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने कांगड़ा 16 कांगड़ा निर्वाचन क्षेत्र में सेल्फी और रील प्रतियोगिता मतदाताओं के लिए आयोजित की है। उन्होंने युवाओं को रोमांचक सेल्फी और रील्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। सेल्फी प्रतियोगिता में मतदाता अपने नजदीकी सेल्फी प्वॉइंट पर जाकर और हमारे विशेष चुनाव सेल्फी स्टैंड के साथ सेल्फी लेकर इस आंदोलन में शामिल हों। अपनी पोस्ट में संबंधित संदेश के साथ मतदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साझा करें। रील्स प्रतियोगिता में मतदान और लोकतंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक लघु वीडियो रील 45 सेकंड तक बनाकर अपनी रचनात्मकता को उजागर करें। इन लघु वीडियो सेल्फी बनाने वाले चयनित कुछ मतदाताओं को विशेष मान्यता और प्रशंसा पत्र मिलेंगे।

सेल्फी प्वॉइंट और हस्ताक्षर अभियान के शुभारंभ पर लोगों को मतदान की शपथ दिलाते डीसी हेमराज बैरवा।

चुनावी टकी

पूर्व होने का गम

भूत और पूर्व होने का गम तो सताता ही है। प्रधानमंत्री हो या पंच सभी को पूर्व होने का गम उनसे पूछो। मुश्किल से बना था, लेकिन अब पूर्व हो चुका हूं। मुख पर नकली हंसी है, लेकिन दिल में गम भर चुका हूं। पूर्व होने का दुख नहीं, लेकिन पूर्व कराने वालों से जरूर दुखी हूं। हस्त रेखा भी दिखाई थी, मंदिर में पूजा भी कराई थी। राजयोग तो लंबा बताया था, दुर्घटना होगी यह नहीं जताया था। उपाय भी खूब कराया है, भाग्य तो बहुत उज्ज्वल बताया था। ऐसी एक अनहोनी हुई, शनि के साथ राहु मिल गया। ऐसी रचना रच डाली, वर्तमान से पूर्व पहचान कर डाली। पूर्व होने का गम तो है, लेकिन छिपा रहा हूं, निराशा के बीच आशा की दीपक जला रहा हूं, राहु और शनि से बचने की युक्ति बना रहा हूं। जन मानस में बचने की चाल चला रहा हूं, उल्टा तीर चलाकर सीधा निशाना बना रहा हूं। पूर्व होने का दुख तो भाखड़े वाले रौनकी ताऊ का देखो, पंच बनकर जो महफिल जमाते थे, अब पूर्व हैं महफिल वाले भी नहीं बुलाते। ताऊ जहां भी जाते हैं, पूर्व का गम पाते हैं। नेता जी भी दूसरी पंक्ति में बिठाते हैं, अब जिसकी बीच में ही फूट गई हो किस्मत, जनता को क्यों दोषी ठहराते हैं। नए साल में मंगल के साथ शनि का साम्राज्य है, अच्छे में नहीं बचे तो अब तो तय हो गया दुर्भाग्य है। **-राजेश शर्मा**

गहरे सदमे में नेता

हमीरपुर। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर प्रदेश की जनता द्वारा नकार दिए जाने के बाद गहरे सदमे में प्रतीत होते हैं, जिसके चलते लगातार प्रदेश सरकार एवं कांग्रेस पार्टी के प्रति आधारहीन बयानबाजी करते रहते हैं। कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि जयराम ठाकुर और जेपी नड्डा की जोड़ी ने हिमाचल सरकार को गिराने की नापाक कोशिश की, मगर सफल नहीं हुए और इस घटनाक्रम ने भाजपा नेतृत्व को प्रदेश की जनता की नजरों में पूर्ण रूप से बेनकाब कर दिया है, क्योंकि प्रदेश की जनता ने जयराम सरकार की जनविरोधी नीतियों से तंग आकर ही भाजपा को सत्ता से बाहर किया था। कौशल ने कहा कि सरकार गिराने का षड्यंत्र भाजपाई मंसूबों का क्लाइमैक्स था और अब बारी भाजपा के बिखरने की है, जिसकी नींव कांग्रेस विधायकों को बीजेपी टिकट देने से हो चुकी है। प्रदेश के अनेक कद्दावर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में जयराम ठाकुर तथा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति विद्रोह की ज्वाला भड़क उठी है, जो आने वाले समय में एक बड़े विस्फोट में प्रवर्तित होने वाली है।

हिमाचल विधानसभा चुनाव एक नजर

हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में विधायकों के चुनाव खर्च का सारांश

अधिकतम चुनाव खर्च वाले शीर्ष 3 विधायक

नाम	जिला	निर्वाचन क्षेत्र	दल	कुल खर्च
बलबीर सिंह वर्मा	शिमला	चौपाल	बीजेपी	36,92,821
विपिन सिंह परमार	कांगड़ा	सुलह	बीजेपी	36,36,912
जयराम ठाकुर	मंडी	सराज	बीजेपी	35,34,033

सबसे कम चुनाव खर्च वाले विधायक

नाम	जिला	निर्वाचन क्षेत्र	दल	कुल खर्च
सुखविंद्र सिंह सुक्खू	हमीरपुर	नादौन	कांग्रेस	11,25,554
नीरज नैयर	चंबा	चंबा	कांग्रेस	12,07,146
देवेंद्र कुमार	ऊना	कुटलैहड़	कांग्रेस	14,47,643

मंडी जिले के गोहर में धरवारथाच स्कूल के विद्यार्थियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान।

धूमल की अनदेखी पर सुक्खू को वोटरों से हमदर्दी की 'आस'

भाजपा-कांग्रेस में अंदरूनी और बाहरी लड़ाई, सुजानपुर में राकेश ठाकुर चाह रहे कांग्रेस का टिकट

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

विधानसभा उपचुनावों को लेकर हमीरपुर की राजनीति अब कई तरह की करवटें लेने लगी है। यहां अंदरूनी और बाहरी लड़ाई दोनों ही दलों में देखने को मिल रही है, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पूर्व जयराम सरकार में धूमल और उनके समर्थकों की अनदेखी को लेकर वोटरों के बीच में सहानुभूति का नया बीज बोने का दमखम दिखाने की जुगाड़ भिड़ा रहे हैं। उनका निशाना मुकम्मल तौर पर जयराम ठाकुर हैं। वे अब हर मामले में उन पर तीखा हमला कर रहे हैं।

दरअसल, भाजपा के भीतर भी खलबली तो अभी भी मची हुई है। सीधे तौर पर बाकी विधायकों की वजह से हो रहे उपचुनाव में ऊपरी तौर पर भाजपा का कुनबा चल तो साथ रहा है, लेकिन अंदर खाते असर रखने वाले नेता अपने-अपने ढंग से कुछ नया पकाने के चक्कर में भी हैं। मतलब सीधा है अभी चुनावी रणनीति को लेकर जो लोग कड़वे घूंट पी रहे हैं, वे आसानी से सामान्य होने की स्थिति में नहीं दिख रहे।

मंगलवार को पक्का भरो में सुजानपुर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष और जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भीअच्छी खासी राजनीतिक करवट ली है। वे अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के स्वागत में पहुंच गए। यह घटना कोई सामान्य नहीं है भाजपा के अंदर और बाहर जो कुछ पक रहा है, यह भी उसी का एक हिस्सा माना जा रहा है। हालांकि राकेश ठाकुर सुजानपुर से कांग्रेस का टिकट चाह रहे हैं और इसीलिए मंगलवार को उन्होंने अपने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

उन्होंने अपनी ताकत दिखाने का भी एहसास किया, ताकि मुख्यमंत्री की नजरों में टिकट आवंटन के ऐन मौके पर अपना आधारभूत ढांचा दिखाया जा सके। सुजानपुर में अभी टिकट फाइनल नहीं हुआ है। इसलिए टिकट के चाहबान अब अपने-अपने ढंग से माहौल बनाने में लगे हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर समर्थकों के साथ सीएम से मिलते हुए।

भाजपा में बने माहौल से कांग्रेसी खुश

सुजानपुर में पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की पार्टी प्रत्याशी रहे रंजीत ठाकुर भी भाजपा नेताओं की नहीं मान रहे हैं, वह चुनाव लड़ने पर अडिग हैं। भाजपा के इन नेताओं का इस तरह का माहौल भी यहां शायद कांग्रेसियों को उत्साहित कर रहा होगा, लेकिन भाजपा की भीतरी स्थिति किस करवट बैठेगी? इस माहौल का इंतजार अभी करना पड़ेगा।

कांग्रेस को जिताऊ उम्मीदवार की तलाश

देखना यही है कि कांग्रेस अपना प्रत्याशी इंपोर्ट करती है या फिर कार्ड से देती है। इसके लिए अभी कुछ और दिन इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि पार्टी के भीतर भी कई तरह की परिस्थितियां तैयार हो रही हैं। सीएम के समर्थक पार्टी काडर से ही प्रत्याशी को उतारने की चाहत रखे हुए हैं, मगर जिताऊ उम्मीदवार और परिस्थितियों को भांप कर जो फैसला होगा, उसका इंतजार शुरू हो गया है। कइयों की बेचैनी भी बड़ी हुई है।

कांग्रेस को खल रही सेकेंड लाइन नेताओं की कमी

हमीरपुर के माहौल का असर बड़सर, कुटलैहड़ और गगरेट में भी निश्चित रूप से पड़ेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह का हमीरपुर गृह जिला है, जबकि कुटलैहड़ और गगरेट ऊना जिले में पड़ते हैं। जहां उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के लिए भी इस बार अलग-अलग तरह की चुनौती है। दिलचस्प है कि कांग्रेस के भीतर सेकेंड लाइन नेताओं की कमी भी उपचुनाव में खूब खल रही है।

युवा मतदाता

मैं ऐसे उम्मीदवार को वोट करुंगी जो युवाओं के रोजगार को प्राथमिकता दे और साथ ही क्षेत्र और प्रदेश के विकास के बारे में सोचता हो। आज के समय में युवा नैकरी पाने के लिए सड़कों पर है। जो युवाओं के भविष्य के बारे में सोचता हो उसे वोट दूंगी। **आरुषि ठाकुर, सोलन।**

मंडी संसदीय क्षेत्र में बहुत सारी समस्याएं हैं। बेरोजगारी चर्म पर है। आज तक कोई ऐसा सांसद नहीं हुआ, जिसने यहां रोजगार के साधन पैदा करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए हों। चुनाव के दौरान सांसद बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। **मनीष शर्मा, सुंदरनगर, मंडी।**

देश के 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि देकर नरेंद्र मोदी ने किसानों को सशक्त करने के लिए बहुत बड़ा कदम उठाया है। आंतरिक और बाहरी देशविरोधी शक्तियों के खिलाफ देश की जनता अब मोदी के नेतृत्व में एकजुट हो रही है। **प्रज्जवल सौहट, शिमला।**

महिला मतदाता

चुनाव चाहे विधानसभा का हो या लोकसभा का हो उम्मीदवार बिलकुल साफ छवि वाला होना चाहिए। इसके साथ ही युवा और राजनीति में सुलझे उम्मीदवारों को अहमियत देनी चाहिए। युवा उम्मीदवार सबकी पसंद हैं। **कल्पना देवी, प्रधान ग्राम पंचायत कूंर।**

पुरुष मतदाता

मैं गद्दी समुदाय से संबंध रखता हूं और समुदाय के हक की ही बात करूंगा। भाजपा ने गद्दी समुदाय की अनदेखी की है, जिसका खामियाजा उन्हें आगामी लोकसभा एवं उपचुनावों में भुगतना पड़ेगा। **सुनील बरसैन, धर्मशाला**

नेता ऐसा होना चाहिए जो शहर और गांव का एक समान विकास करे और हर वर्ग के उत्थान के लिए तत्पर रहे। आज के दौर में युवाओं को रोजगार दिलाने और महंगाई को कम करने के कारगर कदम उठाने की जरूरत है। सोलन शहर को ऐसे नेता की जरूरत है जो यहां की पार्किंग समस्या को हल करे। पैदल रास्तों के निर्माण को भी तरजीह दी जानी चाहिए। **बचन सिंह, सोलन।**

लोकतंत्र का महत्व तभी है जब हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अन्यथा जनता की आवाज न सुनने वाले प्रत्याशी विजयी होंगे। ऐसे में विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज के दौर में पढ़े-लिखे युवाओं को राजनीति में आने की जरूरत है। युवा सोच ही देश को आगे लेकर जाएगी। सभी लोगों को मतदान करना चाहिए। **पवन कश्यप, सोलन**

चुनाव में सभी दलों को चाहिए कि युवा पढ़े-लिखे उम्मीदवारों को मौका दिया जाए। इसके साथ उम्मीदवार आम लोगों के दुख-सुख में भी शामिल होने वाला चाहिए, ताकि जीतने के बाद अपने वोटरों के बीच लगातार संपर्क बनाए रखें। **देवेंद्र कुमार उर्फ संजू पूर्व प्रधान औराफाटी, भरमौर।**

कांग्रेस के काफी घोटाले सामने आए हैं, लेकिन बीजेपी का अभी तक कोई ऐसा घोटाला सामने तो नहीं आया है। अगर बाद में आए तो उसका अभी कोई पता नहीं। अब लोगों के बीच मोदी लहर चल रही है। 10 साल में जो हुआ वह 70 साल में नहीं हो सका। लोग मोदी को वोट डालेंगे। **हरीष चौपड़ा, शिमला।**

पहले विदेश जाने वाले भारतीयों की इज्जत नहीं की जाती थी, लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद विदेशों में भारत का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने भारतीय सेना को भी मजबूत बना दिया है। सेना को परमिशन दे दी गई है कि ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाना चाहिए। **विकास बराक्टा, शिमला।**

लोगों को मोदी के लिए मतदान करना चाहिए। मोदी भारत के ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने विदेशों में भी देश का डंका बजाया है। मोदी ने ऐसे मुद्दे सुलझाए हैं, जो आज तक कोई नहीं कर पाया। देश में गरीबी हो या किसान की बात सभी लोगों का मोदी ने ध्यान रखा है। **राहुल राठौर, शिमला।**

कांग्रेस का भविष्य देख पार्टी छोड़ रहे कांग्रेसी : जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

कांग्रेस सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा लगाती है और गरीबों को भूल जाती है। यह बात नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का भविष्य देखकर ही कांग्रेस के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। जब से प्रधानमंत्री मोदी को सेवा का मौका मिला है, तब से उन्होंने देश की 25 करोड़ की आबादी को गरीबी से बाहर निकाला है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सिर्फ किसान सम्मान निधि की बात करें तो इस योजना के 12 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी परिवार हैं और इस योजना पर 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि किसानों को दी जा चुकी है। आयुष्मान योजना के द्वारा ही देश की 60 करोड़ से ज्यादा लोगों को कवरेज मिली है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत 1 करोड़ परिवारों को लाभ मिलने वाला है।

जयराम को सीएम रहते नहीं आई हमीरपुर की याद: सुक्खू

अब बिकाऊ विधायकों की हार टालने के लिए प्रेम कुमार धूमल के पास चक्कर काट रहे जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व सीएम जयराम ठाकुर पर निशाना साधा है। सीएम ने कहा कि जयराम ठाकुर को मुख्यमंत्री रहते 2017 से 2022 तक हमीरपुर जिले और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल की याद नहीं आई, जिस जिले ने दो बार धूमल को मुख्यमंत्री बनाया, जयराम ने अपनी सरकार में हमीरपुर से एक भी मंत्री नहीं बनाया।

उन्होंने कहा कि अब जयराम उपचुनाव में बिकाऊ विधायकों की हार टालने के लिए धूमल के द्वार चक्कर काट रहे हैं। अपनी सरकार के समय यदि जयराम हमीरपुर की सुध लेते और धूमल से मिलते, तो हमीरपुर का नया बस स्टैंड बन गया होता। मुख्यमंत्री बनने के बाद जयराम न तो धूमल से मिले और न कभी उनसे सलाह ली। हमीरपुर बस स्टैंड का जो नींव पत्थर वर्षों पहले रखा गया था, उसके लिए अब 28 करोड़ की पहली किश्त जारी की गई है। बस स्टैंड का काम अब तेजी से चल रहा है।

जयराम अब हमीरपुर आकर नौटंकी कर रहे हैं, ताकि लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में उनकी नाक बच सके। जयराम ने धन-बल से कांग्रेस के विधायक खरीदकर लोकतंत्र की हत्या की है। प्रदेश की जनता जागरूक है, वह खुद तय करेगी कि उन्हें बिकाऊ विधायक चाहिए या जनसेवक। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मजबूत है और लोकसभा चुनाव में अपने विधायकों को भी उतारने जा रही है।

हमीरपुर आते समय रास्ते में मुख्यमंत्री समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए।

सीएम के मित्रों ने करोड़ों की संपत्ति कहां से बना ली: राजेंद्र राणा

हमीरपुर। पूर्व विधायक और उपचुनाव में सुजानपुर से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि पावर डिपार्टमेंट में करोड़ों रुपए के लेनदेन के आरोपों से सरकार कटघरे में है और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को इस बारे स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। राजेंद्र राणा ने कहा कि पावर डिपार्टमेंट में जिस तरीके से अधिकारी आपस में आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं और एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, उससे साफ लगता है कि दाल में कुछ काला जरूर है। उन्होंने कहा कि जिस पत्र बम के जरिए पावर प्रोजेक्ट में जो करोड़ों के लेनदेन के आरोप लगे थे, उसमें मुख्यमंत्री कार्यालय पर भी सवाल उठाए गए थे, लेकिन मामला दबा दिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी सवाल किया कि उनके ऐसे कौन से मित्र हैं, जिनके पास पहले मारुति कार में पेट्रोल डलवाने तक के पैसे नहीं थे और अब उन्होंने 14 महीने में करोड़ों की संपत्ति खड़ी कर ली है।

झूठ पर टिकी मुख्यमंत्री की राजनीति: आशीष शर्मा

हमीरपुर। विधानसभा हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने मुख्यमंत्री के उस बयान, जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा है कि विधायकों के कहने पर सारे काम किए हैं, पर पलटवार करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री की अंतरात्मा जानती है कि क्या काम हमारे कहने पर किए हैं। मुख्यमंत्री की राजनीति ही झूठ पर टिकी है और वह इसी झूठ के सहारे लोगों को बरगलाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा है कि हो सकता है मुख्यमंत्री को मेरी बातें झूठी लगी हों, लेकिन क्या हमीरपुर के अन्य दो और प्रदेश के अन्य छह विधायक भी झूठे थे। मुख्यमंत्री ने मिलने तक से मना कर दिया, जो मेरा नहीं बल्कि जनता का तिरस्कार है। उन्होंने हमीरपुर की जनता की भावनाओं के साथ खेला है।

धर्मशाला में कांग्रेस टिकट को लेकर जारी है शीतयुद्ध

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

धर्मशाला विधानसभा के उपचुनाव को लेकर भाजपा तथा कांग्रेस में सियासी युद्ध जारी है। भाजपा ने यहां कांग्रेस के पूर्व मंत्री रहे सुधीर शर्मा को प्रत्याशी के रूप में पहले ही फाइनल कर दिया है, तो दूसरी ओर कांग्रेस में कई नेताओं की दावेदारियों के कारण पार्टी हाईकमान पसोपेश में नजर आ रहा है।

2019 के विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय और 2022 के आम चुनाव में भाजपा की टिकट पर लड़े राकेश चौधरी अब भाजपा से त्याग पत्र देकर कांग्रेस की टिकट झटकने के लिए जोर लगा रहे हैं, तो दूसरी ओर 2019 में कांग्रेस की टिकट पर उपचुनाव लड़ने वाले विजय इंद्र कर्ण ने भी गद्दी समुदाय के नेताओं के साथ बैठक की।

खास बात यह है कि इस बैठक में नगर निगम धर्मशाला के पूर्व महापौर ओंकार नैहरिया, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कमला पटियाल के अलावा भाजपा के पूर्व सांसद किशन कपूर के पुत्र शाश्वत कपूर भी मौजूद रहे। इनके अलावा टिकट के प्रबल दावेदारों में शामिल कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तथा धर्मशाला नगर निगम के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी पहले से ही बैठकें करने में जुटे हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

देश की पहचान बना कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार: बिंदल

शिमला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गया था। 2014 से पहले लाखों करोड़ रुपए के घोटाले होते थे। कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कहा था कि दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता है तो गरीब तक मात्र 15 पैसे ही पहुंचते हैं, इसलिए जनता को पहचानना होगा कि वह कौन सा पंजा है, जो बीच में पैसे का गबन कर लेता है। पीएम मोदी ने कांग्रेस की इस लूट की व्यवस्था पर ताला लगा दिया है। भाजपा सरकार ने दस वर्षों में 34 लाख करोड़ रुपए सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे हैं। पीएम मोदी की गारंटी है कि भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा।

सियासत राकेश चौधरी ने किया शक्ति प्रदर्शन, बोले- कांग्रेस ने टिकट दिया तो ठीक, नहीं तो निर्दलीय लड़ूंगा चुनाव

सुधीर शर्मा ने धर्मशाला में केवल मौज-मस्ती की: राकेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

मैं एक आम आदमी हूं, मेरा टिकट भी जनता और मेरा चुनाव चिन्ह भी जनता ही है। गत विधानसभा चुनावों में धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे राकेश चौधरी ने मंगलवार को चुनावी हुंकार भर दी है। टंग-नरवाणा में राकेश चौधरी ने एक विशाल जन सम्मेलन में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। करीब 1200 लोगों की जनसभा को संबोधित करते हुए राकेश चौधरी ने अब निर्दलीय अथवा किसी पार्टी टिकट पर चुनाव लड़ने की बात करते हुए अपना शक्ति प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी उन्हें टिकट देती है तो उन्हें स्वीकार है, लेकिन वह अपने समर्थकों से विचार-विमर्श कर के ही कोई फैसला लेंगे।

राकेश चौधरी ने सुधीर शर्मा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि धर्मशाला की जनता ने सुधीर शर्मा पर विश्वास जताते हुए उन्हें विधानसभा भेजा, लेकिन अपने 15 महीने के कार्यकाल में उन्होंने न तो लोगों के फोन उठाए और न ही अपने घर के कपाट लोगों के लिए खोले।

राकेश चौधरी ने नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि यह विधानसभा क्षेत्र आज पूरे प्रदेश में विकास की मिसाल है, जबकि धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र को केंद्रीय विश्वविद्यालय मिला और अब उस से भी धर्मशाला के नेताओं की नालायकी से हाथ धोना पड़ रहा है। गौरतलब है कि पूर्व विधायक सुधीर शर्मा की विधानसभा सदस्यता रद्द होने के बाद धर्मशाला में होने वाले उपचुनाव में राकेश चौधरी को भाजपा ने दरकिनार कर दिया और फिर राकेश चौधरी ने भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। अब राकेश चौधरी निर्दलीय चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। इससे पूर्व वह धर्मशाला उपचुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ चुके हैं और उन्होंने 18 हजार से अधिक वोट लेकर राजनीतिक विशेषज्ञों को चौंका दिया था। हालांकि वह करीब 2100 मतों के अंतर से हार गए थे। वर्ष 2022 में वह भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन एक बार फिर उन्हें करीब 3 हजार मतों से हार का सामना करना पड़ा था। इस सम्मेलन में झियोल, बरवाला, योल, जदरांगल व कनेड़ सहित विभिन्न पंचायतों से आए प्रतिनिधि एवं महिला मंडलों की सदस्य मौजूद रहीं।

मंच पर बैठे राकेश चौधरी एवं विभिन्न पंचायतों से जनप्रतिनिधि।

टंग-नरवाणा में आयोजित जन सम्मेलन में मौजूद लोग।

सरकार को गिराने का प्रयास करना चाणक्य नीति नहीं, गद्दार नीति

राकेश चौधरी ने सुधीर शर्मा पर तंज कसते हुए कहा कि वह अपने आप को विकास पुरुष, विजीनरी और राजनीतिक चाणक्य होने का दंभ भरते आए हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी की सरकार को गिराने का प्रयास करना चाणक्य नीति नहीं गद्दार नीति होती है। उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा ने धर्मशाला के विकास में सहयोग देना तो छोड़ो, यहां केवल मौज-मस्ती, भोग विलास और अय्याशी ही की है। चौधरी ने कहा कि नेताओं के लिए जनता केवल वोट मशीन बन कर ही रह गई है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए जब ग्रामीण महिलाएं 30 करोड़ जमा करवाने के लिए धरने पर बैठीं, तो सरकार के प्रतिनिधि सुधीर शर्मा महिलाओं से मिलने तक नहीं पहुंचे और अब वह कह रहे हैं कि केंद्रीय विश्वविद्यालय की लड़ाई लड़ रहे हैं।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
संपादकीय विभाग
प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।
डिजिटल मीडिया
डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।
मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें
बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

डीसी हेमराज बैरवा ने ज्वालामुखी पुराना बाजार में तंग रास्ते का किया निरीक्षण

डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा व अन्य रास्ते का निरीक्षण करते हुए।

अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी

ज्वालामुखी शहर के पुराना बाजार में डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने तंग रास्ते का औचक निरीक्षण किया। गत दिन पहले इस रास्ते पर एक ऑटो रिक्शा पलटने से बाल-बाल बच गया था। इस हादसे में ज्वालामुखी मां की पवित्र ज्योतियों के दर्शन करने आए पंजाब के एक श्रद्धालु को गंभीर चोटें आईं थी।

इस रास्ते को कुछ दिन पहले ही प्रशासन द्वारा ऑटो रिक्शा के लिए खोला गया था। स्थानीय लोगों की मानें तो उन्होंने इस कम चौड़ाई वाले रास्ते के बारे में स्थानीय प्रशासन व जिला प्रशासन को कई बार अवगत भी करवाया था। स्थानीय लोगों में विकास, विशाल, जोगिंद्र, मोनू, सोनू, अमन, पंकज आदि ने बताया की यह रास्ता कम चौड़ाई वाला है।

यहां ऑटो चलने के कारण पैदल चलना बहुत मुश्किल हो गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से तुरंत उचित कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम संजीव शर्मा ने बताया कि डीसी कांगड़ा ने ज्वालामुखी के पुराना बाजार के तंग रास्ते का निरीक्षण किया व सारी जानकारी से उन्हें अवगत करवा दिया गया है आगामी कार्रवाई डीसी कांगड़ा द्वारा अमल में लाई जाएगी।

वेही पठियार के लोग लोकसभा चुनावों का करेंगे बहिष्कार

पंचायत में पानी की समस्या का हल न होने पर ग्रामीणों ने दी चेतावनी

अनिल छांगू, जवाली

जवाली विधानसभा क्षेत्र के अधीन पंचायत वेही पठियार में गर्मियों की आहट होते ही पानी की व्यवस्था चरमरा गई है। गर्मियों के आते ही लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत वेही पठियार के नव शक्ति युवा क्लब की अध्यक्षता में मंगलवार को ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने जल शक्ति विभाग जवाली और एसडीएम जवाली विचित्र सिंह को पेयजल समस्या के बारे में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में गांव धार, वंरूद, सठीन, ठेहड़, घेर, वेही, कलाहड़, पठियार, ककड़ोह, लम्बो, लाहड़ी, मंडोल के दर्जनों लोग दिलबाग सिंह, संजीव कुमार, अंग्रेज सिंह, सतीश कुमार, सुरेश कुमार, महेंद्र सिंह, बिक्रमजीत सिंह, रीना देवी, पूजा देवी, बबली देवी, रेणु वाला, सुमन देवी, अरुणा देवी, प्रेमलता, कृष्णा देवी, भूपेंद्र सिंह, निर्मला देवी, लीला देवी, तृप्ता देवी, सुषमा देवी, करनैल सिंह, सतीश कुमार, अमन कुमार, अजय कुमार, विमला देवी, निशा देवी आदि शामिल रहे। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले काफी दिनों से पानी की किल्लत झेल रहे हैं।

पीने को पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्राकृतिक स्रोत भी सूख गए हैं। इस कारण यह समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। 15 दिन के बाद पानी की सप्लाई आती है तथा उसमें भी पानी का प्रेशर कम होने के कारण एक या दो बाल्टी ही भर पाते हैं। खाना बनाने, नहाने, कपड़े धोने व पशुओं को पिलाने के लिए पानी नहीं है। दूरदराज से सिर पर घड़े उठाकर पानी ला रहे हैं। गांववासियों ने कहा कि जल शक्ति विभाग कोटला के सहायक अभियंता को इस समस्या बारे कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन कोई हल नहीं हुआ है।

जल शक्ति विभाग जवाली और एसडीएम को ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीण।

शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं

ग्रामीणों ने कहा कि अगर लोकसभा चुनावों से पहले पीने के पानी की समस्या का हल नहीं हुआ तो इस बार लोकसभा चुनावों का भी वहिष्कार किया जाएगा। इस पंचायत में कोई किसी भी पार्टी का बूथ नहीं लगाने दिया जाएगा।

पानी की समस्या का हल न होने के कारण ग्रामीणों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में जल शक्ति विभाग के खिलाफ रोष व्याप्त है।

जल्द होगा समाधान

इस बारे में जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा ने कहा कि पानी की समस्या का मामला ध्यान में आया है। जल्द ही समस्या का हल कर दिया जाएगा।

वही इस संबंध में उपमंडलाधिकारी जवाली विचित्र सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत वेही पठियार के अधीन एक दर्जन गांवों के लोग पानी की समस्या को लेकर आए थे। शीघ्र ही समस्या का हल कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

टिपरी सहकारी सभा का चुनाव 13 मई को

डाडासीबा। डाडासीबा तहसील के अंतर्गत आने वाली अपर टिपरी कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रधान व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव 13 मई 2024 को होने सुनिश्चित हुए है। यह जानकारी सभा सचिव रंजना देवी ने दी। उन्होंने बताया कि नामांकन तीन अप्रैल से भरे जाएंगे। सभा सचिव रंजना देवी ने सभी सभा सदस्यों से निवेदन किया है कि वे चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें।

अजनाला के सोनू ने जीती बड़ी माली

विजेता पहलवानों को सम्मानित करते एसडीएम शाहपुर करतार चंद।

कांगड़ा। मेले हमारी सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक होते है। इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा व प्रेम की भावना बढ़ती है। यह बात एसडीएम शाहपुर करतार चंद ने रैत ब्लॉक के तहत पड़ने वाली पंचायत मुंदला-मंझग्रा के जब्बर छिंज मेले के समापन अवसर पर कही। मेले में कई पहलवानों ने कुश्ती में अपने जौहर दिखाए। फाइनल मुकाबला अजनाला के सोनू पहलवान व हाड़ा के लक्की के बीच हुआ जिसमें सोनू ने लक्की को धूल चटाई। छोटी माली मिंदा व बग्गा पहलवान के बीच हुई। इसमें मिंदा विजेता रहे। एसडीएम शाहपुर ने विजेता पहलवानों को सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीएम शाहपुर करतार चंद, मेला कमेटी अध्यक्ष कैप्टन अमर सिंह, मुंदला पंचायत प्रधान राकेश चौधरी, मंझग्रा पंचायत उपप्रधान योगराज चड्डा, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष देशराज बागी, अनमोल, किशोर लाल, रवि पंडित, प्रवीण, मोनू व अन्य लोग मौजूद रहे।

सलियार में अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम

गरली। सलियार गांव में हर वर्ष की भांति इस बार भी 14 अप्रैल 2024 को संविधान निर्माता भारत रतन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। यह जानकारी राज्य महासचिव सीता राम भाटिया ने दी। उन्होंने बताया कि सलियार में कार्यक्रम का आयोजन सुबह नौ बजे होगा क्योंकि अन्य दूसरी जगह भी भारत रतन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम रखे गए हैं। भाटिया ने कहा कि सभी निर्धारित समय पर पहुंचकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

गाहलिया मेले में लगाया एडमिशन स्टॉल

गाहलिया मेले में सेल्फी प्वॉइंट के साथ अध्यापक व अन्य।

कांगड़ा। सभी विद्यालयों में अप्रैल के महीने में एडमिशन का दौर चला होता है। इसी क्रम में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलिया के अध्यापकों द्वारा गाहलिया मेले में एडमिशन स्टॉल लगाया गया जो मेले में आकर्षण का केंद्र बना रहा। इसके साथ ही सेल्फी प्वॉइंट भी बनाया गया ताकि जो छात्र दाखिला ले वो सेल्फी भी ले सके। इस अवसर पर स्कूल की कार्यवाहक प्रधानाचार्य पूनम बनयाल, एसएमसी प्रधान प्रदीप कुमार, राजीव डोगरा, विकास चौधरी, पंकज कुमार, नवनीत वालिया, अश्वनी कुमार, विक्रम, भारती, नेहा, वीणा देवी, सोनू बाला, रजनी शाह, रंजना देवी, राजेश परिहार और मीनाक्षी पुरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर, चालक की मौत

जवाली। पुलिस थाना जवाली के अधीन हार में मोटरसाइकिल की ट्रैक्टर से टक्कर होने से मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान चेत राम 31 पुत्र ओंकार सिंह निवासी सुजानपुर पठानकोट के रूप में हुई है। युवक हार में सैलून चलाता था। जानकारी अनुसार हार-नाणा मार्ग पर एक ट्रैक्टर देहर खड्ड से अवैध खनन करके रेत-बजरी से भरी ट्राली हार से नाणा की तरफ ले जा रहा था। वहीं नाणा से हार की तरफ आ रहा एक युवक मोटरसाइकिल से नियंत्रण खो बैठा तथा ट्रैक्टर के साथ टकरा गया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को एंबुलेंस से सिविल अस्पताल जवाली पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने कहा कि पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

सकोह में बैसाखी छिंज मेला 15 अप्रैल से

धर्मशाला। बैसाखी पर्व के अवसर पर जयसिंहपुर के अंतर्गत सकोह में मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 15 अप्रैल से शुरू होगा यह जानकारी बैसाखी छिंज मेला कमेटी सकोह के प्रधान अजय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि काली माता की झांकी सुबह 11 बजे से निकाली जाएगी जो कि काली माता मंदिर सकोह से करौंठी, जिहण, टिक्कर, गंदड़, अनदाणा, लियुंडा से होकर काली माता मंदिर सकोह वापस पहुंचेगी। बैसाखी पर्व पर वॉलीबाल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आवेदन शुल्क 600 रुपए रखा गया है। बैसाखी छिंज मेले के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के तौर पर महेश चंद कटोच, निदेशक पारस पब्लिक स्कूल भवारना होंगे। समापन अवसर पर सरवन सिंह सेवानिवृत्त स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गंदड़ मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित होंगे। बड़ी माली के विजेता को 21 हजार रुपए और उपविजेता को 16 हजार रुपए के इनाम से नवाजा जाएगा।

नगरोटा में हिमाचली रिश्ता डॉट कॉम के नए ऑफिस का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

नगरोटा बगवां के विधायक एवं पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली ने मंगलवार को प्रदेश की सबसे बड़े ऑनलाइन, मेट्रीमोनियल सेवा हिमाचली रिश्ता डॉट कॉम के नए ऑफिस का नगरोटा बगवां में उद्घाटन किया। बाली ने कहा कि क्षेत्र में निजी क्षेत्र में खुल रहे ऐसे संस्थानों से बेरोजगारों को रोजगार के संसाधन प्राप्त होंगे। हिमाचली रिश्ता के सीईओ सतीश मलांच परिवार द्वारा शुरू किए गए संस्थान से नगरोटा बगवां के साथ प्रदेश एवं देश के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सतीश ने बताया कि हिमाचली रिश्ता डॉट कॉम पांच लाख से अधिक लोगों के रेजिस्ट्रेशन के साथ हिमाचल की सबसे बड़ी मेट्रीमोनियल सेवा है, जिसके माध्यम से अभी तक 25000 से अधिक सफल जोडियां बन चुकी हैं, इनके मुख्य कार्यालय में 20 से अधिक लोग काम करते है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह, प्रताप रियाड़, महासचिव अरुण कटोच,अशोक सरोतरी,आरके चड्डा, अशोक गौतम, प्यारे लाल,नीरज दुसेजा शहरी उपाध्यक्ष,विनय, अंजना देवी, सूबेदार मेजर कर्म सिंह, कैप्टन मदन लाल, सुमित खन्ना, अनुज कुमार, पार्षद गिरीश धवन, मुकेश मेहता आदि उपस्थित रहे।

लापरवाही से गाड़ी चलाने पर केस दर्ज

धर्मशाला। जिला के पुलिस थाना धर्मशाला के तहत रविवार देर रात मोहली में एक गाड़ी नंबर एचपी 01 डी-5621 के चालक निखिल कुमार निवासी रक्कड़ तहसील धर्मशाला जिला कांगड़ा ने उपरोक्त गाड़ी को तेज रफ्तारी व लापरवाही से चलाते हुए जागृत कुमार निवासी वार्ड न. 5 डाकघर रक्कड़ तहसील धर्मशाला की सड़क किनारे खड़ी गाड़ी न. एचपी 70 ई-0611 को टक्कर मार दी । इस दुर्घटना में गाड़ी न. एचपी 01डी-5621 सड़क पर पलट गई व गाड़ी में सवार चालक निखिल कुमार व इसके साथ गाड़ी में बैठे साहिल भारद्वाज व अनमोल कुमार घायल हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

धर्मशाला पुलिस ग्राउंड में भव्य महासत्संग 27 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो ,धर्मशाला

आर्ट ऑफ लिविंग के कैलाश आश्रम धर्मशाला में मंगलवार को प्रदेश कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि 27 अप्रैल को धर्मशाला पुलिस ग्राउंड में भव्य महासत्संग का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों को लेकर गहन मंथन किया गया। महासत्संग में हिमाचल प्रदेश तथा अन्य प्रदेशों से भारी तादात में श्रद्धालुओं के धर्मशाला पहुंचने को लेकर युद्ध स्तर पर कार्यों को अंजाम देने का संकल्प लिया गया। इस बार 13 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद रविशंकर जी धर्मशाला पुलिस ग्राउंड में आयोजित महासत्संग में आ रहे हैं। बैठक में आर्ट ऑफ लिविंग मेंबर, एसटीसी और सीनियर टीचर्स ने भाग लिया।

कैलाश आश्रम धर्मशाला में बैठक के दौरान मौजूद समिति के सदस्य।

एमबीए के पांच विद्यार्थियों को मिला नौकरी का ऑफर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल की ओर से मार्केटिंग, फाइनेंस और एचआर में विशेषज्ञता वाले एमबीए छात्रों के लिए हिमाचल प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल टीम के अभिजीत शशिधरन क्षेत्रीय एचआर-पीएचएचजेके एवं रमन गुलेरिया क्षेत्रीय प्रबंधक-बिक्री के नेतृत्व में आयोजित इस परिसर भर्ती प्रक्रिया में 15 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल- एक अग्रणी भारतीय

केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

जीवन बीमा कंपनी ने एमबीए के पांच छात्रों अवनी प्रिया, कुमार आयुष रंजन, मनीष कुमार, अंजलि और अंशुल को नौकरी की पेशकश की। विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल द्वारा समन्वित इस अभियान में छात्रों के सफल प्रदर्शन से संतुष्ट प्रो. डॉ. मोहिंदर सिंह प्लेसमेंट निदेशक, प्रो. डॉ. संजीव गुप्ता अधिष्ठाता, प्रो. डॉ. दीपांकर शर्मा विभागाध्यक्ष, प्रो. डॉ. जगदीप सिंगला, डॉ. रीता, और डॉ. रुचि शर्मा प्लेसमेंट समिति सदस्य ने चयनित उमीदवारों को बधाई दी।

धुम्मू शाह मेले की छोटी माली के शुभारंभ पर बोलीं पुलिस अधीक्षक अग्निहोत्री

नशे से दूरी के लिए खेलें जरूरी: शालिनी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धुम्मू शाह दाड़ी मेले में मंगलवार को छोटी माली का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने छोटी माली का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कुश्ती भारतवर्ष का प्राचीन खेल है तथा ऐसी पारंपरिक खेलों को मेले के माध्यम से आज भी संजोकर रखा है।

उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध संस्कृति के संवाहक हैं। मेलों के माध्यम से आपसी भाईचारे की भावना का निर्माण समाज में होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है ताकि युवा समाज निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका का निर्वहन कर सकें। पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री ने युवाओं से यातायात नियमों की भी अनुपालना सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सड़क हादसे भी एक गंभीर समस्या के रूप सामने आ रहे हैं। इन हादसों पर यातायात नियमों की अनुपालना से ही अंकुश लगाया जा सकता है।

टमक बजाकर छोटी माली का शुभारंभ करतीं एसपी शालिनी अग्निहोत्री।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने छोटी माली के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। इससे पहले मुख्यातिथि ने दाड़ी के भराड़ी माता मंदिर में पूजा-अर्चना व कन्या पूजन भी किया। इस अवसर पर मेला अधिकारी एवं एसडीएम संजीव भोट, संयुक्त आयुक्त नगर निगम सुरेंद्र कटोच सहित मेला कमेटी के सदस्य व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

प्रबंध राज्य स्तरीय बैसाखी मेले के लिए प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

कालेश्वर में ब्यास के किनारे तैनात रहेंगे गोताखोर

सालविया शर्मा, गरली

कालेश्वर महादेव में 12 से 14 अप्रैल तक चलने वाले राज्य स्तरीय बैसाखी मेले के दौरान ब्यास नदी के चयनित ब्लैक स्पॉट पर डूबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए मेला प्रशासन ने मंगलवार को कमेटी का गठन किया।

लिहाजा मेला कमेटी प्रभारी एवं तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा, एसएचओ रक्कड़ गुरदेव सिंह ने मंगलवार को अचानक मेला स्थल ब्यास नदी का निरीक्षण किया। इस दौरान जहां डूबकी लगाते वक्त किसी की भी जान जोखिम में न फंसे इसके लिए ब्लैक स्पॉट चयनित किए गए। मेला प्रभारी अनुजा शर्मा ने बताया कि यहां राज्य स्तरीय बैसाखी मेले के दौरान पवित्र स्नान सरोवर पंचतीर्थी व ब्यास नदी में नहाने का विशेष महत्व माना गया है। इस दौरान कई लोग नहाने के लिए ब्यास नदी की उस जगह पर कूद जाते है जहां वे अपनी जान जोखिम में डाल लेते हैं।

ब्यास नदी में नहाने वाले तमाम श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला कमेटी द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इन्होंने कहा कि ब्यास में डुबकी लगाते वक्त कोई अनहोनी न हो इसके लिए खासकर गोताखोर टीम बुलाई गई है जो दिन भर मेला स्थल ब्यास नदी के किनारे तैनात रहेगी। ब्यास नदी किनारे पुलिस टीम भी तैनात की जा रही है जिसमें कुछ पुलिस कर्मी सिविल वर्दी में भी होंगे जो ब्लैक स्पॉट पर डूबकी लगाने वालों पर पैनी नजर रखेंगे। (अनंत ज्ञान)

बैसाखी मेले की तैयारियों को लेकर ब्यास नदी का निरीक्षण करते अधिकारी।

12 को डीसी करेंगे मेले का उद्घाटन

मेला प्रभारी अनुजा शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय बैसाखी मेले का उद्घाटन समारोह 12 अप्रैल को होगा। इसमें चीफ गेस्ट जिलाधीश कागंड़ा हेमराज बैरवा होंगे जबकि बैसाखी मेले के दूसरे दिन 13 अप्रैल को एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। मेले का समापन 14 अप्रैल को होगा जिसमें एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा चीफ गेस्ट होंगी।

मतदान के लिए जागरूक किए लोग

इंदौरा। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता समूह द्वारा इंदौरा विधानसभा क्षेत्र की मलोट तथा सूरजपुर पंचायत में जाकर बूथ लेवल अधिकारियों के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। उपमंडल निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 18 प्लस मतदाताओं के साथ सभी पोलिंग बूथ पर मतदाता प्रतिशत को बढ़ाना है । यह अभियान जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा की देखरेख व चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों अनुसार में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए इलेक्शन कानूनगो रॉबिन धीमान, स्वीप प्रभारी प्रभारी राजा बीरबल, सोशल मीडिया प्रभारी नरेश जुटे हुए हैं।

पहले नवरात्र में संतोषी माता मंदिर में लगी भक्तों की भीड़, जयकारों से गूंजा भवन

अनंत ज्ञान, जाहू

हमीरपुर और बिलासपुर की सीमा पर स्थित संतोषी माता के मंदिर लदरौर में नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए लाइनों में लग गए। मंगलवार को संतोषी माता का मंदिर जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालओं का सुबह 4 बजे ही मंदिर में आना शुरू हो गया। मंदिर कमेटी के प्रधान नंद लाल रनौत ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो जगह-जगह कमेटी के सदस्य खड़े किए गए हैं। यातायात में कोई बाधा न हो इसके लिए पुलिस कर्मचारी अपनी ड्यूटी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्र के चलते प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होती है।

संतोषी माता मंदिर लदरौर में दर्शन करने के लिए लगी भक्तों की भीड़।

नवरात्रि के उपलक्ष्य पर बांटा हलवे का प्रसाद

हमीरपुर। मंगलवार से चैत्र पक्ष के नवरात्र शुरू हो गए हैं। नवरात्र के पर्व और संवत हिंदू नववर्ष के शुभारंभ पर सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर ने भोजनालय में अन्नपूर्णा माता का झंडा चढ़ाया, इसमें संस्था के सभी सदस्यों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम गीता प्रचार-प्रसार संस्थान के महासचिव शास्त्री भगवान दास ने मां अन्नपूर्णा का पूजन करवाया। संस्था के प्रधान विजय कुमार पुरी के साथ अन्य पदाधिकारियों ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की व झंडा रस्म निभाई।

इस अवसर पर मेडिकल कालेज में मरीजों के लिए सीनियर सिटीजन काउंसिल ने हलवे व चने का प्रसाद बांटा। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ उपप्रधान ओम प्रकाश शर्मा, उपप्रधान हेमराज शर्मा, महासचिव कुलदीप कमल, प्रेस सचिव हंस राज शास्त्री, ओम प्रकाश टेकड़ा, शंकर दास भारद्वाज, कै. रमेश चंद, दीप चंद शर्मा व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

पूर्व सीएम धूमल के जन्मदिन पर आज होंगे कार्यक्रम

हमीरपुर। जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि 10 अप्रैल को समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल का जन्मदिन भी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा केक काटकर व मिठाइयां बांटकर बधाई दी जाएगी। कार्यक्रम में विशेष रूप से 81 कन्याओं का पूजन होगा एवं धूमल का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

महिला ने 108 एंबुलेंस में बेटे को दिया जन्म

रंगस। जिला हमीरपुर के रंगस गांव की महिला के लिए 108 नंबर एंबुलेंस एक बार फिर वरदान साबित हुई है। समतौलिया देवी ने एंबुलेंस के भीतर ही स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। जानकारी मुताबिक रंगस गांव की महिला को देर रात प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों ने 108 एंबुलेंस को सूचित किया। उसमें ईएमटी पंकज कलसी और पायलट विशाल गौतम तैनात थे। पंकज ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में गर्भवती की प्रसव पीड़ा बढ़ गई। गर्भवती की स्थिति बिगड़ने लगी, तो विशेषज्ञों की मदद से एंबुलेंस में ही प्रसव करवाने का फैसला लिया गया और प्रसव करवाया। फिलहाल जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। महिला ने बेटे को जन्म दिया है। बाद में उन्हें मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में भर्ती करवाया गया है।

आईएचएम हमीरपुर का वार्षिक उत्सव आज

हमीरपुर। होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर का वार्षिक उत्सव 'उड़ान' बुधवार को सासन स्थित संस्थान के परिसर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें उपायुक्त अमरजीत सिंह मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। एडीसी एवं संस्थान के कार्यकारी प्रधानाचार्य मनेश यादव और अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। संस्थान के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने बताया कि बुधवार सुबह 11 बजे आरंभ होने वाले इस समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

हिंदू नववर्ष के उपलक्ष पर एबीवीपी ने बांटा हलवा

हमीरपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमीरपुर इकाई द्वारा हिंदू नववर्ष के उपलक्ष पर महाविद्यालय परिसर में हलवा के प्रसाद बांटा। अध्यक्ष आशुतोष ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश का ही नहीं विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है वह स्थापना काल से ही राष्ट्रीय हित के लिए कार्यरत है और राष्ट्रीय के पुनर्निर्माण की संकल्पना को लेकर अभाविप हिंदू नववर्ष का स्वागत करता है। सचिव पीयूष पटियाल ने कहा कि इस उपलक्ष पर परिसर में हलवा वितरण किया और आग्रह किया कि हमें अपना यह नववर्ष सभी भारतवासियों को धूमधाम से मनाना चाहिए।

रास्ते में गाड़ी खड़ी करने पर मामला दर्ज

नादौन। नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत वीना देवी पुत्री अमर सिंह गांव साई ने सुशील कुमार पुत्र ज्ञान चंद गांव पोखर ग्वाल पत्थर पर उनके घर के रास्ते में गाड़ी खड़ी करने का आरोप लगाया है, जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस थाना नादौन में की है। पुलिस को दी शिकायत में वीना ने कहा है कि रास्ते में गाड़ी पार्क होने की वजह से रास्ता अवरुद्ध हो जाता है। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

यादविंद्र गोमा ने पार्टी कार्यालय का किया शुभारंभ

सुजानपुर। सुजानपुर विधानसभा कांग्रेस पार्टी के कार्यालय का शुभारंभ प्रदेश सरकार में युवा खेल एवं आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने किया। उन्होंने कहा कि सुजानपुर में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से मजबूत है और जो पूर्व में घटना क्रम हुआ उसके कारण जो संगठन को क्षति हुई है उसे भी बहुत जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी गोमा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह एकजुट है तथा आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी सभी सीटें जीतेगी।

चौरी स्कूल की पायल जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित

टौणी देवी। राजकीय प्राथमिक पाठशाला चौरी की छात्रा पायल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में छठी कक्षा में हुआ है। इस छात्रा के जेएनवी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने से विद्यालय व गांव में खुशी का माहौल है। केंद्र मुख्य शिक्षक सुभाष डोगरा ने बताया कि इस पायल पुत्री मनोज कुमार गांव सपाहल ने प्रवेश परीक्षा पास करके अपने अध्यापक व अभिभावकों व पाठशाला का नाम रोशन किया है, वहीं पायल ने इसका श्रेय मुख्य शिक्षक सुभाष डोगरा, अध्यापक स्वरूप चंद व अपने माता-पिता को दिया।

व्यासां देवी को नाल्टी महिला मंडल देगा सहारा

गलोड़। ग्राम पंचायत नाल्टी के तहत आने वाला गांव दोहडवीं से मात्र 300 मीटर दूर मांडू निवासी असहाय व्यासां देवी (75) की देख-रेख का बीड़ा महिला मंडल नाल्टी ने उठाया है। ज्ञात रहे कि वृद्ध महिला की आंखों की रोशनी भी चली गई है। इस महिला के तीन बेटे थे जिनमें से एक की मृत्यु हो गई है। महिला के बेटे दिहाड़ी मजदूरी करते हैं और उसकी देख-रेख करने में असमर्थ हैं। घर में वृद्ध महिला की देख-रेख सही ढंग से नहीं हो पा रही थी जिसके चलते उपप्रधान सोनू व महिला मंडल की औरतें इसे महिला मंडल भवन नाल्टी ले आए। महिला मंडल विद्या देवी, लीला देवी आदि मिलकर पिछले छह महीने स वृद्ध महिला की सेवा में जुटी हुई हैं।

बिहारी लाल सोनल आईटीबीपी में बने इंस्पेक्टर

नादौन। जिला हमीरपुर के नादौन क्षेत्र के साथ लगते बलौणी गांव के बिहारी लाल सोनल आईटीबीपी में इस्पेक्टर (टेलीकॉम) बन गए हैं। जिससे परिजनों व दोस्तों में खुशी का महौल है। तामिलनाडू के मदुरै में आयोजित भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस के पिपिंग समारोह में बिहारी लाल के परिजनों ने वर्चुअल हिस्सा लिया। इस अवसर पर आईटीबीपी की 45वीं बटालियन के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी देते हुए उनके बड़े भाई बीसी सोनल जो नादौन में सीनियर पत्रकार हैं उन्होंने बताया कि आईटीबीपी के पिपिंग समारोह में आईटीबीपी के कमांडेंट लाल मोहम्मद व सहायक कमांडेंट राकेश सिंह भंडारी ने बिहारी लाल के कंधों पर स्टार लगाकर इंस्पेक्टर रैंक से नवाजा तथा शुभकामनाएं दीं।

तकनीकी विवि में 24 तक ऑनलाइन भरें परीक्षा फॉर्म

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने मई और जून माह में प्रस्तावित परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षा के नियमित समेस्टर और रि-अपीयर के विद्यार्थी 24 अप्रैल तक बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि मई और जून माह में प्रस्तावित परीक्षा की संभावित तिथियां भी घोषित कर दी है। उन्होंने कहा कि तकनीकी विश्वविद्यालय व संबंधित शिक्षण संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर विषयों की परीक्षाएं 13 मई से शुरू होंगी, जो जून माह तक चलेगी। फाइनल परीक्षा तिथियां 26 अप्रैल को जारी की जाएगी। परीक्षा फॉर्म और परीक्षा तिथि से संबंधित ब्यौरा वेबसाइट पर ब्यौरा देख सकते हैं।

मतदान के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

जाहू। भोरंज उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोरंज खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह ने की तथा भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान संजय स्वरूप ने पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों व महिला मंडलों को संबोधित करते हुए कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र लोकसभा चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान करवाने के लिए स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कम वोट डालने में भोरंज विधानसभा क्षेत्र का भी नाम दर्ज हुआ। ऐसे में दस बूथों पर वोट न डालने की उदसीनता भारतीय लोकतंत्र को कमजोर बनाती है। इसमें जाहू पंचायत का भी एक बूथ शामिल है।

अग्निशमन विभाग शिक्षण संस्थानों और लोगों को आग से बचाव के सिखा रहा तरीके

146 हाइड्रेंट बनाने की जल शक्ति विभाग को भेजी प्रपोजल

अनिल कुमार, हमीरपुर

बेशक अग्निशमन विभाग शिक्षण संस्थानों और लोगों को आग लगने पर बचाव के तरीके सिखा रहा है, लेकिन जब तक पुख्ता प्रबंध नहीं होंगे सारी की सारी तैयारी धरी की धरी रह जाती है। अभी तक जनवरी से लेकर आज दिन तक 21 संस्थानों में 2348 स्टूडेंट्स और लोगों को मॉकड्रिल में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वैसे तो जिला में आग की घटनाओं से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग साल भर अर्ल्ट मोड में रहता है, लेकिन गर्मियों में अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों का काम बढ़ जाता है। गर्मियों में आग की घटनाएं होना आम बात है, लेकिन उस पर काबू पाना कई बार इतना मुश्किल हो जाता है कि आग में सब कुछ तबाह हो जाता है।

बद्यत करें जिला के पांच विधानसभा क्षेत्रों की तो हमीरपुर, भोरंज, बिझड़ी और सुजानपुर में आग बुझाने के लिए अग्निशमन वाहन तैनात हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन में न तो आग बुझाने के लिए गाड़ी की व्यवस्था है और न ही हाइड्रेंट हैं। अभी हाल ही में झुग्गी-झोपड़ी में आग लगी थी, जिसमें मजदूरों का सब कुछ जलकर राख हो गया।

नादौन विधानसभा क्षेत्र में 11 हाइड्रेंट बनाए गए थे इनमें से वर्तमान में 3 ही हाइड्रेंट काम कर रहे हैं, बाकी के सड़क के नीचे दब गए हैं। हालांकि नादौन क्षेत्र के लोगों की सबसे बड़ी मांग रही है कि यहां पर अग्निशमन केंद्र स्थापित किया जाए और यहां पर गाड़ियों की व्यवस्था की जाए। जिला मुख्यालय में आग बुझाने के लिए तीन गाड़ियां हैं और एक मोटरसाइकिल भी है, वहीं सुजानपुर में एक वाटर टेंडर और एक क्यूआरबी, बिझड़ी में भी एक वाटर टेंडर और एक क्यूआरवी है, जबकि भोरंज में वाटर टेंडर है जो आग बुझाने के लिए लगाए गए हैं। अग्निशमन विभाग द्वारा जिले के अलग-अलग स्थानों पर हाइड्रेंट बनाने की प्रपोजल तैयार की गई जिसका एस्टीमेट जल शक्ति विभाग को दे दिया है। जिला में 146 स्थानों पर हाइड्रेंट बनाने की प्रपोजल है जिसका लाभ अग्निशमन विभाग को मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

अग्निशमन विभाग के कर्मचारी आग की घटना से निपटने के लिए अभ्यास करते हुए।

75 कर्मचारी हैं तैनात

जिला मुख्यालय में अग्निशमन विभाग में 31 कर्मचारी तैनात हैं वहीं सुजानपुर में 14, बिझड़ी में 14 और भोरंज में 16 कर्मचारी तैनात किए गए है, जबकि नादौन क्षेत्र में आग लगने पर हमीरपुर से ही स्टाफ जाता है और गाड़ी भी यहां से जाती है। इस बारे में अग्निशमन केंद्र के प्रभारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि हमीरपुर जिले में 146 स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां पर नए हाइड्रेंट बनाए जाने हैं। उन्होंने कहा कि नादौन क्षेत्र में 16 हाइड्रेंट बनाने की प्रपोजल है। उन्होंने कहा कि हाइड्रेंट बनने से आग बुझाने के लिए पानी की समस्या नहीं रहेगी।

कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेने हमीरपुर पहुंचे सीएम

डॉ. सुरेंद्र डोगरा के पक्ष में पंचायत प्रतिनिधियों और प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलते हुए।

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

विधानसभा उपचुनाव और लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं से रणनीति बनाने और फीडबैक लेने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज दिन भर सर्किट हाउस में ही रहे। वे कार्यकर्ताओं से भी मिले। उन्हें कुछ डेपुटेशन भी मिले, जो सुजानपुर से टिकट की चाहत वाले हुए थे।

उपचुनाव के लिए सुजानपुर से डॉक्टर सुरेंद्र डोगरा को उतारने के लिए पंचायत प्रधानों और पदाधिकारी का एक प्रतिनिधिमंडल भी सुक्खू से मिला। बुधवार को तरोपका में ब्लॉक कांग्रेस की एक बैठक भी हो रही है, मुख्यमंत्री उसमें शिरकत करेंगे या नहीं? इसका पता तो सुबह ही चल पाएगा, लेकिन वह पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी से देर शाम तक मिलते रहे। सूत्रों के मुताबिक रात के समय भी वह कहीं और लोगों से मिलेंगे जितना भी रणनीति में माहिर हैं।

अभी क्योंकि सुजानपुर और बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रत्याशियों का चयन करना कांग्रेस के लिए चुनौती बना हुआ है। देखना यही है कि यहां पर अब प्रत्याशी चयन को लेकर देरी होती है या फिर एक-दो दिनों में प्रत्याशियों का चयन करके उनके नाम घोषित हो जाएंगे। पार्टी नेतृत्व इन दोनों के क्षेत्र के लिए अच्छी खासी दुविधा में नजर आ रहा है।

मुख्यमंत्री बुधवार को भी हमीरपुर में ही रहेंगे। वह यहीं से प्रदेश की मौजूदा राजनीति पर नजर रखे हुए हैं। हमीरपुर क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल का गृह जिला है। इसलिए भी राजनीति की समझ रखने वाले लोग कई तरह के कयास लगा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

बड़सर विधानसभा भी जतेंगे और लोकसभा भी : धर्माणी

एसके ठाकुर, बिझड़ी

बड़सर विधानसभा भी जीतेंगे और लोकसभा में भी, अनुराग को देंगे पटखनी कांग्रेस पार्टी के पक्ष में एक-एक वोट मुख्यमंत्री के नाम पर डालने की अपील करते हुए धर्माणी ने कहा कि जिन लोगों ने पार्टी के साथ गरधारी की है उन्हें सब सिखाते हुए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट डालकर उन्हें यहां से भागना है। हमीरपुर लोकसभा सीट पर भी इस बार कांग्रेस के पक्ष में हवा है।

उन्होंने कहा कि सांसद महोदय से पूछिए कि हमीरपुर में रेल कब आएगी, आप केंद्र सरकार में दसवें नंबर के कैबिनेट मंत्री हैं, जनता अब आपके झांसे में नहीं आने वाली है। धर्माणी ने बागियों पर हमला बोलते हुए कहा आप सरकार को धोखा दे सकते हैं परंतु जनता को धोखा नहीं दे सकते। जब मैं दूसरी बार विधायक बना था हमारे लोग भी चाहते थे हम मंत्री बने परंतु हमने पार्टी को धोखा नहीं दिया। धर्माणी ने कहा की मेरे साथ आज कोई सुरक्षा कर्मी नहीं है, लेकिन बागी विधायकों के साथ सीआरपीएफ के कर्मचारी पहरा दे रहे हैं। यह लड़ाई सुक्खू व जयराम ठाकुर के बीच की है। धर्माणी ने आपदा पर भी केंद्र सरकार को घेरा। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी सतपाल रायजादा, सुमित भारती, मनजीत सिंह डोगरा, राजेश बन्याल आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

वार्षिक परीक्षा परिणाम में बेटियां अव्वल : भाटिया

जाहू। मुख्यमंत्री आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. ओंकार सिंह भाटिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन सीखने का जीवन होता है। उन्होंने कहा कि स्कूल के लिए हर्ष का विषय है कि शिक्षा सत्र 2023-24 के वार्षिक परीक्षा परिणाम में पहला व दूसरा स्थान बेटियों ने पाया है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि पढ़ाई के साथ-साथ अन्य शिक्षाप्रद गतिविधियों में भी भाग लें। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर रंगोली प्रतियोगिता में भोरंज स्कूल की दो छात्राओं में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। चालू शिक्षा सत्र में भी स्कूल में अनेक गतिविधियों का आयोजन करके बच्चों को आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि संस्कारवान बनने के लिए अध्यापकों के साथ अभिभावकों का भी सम्मान करें तथा नौतिक मूल्यों का हमेशा पालन करें। इस दौरान मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

डीएवी भड़ोली में नवरात्रि के उपलक्ष्य पर करवाया हवन-यज्ञ

नादौन। डीएवी भड़ोली में नवरात्रि के उपलक्ष्य पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। इस हवन-यज्ञ में प्रिंसिपल सहित 12वीं के स्टूडेंट्स ने अध्यापकों संग यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली। प्रिंसिपल ने सभी को चैत्र नवरात्रों और नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्टूडेंट्स से आह्वान किया कि प्रथम दिन से अपने लक्ष्य को निर्धारित करें।

प्लेसमेंट ड्राइव में करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के 4 छात्र चयनित

हमीरपुर। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट विभाग के प्लेसमेंट को-ऑर्डिनेटर डॉ. रजत शर्मा ने बताया कि विभाग के चार स्टूडेंट्स हितेश शर्मा, हर्श, निखिल व लक्ष्मी का केवी ग्रुप कंपनी में प्लेसमेंट हुआ है। इस ड्राइव में कुल 21 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। जिसमें 4 स्टूडेंट्स का चयन हुआ है। जिन्हें 3 लाख सालाना पैकेज दिया जाएगा।

डाइट के 44 प्रशिक्षुओं को दिए फर्स्ट एड के टिप्स

नादौन। नादौन उपमंडल के गौना करौर में स्थित डाइट में दो दिवसीय फर्स्ट एड कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला डाइट के 44 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षुओं को खरोंच, मोच आना, बुखार आदि विषयों पर विस्तार से बताया व समझाया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर वे फर्स्ट एड दे सकें। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुनील चौधरी, भवानी सिंह, पूनम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पुलिस ने तरेटी में पकड़ी 8 पेटी शराब पकड़ी, मामला दर्ज

नादौन। पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत गांव तरेटी फतेहपुर गांव के पास छापा मारकर पुलिस ने 8 पेटी ऊना नंबर वन शराब पकड़ी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तरेटी फतेहपुर में शराब की खेप मिट्टी में दबाकर रखी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब की 8 पेटियां बरामद कीं। एएसपी हमीरपुर राजेश शर्मा ने बताया कि पुलिस ने राकेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

बारीं विकास कार्यों के लिए 9.75 लाख रुपए स्वीकृत

टौणी देवी। ग्राम पंचायत बारीं में विकास कार्य को गति प्रदान करने के लिए 9.75 लाख रुपए स्वीकृत करवाए गए हैं, जिससे आगामी दिनों में विकास कार्यों में गति प्रदान की जाएगी। पंचायत के विकास कार्य के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और इसी कड़ी में पंचायत प्रधान रविंद्र ठाकुर ने यह राशि विभिन्न कार्यों के लिए मंजूर करवाई है। उन्होंने बताया कि चुनाव खत्म होते ही कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। इन कार्यों में तीन लाख रुपए चाहड़ में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय भवन के लिए टौणी देवी व छत्रैल वार्ड 5 श्मशानघाट के पास सुरक्षा दीवार लगाने को 3 लाख रुपए चाहड़ गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के पास डंगा लगाने के लिए 75000 रूपए, करतार चंद के घर के पास डंगे के लिए 75000 रुपए, माहड़े में डंगे के लिए 75000 रुपए, इसके साथ ही छत्रैल में सनी कुमार के घर के पास डंगे के लिए 75000 रुपए, तथा श्मशानघाट छत्रैल के पास मनीष कुमार के खेत के पास डंगे के लिए 75000 रुपए, स्वीकृत करवाए गए हैं।

बिजली बोर्ड पेंशनरों को कब मिलेगा वेतनमान का बकाया

अनंत ज्ञान, नादौन

हिमाचल बिजली बोर्ड पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री सुक्खू व उनके मंत्रियों तथा विधायकों से आगामी चुनावों में वोट मांगने से पहले पेंशनरों को एक जनवरी 2016 से देय संशोधित वेतनमान का एरियर, पेंशन का एरियर, लीव इनकैशमेंट, पेंशन कम्युटेशन तथा ग्रेच्युटी का भुगतान करने बारे अपनी नीति तथा नीयत स्पष्ट करने का आग्रह किया है। एसोसिएशन की जिला हमीरपुर इकाई के जिला प्रधान केके कपिल की अध्यक्षता में नादौन में संपन्न द्विमासिक मीटिंग में पेंशनरों द्वारा रोष एवं आक्रोश जताया कि प्रदेश सरकार तथा बिजली बोर्ड प्रबंधक गूंगे-बहरे बने हुए हैं, जो संशोधित वेतनमान उन्हें का भुगतान 8 वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं किया जा रहा है। प्रदेश सरकार तथा बिजली बोर्ड के कुप्रबंधन के कारण इतिहास में पहली बार हो रहा है कि कर्मचारियों तथा पेंशनरों को अपनी जायज बकाया राशि को पाने हेतु हाईकोर्ट में दस्तक देनी पड़ रही है और हाईकोर्ट द्वारा उपरोक्त बकाया राशि को ब्याज सहित अदा करने के स्पष्ट आदेशों को भी दरकिनार किया जा रहा है जो कि माननीय उच्च-न्यायालय की भी अवमानना है। प्रदेश उपाध्यक्ष दलीप सिंह ढटवालिया व अन्य ने कहा कि कर्मचारी व पेंशनर कोई खैरात नहीं मांग रहे बल्कि बुढ़ापे में मिलने वाले जायज हकों की मांग कर रहे हैं जिसे पूरा करना सरकार की पूरी जिम्मेदारी है अन्यथा इसका गंभीर परिणाम होगा।

बैठक में उपस्थित बिजली बोर्ड पेंशनर्स एसो. के सदस्य।

गरीब असहाय संस्था ने दो परिवारों को दी आर्थिक सहायता

भरेड़ी। उपमंडल भोरंज के तहत गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी की इस महीने की मासिक बैठक संस्था के प्रधान अरुण कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में भरेड़ी में संपन्न हुई। संस्था ने इस महीने परिवारों को आर्थिक सहायता दी, जिनमें चंद्रेश कुमारी पत्नी जय किशन गांव कंगरी व जिला हमीरपुर को बोन कैंसर हो जाने पर इलाज के लिए 15,000 रुपए, विमला देवी पत्नी लेख राज गांव लाझयानी को घर की मरम्मत के लिए 10,000 रुपए दिए गए।

संस्था के संस्थापक डॉ. पीसी सैणी ने बताया कि दोनों ही परिवार अति दयनीय स्थिति से गुजर से हैं और अपनी सहायता करने में असमर्थ हैं अत: संस्था इनकी सहायता के लिए आगे आई है।

बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी ने पांचों विधानसभा क्षेत्रों के मास्टर ट्रेनर्स को दिए निर्देश

पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षित करें मास्टर ट्रेनस : अमरजीत सिंह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया एवं इससे संबंधित सभी आवश्यक प्रबंधों की पूरी जानकारी होनी चाहिए, ताकि मतदान के दिन किसी भी तरह की समस्या न हो। इसके लिए सभी पोलिंग पार्टियों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

मंगलवार को हमीर भवन में जिला हमीरपुर के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के मास्टर ट्रेनर्स अधिकारियों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यशाला के बाद सभी मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने क्षेत्रों के मतदान दलों को पूर्ण रूप से प्रशिक्षित करें और उनकी हर शंका का निवारण करें। उन्होंने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स मतदान प्रक्रिया, ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली, मतदान केंद्रों पर आवश्यक प्रबंधों, अन्य प्रक्रियाओं और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बारे में गहन जानकारी रखते हैं। यह जानकारी हर मतदान दल तक पहुंचनी चाहिए।

इस अवसर पर निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्र नाथ शुक्ला ने मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली, डाक मतपत्रों और मतदान केंद्रों पर आवश्यक प्रबंधों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। नायब तहसीलदार दीपक महाजन और राजेश कौंडल, जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रोग्रामर निखिल भारद्वाज ने भी विभिन्न नियमों से अवगत करवाया। कार्यशाला में जिले भर के तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों और अन्य मास्टर ट्रेनर्स अधिकारियों ने भाग लिया।

मास्टर ट्रेनर्स की कार्यशाला को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह।

नया आइडिया है तो अवश्य करें साझा

अमरजीत सिंह ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के बारे में अधिकारियों-कर्मचारियों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित करने के लिए मास्टर ट्रेनर के पास अपने अनुभव के आधार पर कोई नया आइडिया है तो वह उसे अवश्य साझा करे, ताकि उसे क्रियान्वित किया जा सके। यह आइडिया अन्य जिलों या राष्ट्रीय स्तर पर भी एक उदाहरण बन सकता है।

देव महासु बखरास सुकेत मेला के लिए रवाना

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

पांच दिवसीय राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला के लिए जहां मूल माहूंनाग मंगलवार को निहरी पहुंच चुके हैं, वहीं रुद्र रूप महादेव महासू बखरास ने लश्कर के साथ अपनी कोठी से राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला के लिए प्रस्थान किया।

बता दें कि 13 से 17 अप्रैल तक राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला का आयोजित होने जा रहा है। महासु देवता राजाओं के समय से सुकेत देवता मेला में शामिल होते आ रहे हैं। देव महासु को बारिश के देवता के रूप में क्षेत्र में जाना जाता है। देवता के हार क्षेत्र की अनूठी बात है कि क्षेत्र में मुर्गा और भैंस पालन पर देव आज्ञा अनुसार प्रतिबंध है। देवता 12 अप्रैल को सुंदरनगर शहर की सीमा चांबी पहुंचेंगे जहां उनका स्वागत किया जाएगा।

पधर मेले की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए दिए ऑडिशन

अनंत ज्ञान, पधर

15 से 19 अप्रैल तक मनाए जाने वाले जिला स्तरीय किसान मेला पधर की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए 34 कलाकारों ने ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लिया। ऑडिशन को लेकर कलाकारों में काफी उत्साह देखा गया। इस ऑडिशन प्रक्रिया के माध्यम से कलाकारों के प्रदर्शन के आधार पर सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए चयन किया जाएगा। जिला स्तरीय किसान मेले में कुल 3 सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाता है।

कलाकारों के ऑडिशन लेने के लिए मेला समिति ने एक कमेटी गठित की है।इस बात की पुष्टि करते हुए मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों को ऑडिशन के माध्यम से चयन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑडिशन के लिए दो दिन निर्धारित किये गए थे। पहले दिन उपमंडल पधर और जोगिंद्रनगर के स्थानीय कलाकारों तथा दूसरे दिन मंडी सहित प्रदेश के अन्य जिलों के कलाकारों के लिए ऑडिशन निर्धारित किया गया था।

पहली बार मंडी में बड़े स्तर पर मनाया हिंदू नववर्ष

अनंत ज्ञान, ब्यूरो

हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 9 अप्रैल 2024 आज से विक्रमी संवत 2081 यानी हिंदू नववर्ष का आगाज हो गया है। हिन्दू नववर्ष के आगमन पर छोटी काशी मंडी में धर्म संघ श्री भूतनाथ मंदिर के द्वारा ऐतिहासिक सेरी मंच पर बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया।

कार्यक्रम में 22 धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ किया गया, इसके बाद हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया है। इस मौके पर सैंकड़ों लोगों ने अपनी प्रस्तुती दर्ज करवाई व हवन

कार्यक्रम समाप्ति के दौरान धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी के सदस्य समूहिक चित्र में।

-यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली। इस अवसर पर धर्म संघ श्री भूतनाथ मंदिर भीम चंद सरोच ने बताया कि सनातन धर्म में सभी धार्मिक कार्यक्रम हिंदू नववर्ष से ही शुरू होते हैं।

आज की युवा पीढ़ी अपने धर्म को भूलती जा रही है, इसलिए धर्म संघ के द्वारा पिछले वर्ष ही हिंदू नववर्ष को मनाने शुरूआत की गई है। धर्म संघ मुख्य सलाहकार ओमराज शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से धर्म संघ ने युवा पीढ़ी को सनातन के साथ जोड़ने की कोशिश की है, ताकि युवा अपनी संस्कृति के साथ जुड़ा रहे। चेयरमैन समंवयक कमेटी नीरज हांडा ने बताया कि धर्म संध श्री भूतनाथ मंदिर के द्वारा पिछले एक महीने से इस कार्यक्रम की तैयारी जारी थी। इस मौके पर नगर निगम मेयर वीरेंद्र भट्ट व राजपूत सभा मंडी इकाई प्रधान शमशेर सिंह मिन्हास ने धर्म संघ के इस प्रयास की सराहना की।

न्यूज ब्रीफ

'वोट पाणा जरूर' गाना हुआ लॉन्च

गोहर । नाचन विधानसभा के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान' मा भी पाणा वोट' के अंतर्गत सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट के द्वारा नोडल ऑफिसर पवनजीत कश्यप के द्वारा लिखित व गाए गए गाने' जो ठारा रे होई गई रे ता वोट पाणा जरूर' गाने को लॉन्च किया गया। एसडीएम गोहर ने कहा कि नाचन विधानसभा क्षेत्र में स्वीप के माध्यम से चलाए जा रहे 'मा भी पाणा वोट' मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत यह गाना लॉन्च किया गया इस गाने के माध्यम से युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना है।

एक दिवसीय योग कार्यशाला का किया आयोजन

मंडी । राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी में एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिला आयुर्वेदिक अस्पताल के सीएपीओ अशोक कुमार ठाकुर तथा अधीक्षक पंकज ठाकुर योग क्रियाएं करवाई। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर ने आईटीआई के छात्र छात्राओं के साथ योग किया। इस अवसर पर नोडल ऑफिसर स्वीप 33 विधानसभा क्षेत्र मंडी सुभाष चंद ने मतदान के लिए प्रेरित किया।

बालीचौकी पाठशाला में लोकतंत्र कक्ष की स्थापना

बालीचौकी । राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालीचौकी में को लोकतंत्र कक्ष की स्थापना की गई। इस कक्ष में छात्र व छात्राओं को लोकतंत्र में उनके मतदान के महत्व व मताधिकार प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी व प्रवक्ता राजनीति शास्त्र गोपाल चंद ने छात्रों को मतदान के कानूनी प्रावधानों के साथ साथ तकनीक की जानकारी दी। पाठशाला प्रधानाचार्य युद्धवीर सिंह ठाकुर की निगरानी में छात्र-छात्राओं ने मॉक पोल का भी आयोजन किया।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर करवाया जागरूकता कार्यक्रम

मंडी । विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन जिला मंडी की ग्राम पंचायत टांडू में स्वयंसेवी संस्था ममता फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता चिकित्सा अधिकारी रजनीश द्वारा की गई व इसका संचालन रोहित शर्मा कोआर्डिनेटर, ममता फाऊंडेशन ने किया। गोपाल कौशल स्वास्थ्य शिक्षक जोनल अस्पताल मंडी ने यह दिवस' मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' थीम के अनुसार मनाया जा रहा है।

फतेहपुर के मतदाता किए जागरूक

सरकाघाट। फतेहपुर पंचायत के बूथ नम्बर -43 और माता नबाही देवी मंदिर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। नोडल अधिकारी स्वीप कर्म सिंह पराशर की अगुवाई में स्वीप टीम ने लोगों को एक-एक वोट के महत्व समझाते हुए जागरूक किया। इस दौरान मतदान जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान व मतदाता जागरूकता शपथ का आयोजन किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि स्वीप टीम द्वारा जागरूकता अभियान दौरान लोगों को जागरूक किया।

मतदाता जागरूकता फैलाने का उठाया बीड़ा

गोहर । सराज विधानसभा स्वीप के नोडल आफिसर ओंकार सिंह ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धरवारथाच द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित किए गए एक विद्यार्थी-एक वोट अभियान के कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों, रिश्तेदारों तथा गांव के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। ओंकार सिंह ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र का महत्व समझाया।

विद्यार्थियों को समझाया मतदान का महत्व

सुंदरनगर । राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सुंदरनगर में युवा मतदाताओं को वोट का महत्व समझाया। इस अवसर पर स्वीप टीम के सदस्य देवेंद्र कुमार, रजनीश गौतम, आकाश बौद्ध, प्रवीण शर्मा, दिनेश शर्मा, नैना व भीमा उपस्थित रहे।

युवक से 1.06 ग्राम चिट्टा बरामद

करसोग । करसोग के बाइपास सड़क के समीप करसोग पुलिस टीम ने एक युवक से चिट्टा पकड़ा है। आरोपी जगौती क्षेत्र का रहने वाला है। इसके कब्जे से लगभग 1.06 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर दिया है। डीएसपी दत्तात्रेय वर्मा ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

संधोल अस्पताल को खुद 'बदहाली का रोग'

स्वास्थ्य सुविधाएं जीवन का आधार, अस्पताल में हो रहा रेफर करने का काम

दीक्षित धलारिया, संधोल

स्वास्थ्य सुविधाएं जीवन का आधार होती है, लेकिन अस्पताल केवल नाम के हो और रेफर करने का कार्य करते हो तो स्थिति समझी जा सकती है यह कोई कहानी नहीं बल्कि वास्तविकता है संधोल की।

संधोल कहने को तो हमीरपुर व कांगड़ा की ओर से मंडी का प्रवेश द्वार कहा जाता है मगर यहां अनेक सुविधाओं के हाल अंतिम छोर की स्थिति में सौतेले व्यवहार की तरह ही है। संधोल क्षेत्र की दर्जन से अधिक पंचायतों के बाशिंदों की सेहत का ख्याल रखने वाला नागरिक चिकित्सालय संधोल खुद 'बदहाली का रोगी' है।

पहले भी उठाया था मुद्दा

अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की मशीन है मगर रेडियोलॉजिस्ट पद रिक्त होने के कारण वो मशीन बदहाली के आंसू बहा रही है, दूसरी तरफ एक्स-रे मशीन को जंग लग चुका है। अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे सामान्य रोगी के होने वाले टेस्ट है, अगर यही सुविधाएं घर द्वार पर संधोल वासियों को नहीं मिलेगी तो आपातकालीन स्थिति में तो एक तरफ टांडा तो दूसरी तरफ हमीरपुर के रास्तों में ही कईयों के प्राण निकलना तय है। (अनंत ज्ञान)

संधोल से किया जा रहा सौतेला व्यवहार

संधोल अस्पताल, जहां मरीजों को परेशानी पेश आ रही है।

महिला रोगी विशेषज्ञ के पद खाली, अस्पताल को दो-तीन डॉक्टरों का सहारा

मशीनें तो मशीनें यहां डॉक्टर के पद तक खाली है क्षेत्र की लगभग 25 हजार आबादी के अस्पताल में महिला रोगों का कोई विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं को जांच व इलाज करवाने टांडा व हमीरपुर का रुख करना पड़ता है। यह अस्पताल दो-तीन नए डॉक्टर के सहारे चला है।

लोकसभा चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

'मातृशक्ति संगठन' ने मोर्चा एक बार फिर संभालने के संकेत दे दिए है। मातृशक्ति संगठन संधोल की संयोजिका पूनम ठाकुर ने कहा कि स्थति को देखते हुए अब क्षेत्र की महिलाएं अगला निर्णय लेने को तैयार है आगामी रणनीति तैयार की जा रही है, मांगों के पूरा न होने पर आम चुनावों का बहिष्कार किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

अनंत ज्ञान स्पैशल

संधोल मातृशक्ति ने चलाया था आंदोलन

संधोल की दर्जनों पंचायतों के अनेकों महिला मंडलों के संयुक्त संगठन संधोल मातृशक्ति संगठन ने दिसंबर माह में 26 आंदोलन अस्पताल के बहु चर्चित विषय व संधोल के रुके विकास कार्यों को लेकर चलाया था, जिसे संधोल की जनता का अपार समर्थन भी प्राप्त हुआ था यह आंदोलन अनशन तक जा पहुंचा था।

मिला सिर्फ आश्वासन

मातृशक्ति संगठन के बढ़ते आंदोलन को देखते हुए कांग्रेसी विधायक चंद्रशेखर आंदोलन स्थल पर पहुंचे थे तथा पदों को भरने व सुविधाओं को स्वस्थ करने के आश्वासन के बाद इसे समाप्त कर दिया गया था, लेकिन आश्वासन के संधोल अस्पताल के रोगों का इलाज अभी तक संभव नहीं हो पाया है।

बालीचौकी में गाड़ी की चपेट में आकर छह वर्षीय बच्ची की मौत

सड़क पर पलटी गाड़ी, जिसकी चपेट में आने से बच्ची की मौत हुई है।

नूतन प्रकाश, बालीचौकी

उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी के अति व्यस्त जीरो चौक में सुबह एक तेज रफ्तार गाड़ी की चपेट आने से छह वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत होने का समाचार है।

जानकारी अनुसार जब एक गाड़ी बंजार से औट की ओर जा रही थी तो बालीचौकी जीरो चौक में सड़क के साथ ही पानी भर रही एक छोटी बच्ची इसकी चपेट में आ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार कार चालक ने जब इस बच्ची को बचाने की कोशिश की तो उसकी गाड़ी सड़क पर ही पलट गई और बच्ची गाड़ी के नीचे दब गई। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर जुटी भीड़ की मदद से बच्ची को बाहर निकाला गया और बंजार सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही बच्ची की मौत हो जाने की सूचना है।

पुलिस चौकी बालीचौकी से मिली जानकारी के अनुसार मृतक बच्ची का नाम पूर्वी वर्मा पुत्री जय सिंह निवासी चौरा तहसील छतरी है।

वहीं इस मामले में वाहन एचपी वनके.7929 के चालक रेवती राम पुत्र ज्ञान सिंह निवासी खमराधा पुलिस थाना औट को हिरासत में ले लिया गया है और घटना को लेकर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

ट्रैफिक नियमों की होती है अवहेलना

जिस स्थान पर मंगलवार को इस बच्ची को अपनी जान गंवानी पड़ी है, वहां न केवल लोग स्पीड ब्रेकर लगवाने की मांग कर रहे हैं, बल्कि इस स्थान पर ट्रैफिक नियमों की भी जबरदस्ती अवहेलना की जाती है। लोगों ने स्थानीय पुलिस से जीरो चौक में ट्रैफिक व्यवस्था को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

तरौर में 11 को श्री देव माहूंनाग मेला

मंडी । श्री देव माहूंनाग मंदिर तरौर में श्री देव माहूंनाग मेला का आयोजन 11 अप्रैल को किया जाएगा। इस मेले में धार्मिक अनुष्ठान, रंगारंग समारोह व उत्सव युक्त वातावरण देखने को मिलता है। मेले में श्री देवी चतुर्भुजा भी शिरकत करेंगी। क्षेत्र की सांस्कृतिक देव परंपराओं का निर्वहन करते हुए यह ऐतिहासिक मेला पौराणिक परंपराओं को संजोए हुए है।

श्री देव माहूंनाग मंदिर तरौर व पूजारी।

नए मतदाता ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन : विशाल

आईटीआई डडौर में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु सामूहिक चित्र में।

अनंत ज्ञान, नेरचौक

सहायक रिटर्निंग अधिकारी विशाल शर्मा द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से आईटीआई डडौर के प्रशिक्षुओं को मतदान के महत्व से अवगत करवाया तथा उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जो युवा 1 अप्रैल, 2024 तक 18 साल की आयु पूर्ण कर रहे हैं, तो उन्हें लोकसभा चुनाव में वोट डालने का अधिकार है। नए मतदाता ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से घर बैठे आवेदन कर सकते हैं या बीएलओ के माध्यम से फार्म 6 भर सकते हैं।

894 ग्राम चरस बरामदगी मामले में दो आरोपी बरी

सुंदरनगर । अतिरिक्त सत्र न्यायालय एवं विशेष न्यायधीश सुंदरनगर की अदालत ने चरस के दो आरोपियों को बरी करने का फैसला सुनाया है। अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष की सभी दलीलें सुनने के बाद यह निर्णय सुनाया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता जीआर ठाकुर ने बताया कि न्यायालय में पुलिस द्वारा इस मामले में पेश साक्ष्यों को नकारते हुए चरस के साथ पकड़े गए चंडीगढ़ के रहने वाले आरोपियों अफजल खान और देवेंद्र पाल को बरी करने का फैसला सुनाया है।

जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना पुलिस टीम ने कार से 894 ग्राम चरस बरामद की थी। आरोपियों की शिनाख्त देवेंद्र पाल और अफजल खान के तौर पर हुई थी। सभी दलीलें सुनने के बाद पाया कि पुलिस इस मामले में अपना पक्ष मजबूती के साथ नहीं रख पाई है।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय में मनाया हिंदू नववर्ष

विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर तिलक लगाते हुए।

मंडी । सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी इकाई द्वारा हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय में रंगोली व विवि परिसर को सजाकर और छात्रों एवं स्टाफ को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थी परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में धूमधाम से नववर्ष मनाया गया। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने लोगों के बीच हिंदू नव वर्ष की महत्वता के विषय को रखा। इकाई अध्यक्ष हर्षित मिंहास ने बताया कि हिंदू नव वर्ष की जागरूकता पैदा करना अनिवार्य हैं।

राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी सभी सीटों पर लड़ेगी चुनाव

प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के पदाधिकारी।

मंडी । राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी, देवभूमि क्षत्रिय संगठन एवं सवर्ण मोर्चा द्वारा लोकसभा चुनावों के संदर्भ में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष तुलेश ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की सभी चारों सीटों पर पार्टी की ओर से उम्मीदवार खड़े किए जाएंगे, जबकि 6 विधानसभा क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव में भी उम्मीदवार उतारे जाएंगे।

उन्होंने भाजपा व कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर दोनों ही पार्टियों का ढुलमुल रवैया रहा है। ऐसे में अब राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी को मैदान में आना पड़ रहा है।

पोखी के जंगल में लगी आग

करसोग। पोखी गांव के स्थानीय ग्रामीण टेक चंद बर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत पोखी के पोखी जंगल में आग लग गई है। जंगल में आग तेजी से फैलती जा रही है। वहीं जंगल में आग लगने की खबर के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है।

बता दें कि गर्मी का सीजन आते ही आगजनी की घटनाओं में वृद्धि देखी जाती है, लेकिन जंगल की आग पर काबू पाना बड़ा मुश्किल होता है।

बता दें कि बीते तीन साल पहले भी अप्रैल महीने में पोखी पंचायत के जंगलों में आग को बुझाने में दमकल विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी।

पूर्व सैनिकों के लिए नए कैंटीन भवन का शुभारंभ

लडभड़ोल । एक्स मैन लीग इकाई लडभड़ोल ने प्रथम नवरात्रि में मंगलवार को बने नई कैंटीन भवन में विधिवत पूजा-अर्चना कर पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए नए कैंटीन भवन का शुभारंभ किया। एक्स मैन लीग इकाई लडभड़ोल के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा की मौजूदगी में इस नए कैंटीन भवन का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर उनके साथ इकाई के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान सहित सदस्य मौजूद रहे। एक्स मैन लीग ईकाई लडभड़ोल के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि आज पहला नवरात्रा है और मां शारदा का आशीर्वाद उन्हें पूरा मिला तथा सभी पूर्व सैनिकों व वीर नारियों के सहयोग से आज एक्समैन लीग लडभड़ोल को अपना भवन मिला है ।

उन्होंने कहा कि आज एक बड़ी खुशी का दिन है कि चार महीना के अंतराल में यह भवन तैयार हुआ है आज पूरे विधि विधान के साथ इस कैंटीन भवन की प्रतिष्ठा की गई।

एडीसी ने नलवाड़ मेले का करवाया समापन

माता के समक्ष शीश नवाते हुए अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर।

धर्मपूर । चार से नौ अप्रैल तक आयोजित छः दिवसीय नलवाड़ एवं देवता मेला धर्मपुर का मंगलवार को विधिवत समापन झंडा को सम्मान से उतार कर अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर ने धर्मपुर में किया। इससे पूर्व शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना तथा पगड़ी रस्म करने तथा 22 देवताओं को नजराने के रूप में 11 हजार रुपए प्रत्येक प्रदान करने के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त ने बाबा कमलाहिया, शीतला माता व सकरैणी माता व अन्य देवी देवताओं की अगुवाई में शहर से होकर मेला स्थल तक जलेब में भाग लिया।

अनदेखी फूड सेफ्टी वैन संचालन शुरू होने से होगी लोगों को सुविधा, पर न ड्राइवर, न ही कागजात

जोनल अस्पताल में कई दिनों से खड़ी है फूड सेफ्टी वैन

पुष्पराज, मंडी

जोनल अस्पताल मंडी में पिछले लंबे समय से फूड सेफ्टी वैन कागजात न होने की वजह से संचालित नहीं हो पा रही है। जिस कारण इससे मिलने वाली सुविधा से लोग वंचित रह रहे हैं। वहीं इस बारे में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र भारद्वाज से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि फूड सेफ्टी वैन के कागजात अप्लाई किए गए है और इसके लिए अभी तक किसी ड्राइवर की नियुक्ति नहीं की गई है।

उन्होंने बताया कि जैसे ही यह सारी सुविधाएं उपलब्ध हो जाएंगी तो इसका संचालन सुचारू रूप से शुरू हो जाएगा।

सीएमओ नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि इस वैन के शुरू हो जाने से लोगों को सुविधा होगी और जहां जरूरत होगी वहां इसको भेजकर खाने की चीजों के सैंपल लिए जाएंगे जिससे खाने की गुणवत्ता का पता लगाकर यह जानकारी मिल सकेगी कि यह खाना कितना खाने के योग्य है।

बता दें कि इन फूड सेफ्टी मोबाइल वैन को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हरी झंडी वर्चुअल माध्यम से नेरचौक मेडिकल कॉलेज में दिखाई गई थी, जिसमें मंडी जिला को तीन फूड सेफ्टी वैन दी गई थी। उसके बाद इन मोबाईल वैन का संचालन अभी तक नहीं हो पाया है। (अनंत ज्ञान)

जोनल अस्पताल में धूल फांक रही फूड सेफ्टी वैन।

ये सुविधाएं होंगी फूड सेफ्टी वैन में

मोबाइल लैब में मिल्क एनालाइजर, हॉट एयर ओवन, हॉट प्लेट, मिक्सर ग्राइंडर, डिजिटल वेइंग स्केल, डिजिटल मल्टी पैरामीटर, हेड हेल्ड मीटर, डिजिटल रिफ्रेक्टोमीटर आदि उपकरण मौजूद हैं। मौके पर दूध में फैट की मात्रा, मिलावट वाले स्टार्च, यूरिया, पानी में जीएच जैसे रसायनों की जांच मौके पर ही हो जाती है।

अस्सी वर्ष पूरा कर चुके पेंशनर्स होंगे सम्मानित

बैठक के उपरांत सामूहिक चित्र में पेंशनर संघ के सदस्य।

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर की मासिक बैठक लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह जोगिंद्रनगर में संघ के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सरकार द्वारा पेंशनरों को वेतन संशोधन की बकाया राशि की दूसरी किश्त जारी करने पर संतोष व्यक्त किया तथा सरकार के प्रति आभार प्रकट किया।

बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं तथा मसलों पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय बैठक में ही 80 वर्ष पार कर चुके पेंशनर भाइयों को सम्मानित करने का समारोह किया जाएगा।

बनांदर मेला 10 को

लडभड़ोल। तीन दिवसीय बनांदर मेला का धूमधाम के साथ आयोजन होगा। मेला कमेटी बनांदर के प्रधान अनित ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि इस तीन दिवसीय मेले का आगाज 10 अप्रैल को मेला मैदान बनांदर अखिलेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत हवन व पूजा-अर्चना के साथ इस तीन दिवसीय मेले की स्थापना की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मेले के मुख्य जूनियर और सीनियर वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता, महिला वर्ग के विभिन्न प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक संध्या मेले की शोभा बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि मेले का शुभारंभ मेला कमेटी बनांदर के पूर्व प्रधान एवं सेवानिवृत्त कैप्टन देवी राम करेंगे।

न्यूज ब्रीफ

बच्चे की चूल्हे में गिरने से मौत

हरोली। बाथड़ी में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। गांव में बनी एक झुग्गी में दो वर्षीय बच्चा अनियंत्रित होकर चूल्हे में गिर गया। बच्चे के पिता उपेंद्र महतो ने बताया की चूल्हे के पास उनका बेटा संजीव खेल रहा था, अचानक अनियंत्रित होकर चूल्हे में गिरकर बुरी तरह झुलस गया। उसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, इसके बाद उसे पीजीआई रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही इस दो वर्षीय बालक की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

टेम्पो पलटा, पंजाब के व्यक्ति की मौत

बंगाणा। हरी नगर गांव में एक टेम्पो पलटने से पंजाब के नवांशहर निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। टेंपो सवार बाबा बालकनाथ से माथा टेकने के बाद घर जा रहे थे। घायलों को स्थानीय ऊना अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि मृतक बलकार सिंह निवासी मेहरमपुर शहीद भगत सिंह नगर नवांशहर पंजाब के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने टेम्पो चालक लखविंदर सिंह पुत्र धौला के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन भी शुरू कर दी है।

नंदपुर में टिप्पर ने छह भेड़ों को कुचला

अंब। क्षेत्र के नंदपुर सत्संग के समीप सोमवार सुबह अज्ञात टिप्पर चालक ने 6 भेड़ों को कुचल डाला। हादसे में दो भेड़ें घायल हो गई हैं। चंबा का भरमौर निवासी भेड़ पालक गुलाराम पुत्र प्रहलाद राम अपनी भेड़ों को वापस लेकर भरमौर जा रहा था कि उक्त घटना हुई। पुलिस ने अज्ञात टिप्पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

वोकेशनल छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

वोकेशनल कोर्स के छात्र शैक्षणिक भ्रमण के दौरान।

गोंदपुर बनेहड़ा। गोंदपुर बनेहड़ा के वोकेशनल के टेलीकॉम व एग्रीकल्चर के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान टेलीकॉम एवं एग्रीकल्चर से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी प्राप्त की। वोकेशनल के छात्रों ने कृषि विज्ञान केंद्र का भी दौरा किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल राजेश कुमार, वोकेशनल को-ऑर्डिनेटर अजय शर्मा, वोकेशनल शिक्षिका दीपिका कुमारी, दीक्षा कुमारी और वोकेशनल के छात्र उपस्थित थे।

स्वीत के तहत दी मतदान पर जानकारी

ऊना। पिपलू स्कूल में स्वीप कार्यक्रम के तहत निकाली मतदाता जागरूक रैली में शामिल छात्र और अध्यापक मतदाता जागरूकता संदेश देते हुए।

नुक्कड़ नाटक से दी मताधिकार की जानकारी

स्वीप के तहत जागरूकता अभियान में संदेश देते प्रतिभागी।

बंगाणा। ऊना जिले में चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से स्वीप टीमें प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी जतिन लाल के निर्देशानुसार ये टीमें रोचकता व मनोरंजन से भरपूर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य कर रही हैं। इसी कड़ी में उपमंडल बंगाणा के सुकुरियल और हटली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वीप नोडल ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी के नेतृत्व में आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कलामंच ने सुक्रियाल पंचायत के गुगा मंदिर और राम नाटक क्लब हटली में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मताधिकार के प्रयोग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान करने को कहा, साथ ही भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रोजेक्ट ऑफिसर बलबीर प्राशर, सेक्टर ऑफिसर प्रो. अरविंद रत्न, ब्लॉक लेवल ऑफिसर, सपना और आशा कुमारी आदि मौजूद रहे।

ड्राइवर के बेटे को सीएम की कुर्सी से हटाने के लिए रचा षड्यंत्र : बृजेश डोगरा

गगरेट कांग्रेस के नेता सामूहिक चित्र में ।

गगरेट। विधानसभा क्षेत्र गगरेट से कांग्रेस टिकट के दावेदार वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बृजेश डोगरा ने कहा कि गगरेट की जनता का एक-एक वोट इस बार धनबल को हराने के लिए होगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को लगा कि एक ड्राइवर का बेटा कैसे मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंच गया, इसलिए ही प्रदेश में सरकार गिराने का षड्यंत्र रचा गया। षड्यंत्रकारी कोई भी षड्यंत्र रचा लें, आखिरकार जीत जनबल की होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार आम आदमी की सरकार है और आम आदमी ही विधानसभा उपचुनाव में इसका करारा जवाब देगा। पत्रकारवार्ता में बृजेश डोगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का कसूर सिर्फ इतना है कि उन्होंने जनता से खुली लूट करने वालों को ऐसा करने से रोका।

कर्मचारी और महिला विरोधी सत्ता हथियाने का सपना छोड़ें : अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री ने कहा-हिमाचल में भाजपा के कारनामों से जनता में है आक्रोश

अनंत ज्ञान, ऊना

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कर्मचारी और महिला विरोधी सत्ता हथियाने का सपना छोड़ दें। हिमाचल की जनता उनका चरित्र पहचान चुकी है और पहली जून के इंतजार में है। हिमाचल की जनता भाजपा को ऐसा सबक देने जा रही है कि दूसरे राज्यों में भी विधायक ऐसा कदम उठाने से डरेंगे। उपमुख्यमंत्री कुटलैहड़ के जोगीपंगा में कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव हिमाचल प्रदेश में सरकार की स्थिरता प्रदान करने के लिए हो रहा है। प्रदेश में कांग्रेस 6 की 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव जीतकर इतिहास रचेगी। दूर-दूर तक भी ऐसी कोई संभावना नहीं है, जैसा भाजपा के कुछ लोग सपना देख रहे हैं। भाजपा कर्मचारी विरोधी और महिला विरोधी है, यह स्पष्ट हो चुका है। हिमाचल में सरकार ने कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की, जबकि महिलाओं को 15-15 सौ रुपए मानदेय देने की योजना का लाहौल-स्पीति से शुभारंभ किया गया। अन्य जिलों में भी इस योजना को लागू करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई थी, लेकिन जयराम ठाकुर और उनके कुछ अन्य साथियों ने इसका विरोध किया। चुनाव आयोग में शिकायत के चलते यह अधिसूचना कुछ समय के लिए रुकी है, लेकिन इलेक्शन कमीशन से सरकार ने बात की है कि इस अधिसूचना को पहले जारी किया गया है, इसलिए इसको रोकना वर्तमान में उचित नहीं है।

पात्र महिलाओं को सम्मान निधि मिलकर रहेगी। अग्निहोत्री ने दावा किया है कि भाजपा के नेता उल्टा भी लटक जाएं तो भी सरकार का कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। उन्होंने कहा किहिमाचल में 6 उपचुनावों के साथ-साथ चार संसदीय सीटों पर भी कांग्रेस जीत हासिल करेगी, ऐसी परिस्थितियों प्रदेश में खुद ही भाजपा द्वारा तैयार कर दी गई हैं। हिमाचल की जनता को सरकार गिराने के मामले में भाजपा द्वारा किए गए प्रयास को लेकर बहुत गुस्सा है और इस गुस्से का असर इन चुनावों में साफ देखने को मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंडी संसदीय सीट पर भाजपा द्वारा माया नगरी से कंगना रनौत को उम्मीदवार बनाया है। कंगना रनौत कांग्रेस की संभावित प्रत्याशी प्रतिभा सिंह को लेकर कई तरह की बयानबाजी कर रही थीं।

कांग्रेस के पास कोई युवा नेता नहीं है, इसका जवाब अब मंडी संसदीय सीट से विक्रमादित्य सिंह को प्रत्याशी बनाकर कांग्रेस ने दिया है। मंडी संसदीय सीट से पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और प्रतिभा तीन-तीन दफा प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। हिमाचल में जो छह विधायकों के साथ हुआ है, ऐसा उन्होंने भी कभी सोचा नहीं होगा। वर्तमान से वे पूर्व विधायक बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति में व्यक्ति को अपना जमीर गिराना पड़ जाए, यह मजबूरी नहीं होनी चाहिए। जो लोग सत्ता के लिए एक बड़े नेता को पराजित करके मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर कर रहे थे और उनके अपने ही विरोधी के गले में पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत करने से बेहतर राजनीति छोड़ देनी चाहिए। एक पूर्व मंत्री रहे व्यक्ति का टिकट काटकर उसके राजनीतिक दुश्मन को थमा दिया गया हो तो उसे भी इस तरह के व्यवहार पर प्रहार करना चाहिए।

इस अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विवेक शर्मा, कांग्रेस नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, देसराज मोदगिल, डॉ विजय डोगरा, रविंद्र फौजी, राम आसरा शर्मा, मेहर सिंह, इब्राहिम समेत कई लोग मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री ने टाहलीवाल हादसे में हुए नुकसान का लिया जायजा

प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद का दिया भरोसा

दुर्घटनास्थल का जायजा लेते उपमुख्यमंत्री।

अनंत ज्ञान, ऊना

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के टाहलीवाल का दौरा कर तेल से भरा टैंकर पलटने के हादसे में हुए नुकसान का जायजा लिया। वह दुर्घटनास्थल पर जाकर वहां प्रभावित परिवारों से मिले, उनका दुख-दर्द बांटा और उन्हें हर तरह से मदद का भरोसा दिया।

उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में हिमाचल सरकार उनके साथ खड़ी है। उपमुख्यमंत्री ने हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु पर शोक जताया तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए ऊना अस्पताल प्रबंधन को उनकी बेहतर देखभाल के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रशासन द्वारा कार्यान्वित राहत कार्यों की जानकारी भी ली।

गौरतलब है कि रविवार को टाहलीवाल चौक में तेल से भरा एक टैंकर सड़क में पलटने से उसमें भीषण आग लग गई थी। टैंकर की चपेट में आने से एक स्कूटी सवार की मृत्यु हो गई , जबकि 8 अन्य लोग घायल हो गए।

वहीं, आग की जद में आने से करीब 15 दुकानों और वाहनों को भारी नुकसान हुआ है। दुर्घटना प्रभावितों को प्रशासन ने राहत मैनुअल के अनुसार फौरी राहत प्रदान कर दी है। घायलों का इलाज क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में चल रहा है।

सड़क पार कर रही महिला को कार ने टक्कर मारी, घायल

ऊना। सड़क पार कर रही महिला निर्मला ठाकुर पत्नी सुदर्शन ठाकुर निवासी करियां जिला चंबा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह करीब 11.15 बजे जब यह सड़क पार कर रही थी तो तेज रफ्तार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसे काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भूपिंद्र सिंह पुत्र रण सिंह निवासी कथोली, तहसील नगरोटा सूरिया के विरुद्ध थाना सदर में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

145 चालान काटे

ऊना। जिला पुलिस ऊना की ओर से यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 145 वाहनों के चालान काटे गए, जिनसे जुर्माने के रूप में 41,600-रुपए वसूल किए गए हैं। वहीं , र्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर 9 व्यक्तियों के चालान धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत किए गए व जुर्माने के रूप में 900 रुपए वसूले गए हैं।

गोंदपुर बनेहड़ा का लोअर पंचायत कार्यालय नए भवन में शिफ्ट

नए पंचायत भवन का उद्घाटन करते गोंदपुर बनेहड़ा लोअर पंचायत के प्रतिनिधि।

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा

गोंदपुर बनेहड़ा लोअर पंचायत का पुराना कार्यालय ऊपर की फ्लोर पर था, जिसमें जगह बहुत तंग थी और लोगों को अपने कार्य करवाने में असुविधा होती थी।

काफी सालों से यहां पर इस व्यवस्था को सुधारने की मांग की ग्राम पंचायत का कार्यालय नए भवन में शिफ्ट हो गया। इस अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

इस अवसर पर पंचायत प्रधान रविकांता, उपप्रधान बलबंत सिंह, पंचायत सदस्य एडवोकेट राज कुमारी शर्मा, यशपाल भोगल, जीवन कुमार, पूनम शर्मा, तृप्ता देवी, मजिष्ठा शर्मा, पंचायत सचिव राकेश कुमारी, निशा शर्मा और गांववासी उपस्थित थे।

शिकायत मिलते ही हरकत में आया चुनाव आयोग का उड़नदस्ता

बच्चों में बंटने वाली नोट बुक कीं जब्त

अनंत ज्ञान, गगरेट

विधानसभा क्षेत्र गगरेट में हो रहे उपचुनाव के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से चुनाव आयोग के उड़नदस्ता टीम की कसरत बढ़ गई है। हाई प्रोफाइल इस उपचुनाव में हर एक चीज पर अब जनता भी नजर रखने लगी है। मंगलवार को किसी ने सी-विजिल ऐप पर गगरेट क्षेत्र के नकड़ोह गांव में कापियां वितरित कर युवा मतदाताओं को प्रभावित करने की शिकायत चुनाव आयोग से की।

इस पर चुनाव आयोग के उड़नदस्ते ने नकड़ोह गांव में एक घर में दबिश देकर घर में रखी हुई 203 कापियां जब्त की हैं। हालांकि ये कापियां किसी राजनीतिक दल की ओर से वितरित की जा रही थीं, ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है। चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा के साथ विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए किए जा रहे प्रयास धरातल स्तर पर भी फलीभूत होते नजर आ रहे हैं। चुनाव ड्यूटी पर लगे अधिकारी व कर्मचारी जितनी शिद्दत के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे हैं, उतने ही सजग जनता भी लग रही है। यही वजह है कि कोई भी हरकत होने पर इसकी लिखित शिकायत करने के साथ-साथ लोग अब चुनाव आयोग द्वारा लांच की गई ऐप सी-विजिल पर भी चुनाव प्रभावित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की शिकायत कर रहे हैं।

सी-विजिल ऐप पर शिकायत आते ही चुनाव आयोग सौ मिनट के भीतर इसका संज्ञान लेता है। इससे चुनाव को धनबल से प्रभावित करने के प्रयासों को निष्क्रिय करने में चुनाव आयोग को भी काफी सहायता मिलती है। मंगलवार को सी-विजिल ऐप पर चुनाव आयोग को शिकायत मिली कि नकड़ोह गांव में एक घर में कापियां लाकर रखी गई हैं, ताकि इन्हें चुनाव के दौरान वितरित कर चुनाव को प्रभावित किया जा सके। शिकायत मिलते ही चुनाव आयोग का उड़नदस्ता हरकत में आया और तत्काल उस घर पर दबिश दी गई। उस घर से कापियां बरामद हुई।

हालांकि जिस घर से कापियां मिली हैं, वहां के मुखिया ने बताया कि वह स्वयं ही कापियों को विद्यार्थियों में वितरित करता है। उड़नदस्ते को ऐसे कोई सबूत नहीं मिले, जिससे यह साबित हो कि ये कापियां किसी राजनीतिक दल की ओर से वितरित की जा रही थीं। बावजूद इसके उड़नदस्ते ने जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत करने तक कापियां जब्त कर लीं। उधर, एआरओ एवं एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है।

कुटलैहड़ से विक्कू, गगरेट से धरती पुत्र लगभग तय

राजेश शर्मा, ऊना

ऊना जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव की रोचकता बढ़ती जा रही है। कुटलैहड़ में दो स्थानों से नकदी पकड़ी गई है, जबकि गगरेट में दो स्थानों से मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए रखी गई सामग्री जब्त हुई है। इस बीच कुटलैहड़ से विवेक शर्मा का सिंगल नाम प्रस्तावित किया गया है, जबकि गगरेट से स्थानीय धरती पुत्र व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया जाना तय है। ऐसी स्थिति में यहां कई दिग्गज नेताओं का टिकट का सपना चूर होता दिख रहा है। ऐसे में गगरेट से कांग्रेस के एक ऐसे निष्ठावान कार्यकर्ता का नाम सामने आ रहा है, जिसका प्रभाव भी है।

यहां जातीय समीकरण को भी कांग्रेस आधार बनाकर उम्मीदवार फाइनल करेगी। उधर, राज्य के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने भी हुंकार भर दी है। वह पहले नवरात्रि में प्रचार अभियान का आगाज कर गए हैं। कुटलैहड़ प्रवास पर आकर

ऊना जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव की रोचकता बढ़ती जा रही है

कुटलैहड़ कांग्रेस पार्टी को एकजुटता का पाठ पढ़ा गए और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को रिचार्ज कर गए। यह वह मुकेश अग्निहोत्री हैं, जो राज्य सरकार में डिप्टी सीएम के पद पर हैं। जब डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री के घर पर एक ऐसा गहरा आघात हुआ और एक सशक्त समाजसेवी और मातारानी की परम भक्त डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी की अकस्मात मृत्यु हुई थी और मुकेश अग्निहोत्री पर दुखों का पहाड़ टूटा था।

बताना यह भी जरूरी है, अभी तक डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री सदमे से बाहर भी नहीं आए थे कि हिमाचल सरकार के साथ बड़ा खेला हो गया और राज्य सरकार के छह और तीन निर्दलीय विधायकों ने राज्य सभा चुनाव में क्रॉस बोटिंग करके राज्य सरकार के ऑपरेशन लोट्स करना शुरू कर दिया, लेकिन दुखों को दरकिनार करके राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले राज्य सरकार के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने राज्य सरकार के बचाव के लिए कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने भाजपा के ऑपरेशन लोट्स की धज्जियां उड़ा दीं। आज राज्य सरकार स्थिर होकर काम कर रही है और इसका श्रेय डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री को जाता है।

कुटलैहड़ प्रवास पर आए डिप्टी सीएम मुकेश ने कहा कि जो होना था, हो चुका है। गगरेट और कु टलैहड़ की जनता मन बना चुकी है। सरकार स्थिर हो चुकी है और हिमाचल में अब असली खेल शुरू हुआ है। कांग्रेस की जो सीटें पहले थीं, वह उनसे भी ज्यादा सीटों पर पहुंचेगी। मुकेश ने चुटकी भी ली है और बातों ही बातों में हमीरपुर की जनता को संदेश दे डाला है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर की जनता को अपना मुख्यमंत्री नहीं पचता है। पहले पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल को बाहर किया, अब सुखविंद्र सिंह सुक्खू से जिले के विधायक कुर्सी से उतारने के लिए तैयार थे। कुटलैहड़ में कांग्रेस के प्रत्याशी के प्रचार अभियान की दमदार शुरुआत हुई है। सफल कार्यकर्ता सम्मेलन और उसके बाद नुक्कड़ सभाएं भी कामयाब बताई जा रही हैं।

हालांकि भाजपा की ओर से भी कुटलैहड़ में प्रत्याशी को लेकर कई दिनों से अभियान चलाया जा चुका है। कुटलैहड़ से पूर्व में मंत्री रहे वीरेंद्र कंवर सांसद अनुराग ठाकुर के प्रचार में जुट चुके हैं। इस स्थिति में उनका वर्तमान विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी से दूरियों को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म है। उधर, गगरेट में तीन बाहरी नेताओं के सामने आधा दर्जन लोकल नेताओं ने टिकट को लेकर आलाकमान के सामने एकजुटता दिखाते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। (अनंत ज्ञान)

शिवबाड़ी मेले में झूलों की नीलामी से मंदिर प्रशासन हुआ मालामाल

अनंत ज्ञान, गगरेट

सुप्रसिद्ध द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी के मैदान में लगने वाला प्राचीन शिवबाड़ी मेला मंदिर प्रशासन के लिए इस बार आय का बड़ा साधन साबित हुआ है। मंदिर प्रशासन की ओर से मेले में लगने वाले झूलों की नीलामी प्रक्रिया से मंदिर के खजाने में पांच लाख ग्यारह हजार रुपए का राजस्व एकत्रित किया है। यह पहली बार है जब झूलों की नीलामी इतने बड़े स्तर पर हुई है। अभी मेला क्षेत्र में लगने वाली अस्थायी दुकानों व लंगर शुल्क से भी मंदिर प्रशासन को आय सृजित होगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार मंदिर प्रशासन शिवबाड़ी मेले से छह लाख रुपए से अधिक आय सृजित करेगा।

मंदिर प्रशासन शिवबाड़ी मेले को व्यापक स्तर पर ले जाने को लेकर कार्य कर रहा है। हालांकि शिवबाड़ी मेला जिले के प्राचीतन मेलों में से एक है, लेकिन अभी तक इसे जिला स्तरीय मेला भी घोषित नहीं किया जा सका है। युवा एचएएस अधिकारी एसडीएम सौमिल गौतम द्रोण शिव मंदिर शिवबाड़ी के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ शिवबाड़ी मेले को भी व्यापक स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यही वजह है कि शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ-साथ शिवबाड़ी मेले की ख्याति प्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों तक पहुंचाने के लिए वह कई बदलाव किए जा रहे हैं। इस बार शिवबाड़ी मेले में पहली बार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। हालांकि झूलों के लिए भी रेट में कुछ बदलाव हुए हैं। बड़े झूले की टिकट अब 60 रुपए होगी, तो छोटे झूले की टिकट 40 रुपए फिक्स कर दी गई है। मंदिर उपायुक्त एवं एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि इस बार शिवबाड़ी मेले में झूलों की नीलामी 5.11 लाख रुपए में हुई है, जबकि पिछले साल एक लाख चालीस हजार रुपए झूलों की नीलामी से एकत्रित हुए थे।

प्रतिस्पर्धा 'शिक्षा के मसीहा' कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

अव्वल रहे प्रतिभागी स्मृति चिन्ह और नकद पुरस्कार देकर नवाजे

अनंत ज्ञान, मैहतपुर

क्षेत्र के बसेदहड़ा स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर परिसर में दलित इतिहास माह को समर्पित 'शिक्षा के मसीहा' कार्यक्रम कराया गया। मिशन पे बैक टू सोसायटी एवं डॉ. बीआर अंबेडकर एजुकेशनल सोसायटी की ओर से कराए गए कार्यक्रम में जिला ऊना एवं पंजाब नंगल के कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी के चेयरमैन सतीश मल्ही ने की, जबकि आयोजन में बतौर मुख्यातिथि डॉ. जस सिमरन कैहल ने शिरकत की।

आयोजन में शिक्षा के मसीहा गुरु रविदास महाराज, शिक्षा के मसीहा संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर, महात्मा ज्योतिवा फुले, क्रांतिकारी बाबू मंगू राम मुगोवालिया, प्रसिद्ध कवि संतराम उदासी के जीवन पर आधारित शिक्षाप्रद नाटक, गायन, भाषण आदि स्पर्धाएं प्रतिभागियों में कराई गईं। इन स्पर्धाओं में प्रथम स्थान देहलां,

शिक्षा के मसीहा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य और लोग।

द्वितीय रायपुर सहोड़ा टीम व तृतीय पुरस्कार कथैड़ा पंजाब नंगल की टीम ने हासिल किया, जबकि क्यांश को बेस्ट डांस करने पर पुरस्कृत किया गया। डॉ. कैहल ने बताया कि मिशन पिछड़े समाज में शिक्षा के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है।

एक शिक्षित बच्चा आने वाले कल का बेहतर भविष्य लिख सकता है। हमारे रहबरों ने हमेशा से ही समाज को शिक्षित होने का संदेश दिया है। इस पर अमल कर आगे बढ़ने की जरूरत है।

मिशन पे बैक टू सोसायटी एवं डॉ बीआर अंबेडकर एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन सतीश मल्ही ने बताया कि असल में हमारे समाज को आज शिक्षा की जरूरत है। अगर हम बच्चों को अच्छी शिक्षा दे देंगे, तो आने वाली पीढ़ियां समाज का उत्थान करेंगी। उन्होंने आयोजल में स्थानीय अभिभावकों सहित श्री गुरु रविदास सभा बसदेहड़ा का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान अव्वल रहे प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं नकद पुरस्कार जबकि अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. रणवीर सिंह, डॉ. एसपी संधू, प्रधान पंजाब टीचर एसोसिएशन परविंद्र भारती, एडवोकेट नरेश कुमार सहित एडवोकेट कुलदीप दोबेटा, मनोज बधन, प्रधान हेमराज, सचिव दीपक बिंजी व टीचर टीम में पूनम बाला, रजनी, कंचन, नीता, ज्योति अपने अपने बच्चों की टीम के साथ मौजूद रहे। निर्णायक मंडल में अजय बैंस, बलविंद्र कुमार, पूनम बाला व विकास वर्मा ने निभाई।

अतिथियों में श्री गुरु रविदास महासभा से नरेश कतनौरिया व कुलविंद्र कौर, भीम आर्मी जिला रोपड़ के प्रधान अश्वनी दगौड़, महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास महासभा से प्रधान अमित दोधी, चेयरमैन नव बैंस, रायपुर से पंच बलवंत राम व गुरु रविदास मंदिर कमेटी प्रधान हरि चंद, इशु गोजरा, कलसेहड़ा गुरु रविदास मंदिर कमेटी से प्रधान राकेश कुमार राजू, बसदेहड़ा से नगर पंचायत चेयरपर्सन अंजू देवी, अंबेडकर सभा के प्रधान जोगिंद्र राम, उपप्रधान कमल, जखेड़ा से शशि पाल, विनय बधन, जतिंद्र कुमार, मुकेश कुमार, कुलविंद्र कौर सहित सहित करीब 1500 लोगों ने भाग लिया।

खिलाड़ी मैदान में यह सोच कर जाएं कि जीत कर या सीख कर जाएंगे : मानसी

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा की खरयालता पंचायत में सदा शिव ध्यूंसर क्लब बही द्वारा करवाई जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान चौथे दिन मुख्यातिथि के रूप में पहुंची हिमाचल प्रदेश सब जूनियर थ्रो बाल टीम की कप्तान नेशनल खिलाड़ी मानसी राणा ने खिलाड़ियों को बताया कि जब भी खिलाड़ी खेलने के लिए ग्राउंड में उतरता है, तो उसके जहन में एक ही बात होनी चाहिए कि या तो जीत कर जाएंगे या सीख कर जाएंगे, 'हारने' जैसा शब्द दिमाग में नहीं लाना चाहिए। वहीं, मानसी राणा ने खिलाड़ियों को नशे से दूरी बनाए रखने के लिए भी जागरूक किया।

इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रधान राकेश धीमान, गुगा जाहर पीर मंदिर बही के अध्यक्ष धर्म पाल सिंह, युवा मंडल अध्यक्ष रघवीर सिंह, सेवानिवृत्त अध्यापक रणधीर सिंह सेवानिवृत्त हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालक रणवीर सिंह, सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक संसार चंद शर्मा, डोगरा क्लब के अध्यक्ष अभिषेक डोगरा, क्लब के अध्यक्ष विक्की शर्मा, आशीष धीमान, सचिव सूरज धीमान सहित अन्य युवा वर्ग भी मौजूद रहे।

वहीं, चौथे दिन सब जूनियर टीम युवा क्लब बही ने युवा क्लब तलमेहड़ा को पराजित कर फाइनल अपने नाम किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में डोगरा क्रिकेट क्लब रौनखर ने टकारला की टीम को हराया। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शांतला की टीम तथा जोल में मुकाबला देखने को मिला, जिसमें शांतला की टीम विजेता रही।

क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान मानसी राणा का स्वागत करते आयोजक व युवक।

संपादकीय

हिमाचल प्रदेश को मिले शानन पावर प्रोजेक्ट

मंडी जिले के जोगिंद्रनगर में स्थित 110 मेगावाट का शानन पावर प्रोजेक्ट एक बार फिर सुर्खियों में है। मामला दो राज्यों पंजाब और हिमाचल में इस प्रोजेक्ट पर हक को लेकर उलझा है। प्रोजेक्ट के मसले को लेकर पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए केंद्र व हिमाचल सरकार से तीन माह में लिखित जवाब दायर करने को कहा है। इससे पहले केंद्र सरकार ने भी हिमाचल व पंजाब को शानन पावर प्रोजेक्ट के मुद्दे पर यथास्थिति बनाए रखने को कहा था। यह प्रोजेक्ट अंग्रेजों के समय बना था और 1925 में पंजाब को पट्टे पर दिया गया था। पट्टा समझौते पर मंडी के तत्कालीन शासक राजा जोगिंद्र बहादुर और ब्रिटिश प्रतिनिधि तथा प्रमुख कर्नल बीसी बैटी के बीच हस्ताक्षर हुए थे। 99 साल पुरानी लीज अब मार्च में खत्म हो गई है। इसी को लेकर मामला एक बार फिर भड़का है।

हिमाचल इस प्रोजेक्ट पर अपना दावा जता रहा है और जताए भी क्यों नहीं, क्योंकि जमीन हिमाचल की और पानी भी हिमाचल का, फिर पंजाब का हक उस पर कैसे हो सकता है? पंजाब को तब मजबूरी में यह प्रोजेक्ट देना पड़ा था, लेकिन अब कोई मजबूरी नहीं है। ऐसे में हिमाचल का हक इस प्रोजेक्ट पर सबसे पहले बनता है। 1966 में राज्यों के पुनर्गठन के दौरान, जल विद्युत परियोजना पंजाब को दे दी गई, क्योंकि उस समय हिमाचल प्रदेश एक केंद्र शासित प्रदेश था। हिमाचल सरकार ने आरोप लगाया है कि परियोजना खराब स्थिति में है, क्योंकि पंजाब इसकी मरम्मत या रखरखाव नहीं कर रहा है। पिछले कुछ सालों से हिमाचल यह तर्क भी दे रहा है कि पट्टा समाप्त होने के बाद परियोजना उसके पास रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा था कि वह लीज अवधि के बाद पंजाब को परियोजना पर दावा करने की अनुमति नहीं देंगे। उनका यह स्टैंड प्रदेश हित में है। यदि वाकई यह प्रोजेक्ट हिमाचल को मिल जाता है, तो इससे प्रदेश की आर्थिकी को नए पंख लगेंगे। जिस तरह से हिमाचल सरकार को सरकार चलाने के लिए बार-बार लोन लेना पड़ा रहा है, उसकी जरूरत शायद हिमाचल को न रहे, क्योंकि इस प्रोजेक्ट से पंजाब सरकार हर साल करोड़ों रुपए का मुनाफा कमाकर अपना राजस्व बढ़ा रही है। अगर हिमाचल के हिस्से यह प्रोजेक्ट आ जाता है, तो हिमाचल सरकार भी इस प्रोजेक्ट से और ज्यादा बिजली उत्पादन कर अपना राजस्व बढ़ा सकती है। इस प्रोजेक्ट से आजादी से पहले अविभाजित पंजाब और दिल्ली को पानी दिया जाता था।

विभाजन के बाद लाहौर को आपूर्ति बंद कर दी गई और अमृतसर के वेरका गांव में इसकी ट्रांसमिशन लाइन बंद कर दी गई। सीएम सुक्खू इस प्रोजेक्ट को हर हाल में हासिल करना चाहते हैं, जिसके लिए उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखा, जिसमें कहा था कि प्रोजेक्ट की लीज 2 मार्च, 2024 को समाप्त हो जाएगी, ऐसे में हिमाचल सरकार न तो लीज अवधि को रिन्यू करेगी और न ही उसे विस्तार देगी। प्रोजेक्ट को हिमाचल सरकार अब अपने हाथ में ले लेगी। उन्होंने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह से भी मुलाकात कर केंद्र से हस्तक्षेप करने के लिए कहा था। निश्चित रूप से सीएम सुक्खू के ये प्रयास काबिलेतारीफ हैं। वह प्रदेश हित की बात करते हैं और अपनी चीज पर हक जताना चाहते हैं। उनकी सोच सकारात्क लगती है। बस अब जरूरत इस बात की है कि वह ठंडे दिमाग से सोच विचार कर सुप्रीम कोर्ट में ऐसा हल्फनामा दायर करें, जिससे प्रदेश की इज्जत भी बच जाए और प्रोजेक्ट को पंजाब के हाथों से छुड़वाने का मार्ग भी प्रशस्त हो जाए। इसके लिए उन्हें कानूनी विशेषज्ञों की सलाह लेनी होगी। अब जबकि चुनावों को लेकर आचार संहिता लगी है, तो ऐसे में प्रदेश को यह काम चुनावों के बाद ही करना पड़ेगा। चुनाव के साथ सीएम सक्खू को इस प्रोजेक्ट के बारे में और गंभीरता से सोचना होगा। यह हिमाचल के लिए सुनहरी मौका है, अगर यह अवसर हाथ से चला गया तो फिर बहुत पछताना पड़ेगा।

नशे के जाल में जकड़ता भारत के युवाओं का यौवन

भारत को युवा देश माना जाता है। जिस ओर युवा चलता है, उसी ओर देश की दिशा प्रशस्त होती है, लेकिन दिशा ही गलत हो तो स्थिति को समझा जा सकता है, ऐसा ही हाल हमारे देश-प्रदेश का है। आज का अधिकतर युवा वर्ग नशे की लत में ग्रसित होता जा रहा है। हमें युवाओं को नशे से बचाकर युवा शक्ति का राष्ट्र निर्माण में प्रयोग करना है। आंकड़ों से पता चलता है कि देश में दस करोड़ लोग नशे की गिरफ्त में हैं, जिनमें अधिकतर युवा हैं। यह बहुत ही चिंतनीय है।

'नशा खरीदने के लिए मां के गहने बेचने ले गया युवक' ये पंक्तियां किसी फिल्मी सीन की कहानी की भांति प्रतीत होती हैं, लेकिन यह वास्तविकता है। हिमाचल में ही ऐसा एक वाक्या पिछले दिनों पेश आया था, जहां नशे की लत का आदी युवक मां की सोने की चेन चुराकर बेचने बाजार पहुंच गया। देश में प्रतिदिन बढ़ते नशे के कारण इस प्रकार के बहुत मार्मिक हादसे हो रहे हैं। सैकड़ों युवा नशे की लत से मर रहे हैं, जिस कारण मां-बहनों का सिंदूर मिट जा रहा है और बहुत सी बहनों के इकलौते भाई इस दुनिया को आए दिन अलविदा कह रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को नशा बेचने वालों पर शक्ति से नुकेल कसनी होगी, नहीं तो युवा वर्ग नशे की चपेट में आकर अपनी सोचने समझने की क्षमता को नष्ट कर देगा। भारतीय समाज अपनी संस्कृति, सभ्यता एवं संस्कारों के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है और ऐसा माना जाता है कि जितने संस्कार भारत में हैं, शायद ही दुनिया के किसी कोने में होंगे। जैसा कि हम सभी को विविध है कि मानव एक सामाजिक प्राणी है, जो समय के अनुसार परिवर्तन अवश्य चाहता है। इनमें बुरे एवं अच्छे दोनों परिवर्तन सम्मिलित होते हैं। अच्छे परिवर्तन समाज को विकास की ओर ले जाते हैं और बुरे परिवर्तन समाज के विनाश का कारण बनते हैं। इन बुरे परिवर्तनों में नशा समाज का बहुत बड़ा विनाशकारी कारण है। नशाखोरी की चपेट में आने वाला युवा वर्ग इस तरह जाल में फंसता है कि उसकी सोचने-समझने की क्षमता भी नष्ट हो जाती है। इससे वे अपने जीवन के लिए कोई भी निर्णय नहीं ले पाते हैं।

लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
प्राध्यापक, बड़सर (हमीरपुर)

नशा करने के लिए वे अनेक मादक पदार्थों का जैसे शराब, गांजा, चिट्टा, चरस, स्मैक, मोर्फिन, कोको पत्ती, ताड़ी, अफीम, बीड़ी, सिगरेट आदि का सेवन करने लगता है। नशाखोरी से व्यक्ति अनेक ऐसे गलत कार्य करने लगता है, जो समाज के खिलाफ होते हैं। नशे के कारण आर्थिक हानि, सड़क दुर्घटना, हत्या, बलात्कार, घरेलू व सामाजिक झगड़े, स्वास्थ्य की हानि, व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा, बच्चों की शिक्षा एवं संस्कार आदि में नशे का कुप्रभाव पड़ता है। वर्तमान में देश में लगभग सभी वर्ग छोटे-छोटे बच्चे, यहां तक कि महिलाएं भी नशे की बुरी स्थिति में पाई जाती हैं। नशे ने लोगों का सुख-चैन तो छीन ही लिया है, अब लोगों के वंश और नस्लों पर भी बन आई है। शराब के बाद सूखा नशा युवाओं की नसों में इस कदर दौड़ने लगा है कि परिवार के परिवार बर्बादी के कगार पर पहुंच गए हैं। चिट्टा, गांजा, चरस, हेरोइन और स्मैक को हाई सोसायटी प्रोफाइल का हिस्सा मानने वाले परिवारों के बच्चे जवानी में ही अपना सब कुछ गंवा रहे हैं। आंकड़ों के माध्यम से स्थिति को समझें तो हिमाचल पुलिस ने वर्ष 2024 के शुरुआत के दो महीनों में ही एनडीपीएस के 431 मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने इन मामलों में दो विदेशी तस्करों सहित 620 आरोपी गिरफ्तार किए हैं। पुलिस ने एनडीपीएस के केसों में आठ महिलाओं को भी नशे की खेप के साथ पकड़ा है। पुलिस ने प्रदेश में नशा माफिया पर पूरी तरह से शिकंजा कस दिया है।

इनमें शिमला पुलिस ने प्रदेशभर में सबसे अधिक नशा तस्कर पकड़े हैं। शिमला पुलिस ने जनवरी माह में एनडीपीएस के 29 और फरवरी माह में 54 मामले दर्ज किए हैं। प्रदेशभर में एनडीपीएस के 431 मामलों में बीबीएन में 14, बिलासपुर में 45, चंबा में 20, हमीरपुर में 12, कांगड़ा में 40, किन्नौर में एक, कुल्लू में 58, लाहौल-स्पीति में दो, मंडी में 44, नुरपूर में 26, शिमला में 83, सिरमौर में 26, सोलन में 19 और ऊना में 40 मामले दर्ज किए हैं। एनडीपीएस के केसों में पुलिस ने 57 किलो चरस, छह किलो अफीम, दो किलो 885 ग्राम चिट्टा की खेप आरोपियों से पकड़ी है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों से 8090 नशीली गोलियां और 3850 नशीले कैप्सूल, 300 प्रतिबंधित सिरप दवाइयां पकड़ी हैं। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों से 17 किलो से अधिक गांजा और 102 किलो 508 ग्राम भुक्की की खेप पकड़ी है।

एनडीपीएस के इन 431 मामलों में पुलिस ने जनवरी में प्रदेशभर में एनडीपीएस के 141 मामले और फरवरी 290 मामले दर्ज किए हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि हिमाचल जैसे शांतिमय प्रदेश में भी युवाओं के दिलो-दिमाग में अब नशा घुल चुका है। नशे के कारण सबसे अधिक प्रभावित युवा वर्ग है। इससे उनका मानसिक संतुलन खराब हो रहा है। एक बार नशे की लत में पड़ने के बाद इससे निकलना मुश्किल हो रहा है। युवा वर्ग नशे की लत में इस कदर डूबा रहता है कि इसके दुष्परिणामों के बारे में भी नहीं सोचता। इसमें छोटे-छोटे बच्चे शामिल हैं। नशे की लत में सबसे अधिक कचरा बीनने वाले लड़के-लड़कियां शामिल हो रही हैं। इसकी शुरुआत पान, गुटखा, तंबाकू आदि से होती है। इसके अलावा नशे के लिए सस्ते प्रोडक्ट व्हाइटनर, बोनफिक्स को भी झिल्ली में भरकर इसे नाक-मुंह से खींचकर नशापूर्ति का खूब इस्तेमाल हो रहा है। तंबाकू, शराब, दवा से नशे के लत की हुई शुरूआत बढ़कर कोकीन, मार्फिन तथा हेरोइन तक पहुंच रही है। नशे की लत इन पर हावी हो जाती है, तो वह इसकी पूर्ति के लिए किसी की जान लेने से भी परहेज नहीं करते। अमेरिकन साइकेट्रिक एसोसिएशन के अनुसार एडिक्शन एक मानसिक बीमारी है, जो किसी एक चीज (शराब, ड्रग्स) के लगातार उपयोग के कारण होती है। व्यक्ति जानता है कि इसका हेल्थ पर काफी बुरा असर पड़ सकता है, लेकिन इसके बावजूद वह इसका इस्तेमाल करता रहता है। अगर छात्र इससे जूझ रहा है, तो उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी और कोई काम करने वाला लत का शिकार है, तो उनकी प्रोडक्टिविटी पर असर पड़ेगा।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक नशे की लत छोड़ने से पहले इस बात का पता करें कि आपने नशा शुरू क्यों किया था। अगर किसी ऐसी जगह पर हैं, जहां नशा ज्यादा है तो इससे बचने के लिए विकल्प तलाशें, शराब की जगह सॉफ्ट ड्रिंक लें। कोई भी नशा हो वह लिवर, किडनी, फेफड़ों से ज्यादा दिमाग को नुकसान पहुंचाता है। आज के इस वैज्ञानिक युग में हर देश को उन्नति के लिए युवाओं के सहयोग की जरूरत है, वहीं हमारे देश में आज अधिकांश लोगों का सब कुछ नशा ही है। इसकारण आज तक हमारा देश विकसित नहीं हो सका है। हमारे देश में लगभग 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग नशा करते है। हमें राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अपने समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए दृढ़ संकल्प व प्रयास करने चाहिएं, तभी यह समाज हमारा आसपास नशा मुक्त हो पाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

विचार प्रकट किए जाते हैं, थोपे नहीं जा सकते

भारत ही क्या, लगभग सारी दुनिया में 95 प्रतिशत लोग ऐसे ही प्रतीत होते हैं । यहां बात आस्तिक और नास्तिक मनुष्यों की हो रही है। लगभग सारा मानव इतिहास इस अप्रिय तथ्य का साक्षी है। पूर्व और पाश्चात्य देशों के करोड़ों नास्तिक लोगों ने बिना किसी जान-पहचान और परख के बिना ही घोषित कर दिया कि ईश्वर, भगवान, परमात्मा का कोई भी अस्तित्व नहीं है।

ठीक ऐसे ही करोड़ों लोगों ने बिना किसी परख और परीक्षण के ही मान लिया कि भगवान, ईश्वर, परमेश्वर होता ही है! वैसे तो यह अनुचित व्यवहार और विकट परिस्थिति माने जा सकते हैं। समाज में हर व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत विचार, भावनाएं, मान्यताएं रखने का पूर्ण अधिकार है; बशर्ते कि वे संविधान, देश-दुनिया और मानवता के लिए अप्रिय और हानिकारक नहीं हों।

लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
ओबड़ी, चंबा

हम यह भी जानते-समझते हैं कि देश-दुनिया के सभी अच्छे पत्र, पत्रिकाएं उनकी विशिष्ट नीति के विरुद्ध लिखने पर भी वे पत्र-पत्रिका लेखकों और पाठकों के विचार प्रकट करने की स्वतंत्रता की रक्षा करते हुए अवश्य ही प्रकाशित करते हैं । यह बहुत ही चिंताजनक और दुखद हालात तब हो जाते हैं, जब स्कूल,, कॉलेजों विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रम में भी किसी एक ही पक्ष को रखकर बच्चों, किशोरों और युवाओं को पढ़ाने, सिखाने और मनवाने का सर्वथा अनुचित और निंदनीय उपक्रम किया जाता है। धर्म, अध्यात्म, नास्तिक या आस्तिक होना किसी भी व्यक्ति का सर्वथा निजी मामला है।

इसके साथ ही, जीवन के किसी भी क्षेत्र में अपने निजी विचार भावनाएं प्रकट करने की पूर्ण स्वतंत्रता है, विशेषकर पृथ्वी के सबसे बड़े लोकतंत्र संपूर्ण प्रभुतासंपन्न, प्रजातंत्रिय, गणराज्य भारत में तो इसको लेकर पूरी आजादी है ही, इस बात का स्मरण रखना भी नितांत आवश्यक है कि अपने व्यक्तिगत विचारों का प्रचार - प्रसार करते हुए हम समाज या देश विरोधी कभी न होने पाएं, क्योंकि आस्था के कारण ही आज समाज टिका हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

क्या जाएगा साथ में

शिव सन्याल
जवाली (कांगड़ा)

दौलत का लोभी बना, करता उल्टे काम।
क्या जाएगा साथ में, तेरे अगले धाम।।
क्या जाएगा साथ में, बंदे कर सोच-विचार।
लोलुपता धन की रही, सिमरन दिया बिसार।।
क्या जाएगा साथ में, कान खोल कर ध्यान।
काया माया छोड़ के, जाना है श्मशान।।
क्या जाएगा साथ में, यह चिंतन की बात।
दिन भर रहा मौज में, सो कर गुजारी रात।।
दो घड़ी नहीं बैठ के, किया ईश को याद।
क्या जाएगा साथ में, मर जाने के बाद।।
मेरा-मेरी में रहा, धन से करता प्यार।
जो जाना था साथ में, भूल गया क्यों यार।।
क्या जाएगा साथ में, केवल प्यारा राम।
माया ममता त्याग के, जपो राम का नाम।।

लोकसभा चुनावों को लेकर मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा एक बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाकर अपने मन में विश्वास बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है।

लेखक : सुरेश हिंदुस्तानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद कांग्रेस के राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। हम जानते हैं कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में भारत के चाय वालों के साथ गहरा संबंध स्थापित किया था, इसी प्रकार 2019 के चुनाव में 'कांग्रेस के चौकीदार चोर हैं' के जवाब में 'मैं भी चौकीदार' का नारा देकर गरीब तबके को अपने साथ जोड़ा था। इस चुनाव में मोदी की गारंटी भाजपा का नारा है। कांग्रेस ने भी गारंटी देने का वादा किया है, लेकिन जनता किसकी गारंटी को स्वीकार करती है, यह समय बताएगा।

मैं इस लेख को किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध के लिए नहीं लिख रहा हूं, लेकिन जो सच है, उसको लिखने से कोई आशय निकलता है तो भले ही निकले, लेकिन उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि एक बार पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुंच पाता था।

इसका आशय यह भी है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशनखोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस के शासनकाल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुंचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को ही शत-प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस की ओर से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल में बढ़ोतरी करेगी, क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय होते जा रहे हैं, लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

पूर्ण वैज्ञानिक है भारतीय कालगणना

भारतीय नववर्ष का आरंभ हो गया है। सम्राट विक्रमादित्य द्वारा शक-विजय की स्मृति में आरंभ सम्वत् अपने 2080 वर्ष व्यतीत कर 2081वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। प्राय: आधुनिक कहलाने वाले अंगरेजीदां लोगों के मध्य यह प्रश्न उठता है कि हमारी भारतीय गणना कितनी सटीक, सही व वैज्ञानिक है? सामान्यत: गणनाकारों द्वारा कालगणना करते समय पृथ्वी के अपनी धुरी पर संचरण की अवधि को दिवस, चंद्रमा के पृथ्वी की परिक्रमा की अवधि को मास तथा पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने की अवधि को वर्ष मान काल के मान निर्धारित किए हैं। किंतु यह मान काल अनुमान भले ही कर लें, काल का शुद्ध मान ज्ञात करने में सर्वथा असमर्थ हैं। कारण, पृथ्वी की सूर्य की परिक्रमा का काल 365.25 दिवस है। चंद्रमा की पृथ्वी की परिक्रमा का काल भी 28 से 30 दिवस है। दूसरे पृथ्वी की संगति कर सूर्य की भी परिक्रमा कर रहे चंद्रमा का अपना परिपथ भी समरेखीय नहीं। यही कारण है कि गणनाकारों को इसके परिपथ का विचारण करते समय तिथिवृद्धि या तिथिलोप करते रहना पड़ता है।

इसके अलावा पृथ्वी के अपने अंश पर 27 अंश झुके होने के कारण यहां भी सदैव दिन-रात समान नहीं रहते, ऐसे में काल का शुद्ध मान ज्ञात करने के लिए किसी एक पद्धति के स्थान पर भारतीय गणनाकार- सौरगणना, चंद्रगणना, सप्तर्षि कालमान आदि अनेक पद्धतियों का सहारा लेकर काल का शुद्ध मान निकालते हैं। यह दुरूह तो है, किंतु है इतना सटीक कि आज तक इसमें निमिष भर का अंतर भी नहीं आया। दूसरी ओर ईसवी कालगणना मूलत: उस जूलियन कैलेंडर का परिवर्तित परिवर्धित रूप है, जिसे रोमन सम्राट जूलियस सीजर ने लागू किया था। 45 ई. पूर्व से लागू हुआ यह कैलेंडर आरंभ में 8 दिन के सप्ताहवाला था। इसमें एक वर्ष 304 दिन का 10 महीनों वाला था। (चोंकानेवाला तथ्य यह भी कि इस दसमासी कैलेंडर के सातवें माह का नाम सेप्टेंबर (सप्तअंबर), आठवें का ओक्टोबर (अष्टअंबर), नौवें का नवंबर (नवअंबर) व दसवें का दिसंबर (दसअंबर) नाम था।) जूलियस सीजर ने इसमें अपने नाम से जुलाई तथा सीजर अगस्ट्स के नाम से अगस्त माह से जोड़ इसे 360 दिन का बना दिया। 1582 में कैथोलिक देशों का इस कैलेंडर से परिचय होने के बाद अंतत: 1739 में इंग्लैंड ने स्वीकार किया और 1752 तक ब्रिटिश-अमेरिका आदि ब्रिटिश उपनिवेश में इसे स्वीकारा गया।



लेखक : कृष्णप्रभाकर उपाध्याय
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनेक विद्वान तो इसमें भी समय का 24 घंटा विभाजन भारतीय होराकाल (ढाई घड़ी का एक होरा माना जाता है) को ही इस कैलेंडर में गृहीत हॉवर/ऑवर मानते हैं। इसके विपरीत भारतीय गणनाकार पृथ्वी-सूर्य के परिक्रमा पथ के साथ-साथ पृथ्वी पर सीधा प्रभाव डालने वाले पृथ्वी-चंद्र परिपथ को दृष्टिगत रख, इसे 360 अंश में बांट इसका 27 नक्षत्रों में पुन: विभाजन कर तथा उसमें भी पल-विपल की बारीकियों को ध्यान रखने काल की गणना करते हैं। इस कालगणना को अवैज्ञानिक बताया जाना कालगणना का नहीं विज्ञान का अपमान करने के तुल्य है। लोगों की गलत सोचों के विपरीत भारतीय कालगणना अचूक व अत्यंत सूक्ष्म रूप से की गई कालगणना है। इसमें त्रुटि से लेकर प्रलय तक की गणना संभव है। भारतीय कालगणना के लिए प्रयुक्त 'सूर्य सिद्धांत' में काल के दो रूप बताए गए हैं। पहला अमूर्तकाल तथा दूसरा मूर्तकाल। दोनों कालों की गणना सूर्य सिद्धांत में वर्णित विभिन्न पद्धतियों द्वारा काल की मूल इकाई त्रुटि से की जाती है, जिसका आधुनिक मान 0.324 सेकंड है।

सूर्य सिद्धांत के अनुसार पृथ्वी द्वारा सूर्य की, की जाने वाली परिक्रमा की अवधि 365 दिन 15 घटी 31 पल 31 विपल व 24 प्रतिविपल है। इसे 365.25 दिन भी कह सकते हैं। इस परिपथ का विभाजन 27 नक्षत्र, 108 पाद में किया गया है। 9-9 पाद मिलकर 12 राशियां बनाते हैं। इसमें जिस कालखंड में सूर्य जिस राशि में रहता है, वहीं उस समय का सौरमास होता है। भारतीय कालगणना केवल सौर परिपथ की गणना कर ही संतुष्ट नहीं होती। वह चंद्रमा के पृथ्वी की परिक्रमा में लगन वाले समय की भी गणना करता है। इसके अलावा एक तीसरी गणना 'सप्तर्षि संवत' नाम से भी प्रचलित है। इसमें सप्तर्षि कहे जानेवाले नक्षत्रों के परिभ्रमण पथ के आधार पर गणना की जाती है। पीएन ओक सरीखे विद्वान तो अंग्रेजों की आधी रात को तिथि परिवर्तन करने की परिपाटी को भी भारतीय गणना पद्धति का अनुकरण मानते हैं। आकाश को 360 अंशों में मान, भचक्र को 27 भागों में बांट, 13 अंश 20 कला अर्थात 800 कला का एक क्षेत्र एक नक्षत्र का क्षेत्र माना जाता है। आश्वनि से रेवती नक्षत्र तक 27 नक्षत्रों में बांटे गए इस चक्र में चंद्र जब जिस दिन व समय को जिस भाग में गति कर रहा होता है, वह उस नक्षत्र का काल होता है।

गणना की बारीकी के लिए नक्षत्र को भी 4 चरणों में विभाजित किया गया है। एक चरण 3 अंश 20 कला का माना जाता है। योग सूर्य व चंद्र गति में 13 अंश 20 कला का अंतर होने की स्थिति का नाम है। इसे कलांश भी कहा जाता है। यह भी नक्षत्र की भांति 27 हैं, जबकि तिथि का आधा भाग करण कहा जाता है। इन पांचों की गणना के उपरांत आप स्वयं ही विचार कर सकते हैं कि भारतीय गणना कितनी वैज्ञानिक है। हां, विशुद्ध गणना करने के कारण थोड़ा जटिल अवश्य है। और संभवत: यही कारण है कि हम काल की जटिलता में पड़े बिना एक सरल पद्धति का सहारा लिए हुए हैं। भले ही वह कितनी ही अवैज्ञानिक, कितनी ही अमानक क्यों न हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

सहारा योजना बंद करना मरीज विरोधी फैसला

राजसुख की सरकार ने सहारा योजना अगर बंद कर दी तो सुखाश्रय चलाने का फिर क्या औचित्य समझा जाए? पूर्व भाजपा सरकार की ओर से चलाई गई जनहित कल्याणकारी सहारा योजना के लाभार्थियों को फिलहाल कोई आर्थिक सहायता नहीं मिल पा रही है। प्रदेश सरकार का सहारा योजना को लेकर क्या स्टैंड है, लाभार्थियों को कुछ समझ नहीं आ रहा है? प्रदेश सरकार न तो लाभार्थियों के खातों में पैसे डाल रही और न ही इस जनहित योजना बारे कोई स्थिति स्पष्ट कर रही है। आखिर किन कारणों की वजह से लाभार्थियों के खातों में पैसे नहीं डाले जा रहे, गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के मन में आज बहुत बड़ा सवाल है। लोकसभा चुनावों के चलते लगी आचार संहिता के बीच भी लाभार्थियों के खाते में पैसे आना संभव नहीं है।

केंद्र सरकार की आयुष्मान, पूर्व भाजपा सरकार की ओर से चलाई गई हिमकेयर योजना फिलहाल हिमाचल प्रदेश में बंद पड़ी हुई है। मीडिया की सुर्खियों के अनुसार सुख सरकार को निजी अस्पतालों को इन योजनाओं तहत कुल लंबित 300 करोड़ रुपए चुकाने हैं। निजी अस्पतालों का प्रदेश सरकार की ओर से लंबित भुगतान न किए जाने के कारण गरीब जनता को महंगा इलाज करवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कांगड़ा जिले में जिला कल्याण अधिकारी का पद पिछले नवंबर महीने से खाली पड़ा हुआ है। सरकारी योजनाओं का क्या हाल हो सकता है, यह फाइलें देखकर ही पता लगाया जा सकता है।

लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति का विकास किए जाने का दावा सुख की सरकार 'चलो गांव की ओर' अभियान में कर चुकी है, मगर गंभीर बीमारियों से पीड़ित लाभार्थियों को सहारा योजना का पैसा उनके खातों में न डालना बेहद अफसोसजनक है। सुख की सरकार ने सौ फीसदी दिव्यांगों के खाते में सहारा योजना का पैसा डालना भी जरूरी नहीं समझा है। पूर्व भाजपा सरकार ने पाकीसंस रोग, घातक कैंसर, लकवा, मस्कुलर, डिस्ट्रॉफी, हिमाफीलिया और फैलॉसिथिया जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सहारा योजना शुरू की थी। सहारा योजना क्रॉनिल, रिनल फेल्योर या किसी अन्य बीमारी से पीड़ित रोगियों को कबर करती थी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य घातक बीमारियों से पीड़ित रोगियों को आर्थिक सहायता पहुंचाना था।

सहारा योजना सन 2019 को शुरू की गई थी जिसके तहत करीब 2,482 करोड़ रुपए लाभार्थियों को आवंटित किया गया है। हिमाचल में पूर्व जयराम ठाकुर सरकार द्वारा चलाई गई जनहित कल्याणकारी सहारा योजना तहत 9,147 लोगों को इसका लाभ मिलता था। सांत्वना, दिलासा, सहारा और सहानुभूति गंभीर बीमारियों से पीड़ितों मरीजों प्रति दिखाए जाने से उनका मनोबल कई गुना बढ़ता है। सहारा योजना के लाभार्थियों को प्रति माह 3 हजार रुपए आर्थिक सहायता के रूप में मुहैया करवाया जाता रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू प्रत्येक मंच पर आर्थिक तंगहाली का राग अलापतें हैं, मगर सहारा योजना को बंद करके प्रदेश सरकार क्या अपनी कर्जदारी बोझ को कितना कम कर सकती है।

सुख की सरकार द्वारा चलाई गई सुखाश्रय योजना अनुसार बेसहारा बच्चों के रहने, खाने-पीने और पढ़ाई तक पूरा खर्च उठाने का बड़ा दावा किया है। यही नहीं ऐसे बच्चों को नौकरियां तक दिलाने में हरसंभव मदद किए जाने का उन्हें भरोसा दिलाया है। सरकार की सुखाश्रय योजना को लेकर प्रदेश की जनता उसकी सराहना कर रही थी। एक तरफ गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों की सहारा योजना बंद करके उसकी जगह सुखाश्रय को प्राथमिकता देना बिलकुल गलत है। जनहित की कल्याणकारी योजनाओं को बंद करके प्रदेश सरकार ने अपनी साख खोई है। हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का दिवाला निकल गया है। चिकित्सक आए दिन अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करने में मशगूल हैं। सरकारों को स्वास्थ्य बीमा योजनाएं लागू करने सहित सरकारी अस्पतालों में उचित स्वास्थ्य सुविधाएं जनता को मुहैया करवानी चाहिएं। माननीय भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा लेने के लिए दिल्ली अपोलो, पीजीआई और लुधियाना डीएमसी अस्पताल पर आखिर क्यों निर्भर रहते है? हिमाचल प्रदेश के सरकारी अस्पतालों प्रति माननीयों को सकारात्मक रवेया अपनाने की जरूरत है। अधिकतर निजी अस्पताल सिर्फ आयुष्मान, हिम केयर योजनाओं सहारे ही चल रहे हैं। सरकार अगर इस लंबित धनराशि का भुगतान समय रहते नहीं करती तो कुछेक निजी अस्पतालों पर ताला लटकना भी तय है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अपनी बात

छात्रों की जानकारी को परखने के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाता है। परीक्षा के द्वारा ही हम उनकी क्षमताओं का आकलन कर सकते हैं। परीक्षा का नाम सुनते ही हर विद्यार्थी के मन में एक अनजान सा भय आ जाता है। यही भय विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी करने में मन को एकाग्रचित नहीं करने देता है। परीक्षा के आने से पहले ही विद्यार्थी अवसाद में चले जाते हैं। परीक्षा में असफल होने का भय हमेशा विद्यार्थियों के मन में बना रहता है, जिसके कारण वे अपनी तैयारी सही ढंग से न

कड़े सुरक्षा घेरे में श्रद्धालुओं ने किए भलेई मंदिर के दर्शन

एमएम डैनियल, चंबा

नवरात्र में चंबा के ऐतिहासिक भलेई मंदिर में पुलिस ने कड़ा पहरा बैठा दिया है, ताकि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में श्रद्धालुओं को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करवाई जा सके। चंबा के भलेई मंदिर में पुलिस की ओर से विशेष खोजी दस्ता भी मंदिर में तैनात किया गया है। जिसे बिना निरीक्षण के किसी भी श्रद्धालु को मंदिर परिसर में प्रवेश की इजाजत देने के कड़े निर्देश विभाग ने जारी किए है।

वहीं पहले दिन नवरात्र के अवसर पर भलेई मंदिर में सदर विधायक नीरज नैयर अपनी धर्म पत्नी भारती नैयर व बेटी दृष्टि नैयर के संग दर्शन को पहुंचे। जहां भलेई माता मंदिर कमेटी अध्यक्ष कमल ठाकुर द्वारा सदर विधायक नीरज नैयर को व उनके परिवार को भलेई माता मंदिर तस्वीर प्रतिचिन्ह के रूप में भेंट की। वहीं मंदिर कमेटी द्वारा नवरात्र के उपलक्ष्य पर मंदिर कमेटी ने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में 12 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए हैं। (अनंत ज्ञान)

मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ व विधायक नीरज नैयर, पत्नी व बेटी को स्मृति चिन्ह देते कमल ठाकुर।

> मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने की पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिसमें सुरक्षा के तहत पुलिस जवानों का बल तैनात करवाने सहित सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए हैं। जबकि हर साल की तरह नवरात्र में मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।
>
> -कमल ठाकुर, अध्यक्ष, भलेई मंदिर कमेटी ।

पुलिस करेगी रात्रि गश्त : अभिषेक

जिला पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने कहा कि भलेई मंदिर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। किसी भी श्रद्धालुओं को बिना निरीक्षण के मंदिर में प्रवेश की इजाजत नहीं होगी। पुलिस नियमित रूप से रात्रि गश्त भी करेगी। इसके साथ मंदिन में पहुंच रहे भक्तों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाएगा।

चैत्र नवरात्र पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

अनंत ज्ञान चंबा

चंबा के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालु उमड़े हैं। बीते 55 वर्षों से अधिक समय से शहर के साथ लगते मोहल्ला माई का बाग में श्रद्धालुओं के एक दल ने श्री बालाजी धाम से विधिवत रूप से पवित्र ज्योति को लेकर चंबा पहुंचा।

नवरात्र पर भजन-कीर्तन का क्रम जारी रहता है। वहीं, दुर्गानवमी के दिन जालपा माता मंदिर कमेटी की ओर से विशाल भंडारा आयोजित किया जाता है। अगले दिन मूर्तिकार लता कुमारी की ओर से बनाई गई। माता महाकली की भव्य मूर्ति व श्री ज्वालाजी की पवित्र ज्योति को एक विशाल शोभायात्रा के रूप में रावी नदी नदी में प्रवाहित किया जाता है। इस दौरान कन्हैया कुमार, दीपक कुमार, पुष्पनाथ, नरेंद्र नाथ, मयंक कश्यप, अजय वर्मा, नरेंद्र मैहरा आदि मौजूद रहे।

मंदिर में दर्शनों के लिए जाते भक्त।

न्यूज ब्रीफ

नेटवर्क के अभाव से एयरटेल उपभोक्ता परेशान

चंबा । जिला कुछ समय में चल रही एयरटेल की लचर व्यवस्था से उपभोक्ताओं को अभी तक कोई राहत नहीं मिली है। हालात यह है कि नेटर्वक गुल होने के दौर से भी अब उपभोक्ताओं को सामना करना पड़ रहा है। लिहाजा जिला में एयरटेल की लचर व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं ने एयरटेल प्रबंधन कंपनियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उपभोक्ताओं में नरेश कुमार, किरण कुमार, सुमन कुमार, जग्गो राम आदि ने बताया कि चंबा में एयरटेल द्वारा सुविधाए देने के जितने भी दावे किया जाते है वह सब कंपनी की प्रसिद्धी के चलते धीरे-धीरे खोखले हो रहे हैं।

11 को होगा सूही मेले का आगाज

चंबा । जिला का ऐतिहासिक तीन दिवसीय सूही मेला का 11 अप्रैल को आगाज होगा। मेले के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन व नगर परिषद की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। नगर परिषद अध्यक्ष चंबा नीलम नैयर ने बताया कि मेले का शुभारंभ राज परिवार की कन्या की ओर से पूजा-अर्चना के साथ होगा। प्राचीन परंपरा के अनुसार 11 को राजमहल से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

सिख समुदाय ने की भाईचारे की मिसाल कायम

चंबा । रमजान के पवित्र महीने में सिख समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारे को लेकर अनूठी मिसाल पेश की है। उन्होंने जामा मस्जिद चंबा में अपनी तरफ से ईफ्तार पार्टी का आयोजन करवाकर मुस्लिम समुदाय के लोगों की रोजा इफ्तार करवाया । सिख समुदाय के भाई कमलदीप सिंह, तनप्रीत सिंह चंबा वालों ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने कहा कि इंसान एक ही है, ऐसे में सभी लोगों को एकजुट होकर ही रहना चाहिए।

कर्मियों को पोस्टल बैलट पेपर की मिलेगी सुविधा

चंबा । लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारतीय निर्वाचन द्वारा सूचीबद्ध आवश्यक सेवाओं में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पोस्टल बैलट पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया । अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान ने बताया कि कर्मियों को पोस्ट बैलट पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि संबंधित कार्यालय अध्यक्षों को नोडल अधिकारी चयनित किया गया है।

महालियत पाठशाला में लगाया चिकित्सा शिविर

किलाड़ । राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला महालियत में आज खंड स्तरीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिक चिकित्सालय किलाड़ के चार चिकित्सकों ने विशेष आवश्यकता बाले 15 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राजकुमार ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली आर्थिक व मेडिकल सहायता के बारे में विस्तार से बताया।

मेल में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

चुवाड़ी । मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला विंग के नोडल अधिकारी मीनल, नीतू पठानिया, अंजलि, वरयाम सिंह व आंगनबाड़ी सुपरवाइजर इंदिरा ने विशेष महिला कैंप ग्राम पंचायत भवन मेल में आयोजित किया गया। वहीं पांच नए वोट भी बनवाए गए। बूथ लेवल अधिकारी मनविंद्र, पंचायत सचिव संजीव भी हाजिर रहे। निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान मेंतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस मौके पर मतदाताओं को शपथ भी दिलाइ गई।

चूड़ी में शाम 4 बजे के बाद इलाज नहीं

25 किमी. दूर जाकर करवाना पड़ता है इलाज, स्वास्थ्य केंद्र को नसीब एक डॉक्टर

अनंत ज्ञान, भरमौर

चूड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकार ने डॉक्टर के पदों पर ही कैंची चला दी है। अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जहां 4 से 6 डॉक्टर के पद स्वीकृत है तो वहीं पर 24 घंटे मरीजों का इलाज चलता है और गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी होती है, लेकिन चूड़ी स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र में मात्र एक ही डॉक्टर का पद सृजित किया हुआ है।

यहां पर ब्लॉक स्तर पर 60 पदों में से 50 पद खाली चले हुए हैं। स्टाफ के अभाव में यहां पर कैंप आयोजित करने के लिए उधारी के स्टाफ मांगने पड़ते हैं। स्टाफ व मूलभूत सुविधाओं के अभाव में यहां पर मरीजों की भर्ती नहीं हो पाती है, वहीं गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी भी यहां नहीं होती है। मरीजों की सहुलियतों हेतु रखी हुई एक्स-रे मशीन यहां पर रखे-रखे ही कंडम हो गई है।

विधानसभा क्षेत्र भरमौर में स्थित स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में शाम 4:00 बजे के बाद मरीज का इलाज नहीं हो पता है। यहां पर स्वास्थ्य की सूरते हाल बेहाल है। बता दें कि चंबा से भरमौर के बीच मे सीएचसी चूड़ी ही एक मात्र ऐसा स्वास्थ्य संस्थान है जो विधानसभा क्षेत्र भरमौर कि 24 पंचायतों ग्राम पंचायतों के स्वास्थ्य के 70 हजार जनसंख्या को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करता है । मगर हैरानी की बात यहां सिर्फ सुबह 10 बजे से लेकर शाम चार बजे तक ही मरीजों की देखरेख होती है।

चूड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जहां कई मरीजों को परेशानी पेश आती है।

क्या कहते हैं बीएमओ

बीएमओ डॉक्टर नवदीप राठौर का कहना है कि वह सरकार व प्रशासन को अवगत करा चुके हैं। यहां साथ लगती सीएससी साहो में दिन-रात मरीजों का इलाज चल रहा है, गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी भी करवाई जा रही है और यहां पर 4 से 6 डॉक्टरों की पोस्ट स्वीकृत है, लेकिन चूड़ी में मात्र एक ही डॉक्टर की पोस्ट स्वीकृत है, जबकि यहां पर पापुलेशन ज्यादा है यहां की बिल्डिंग भी क्षतिग्रस्त है । यहां स्टाफ के 60 में से 50 पद खाली हैं ।

सरकार सिर्फ आश्वासनों तक सीमित : विधायक

विधायक डॉक्टर जनक राज ने कहा कि सरकार को सीएचसी चूड़ी की स्टाफ की कमी और लोगों को हो रही असुविधा के बारे अवगत करवाया है। झूठ की नींव तक बनी, यह सरकार आश्वासन देने के सिवाएं कुछ नहीं कर रही है

स्वास्थ्य केंद्र लोगों के लिए बना परेशानी का सबब

वर्ष 1980 में यह सीएचसी लोगों के इलाज के लिए खोली गई थी, लेकिन यहां पर स्टाफ व मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए दिन लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। भरमौर से चंबा के बीच में स्थित यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किसी भी आपातकालीन स्थिति में लोगों के काम नहीं आ रहा है।

अब तक कई नेता सत्ता में आए वह चले गए लेकिन इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के हालात को बदलने के लिए किसी ने भी कोई काम नहीं किया है। लोगों ने हजारों शिकायतें यहां पर चल रही कमियों को लेकर नेताओं व प्रशासन के पास की है, लेकिन अभी तक इनका समाधान नहीं हो पाया है। हर दिन 100 से अधिक मरीजों की यहां पर देख-रेख होती है लेकिन मरीज को दाखिल करने की यहां पर कोई भी व्यवस्था नहीं है। ब्लॉक चूड़ी में स्वीकृत 60 में से 50 पद पिछले की समय से खाली हैं।

यहां के विधायक खुद पेसे से डॉक्टर हैं लेकिन डॉक्टर के विधानसभा में ही स्वास्थ्य का सूरते हाल बेहाल हो चुका है। भाजपा सरकार ने भी इस स्वास्थ्य केंद्र को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने में कोई भी रुचि नहीं दिखाई है।

चंबा मेरा दूसरा घर, काम मेरी प्राथमिकता : डॉ. राजीव

बातचीत करते हुए चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ. राजीव व अन्य।

एमएम डैनियल, चंबा

चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्धाज ने कहा कि चंबा में वह लगातार कई वर्षों से आ रहे हैं। मैं चंबा को अपना दूसरा घर मानता हूं। यह बात उन्होंने मंगलवार को चंबा दौरे के दौरान कही। उन्होंने कहा कि लोस चुनाव जीतने के बाद उनकी पहली प्राथमिकता काम करवाना है। चंबा में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा, सीमेंट उद्योग भी स्थापित होगा और इसके अलावा प्रस्तावित सुरंगों के निर्माण कार्यों को पूरा करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर दौड़ पड़ी है। हर युवाओं से लेकर वृद्ध व महिला मतदाता पीएम मोदी को तीसरी बारी प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। इसके चलते इस बार भाजपा लोस चुनाव में 400 से पार सीटों पर अपनी प्रचंड जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी है तो सब कुछ मुमकिन है। 15 माह के कार्यकाल में प्रदेश सरकार द्वारा चुनाव के दौरान जनता को जो गारंटियां दीं उसकी कसौटी में कहीं भी खरा नहीं उतर पाएं है। चाहे वह 309 यूनिट निशुल्क बिजली देने की बात हो, महिलाओं को हर माह 15 सौ रुपए देने की बात हो, दूध उत्पादकों से 100 रुपए खरीदने से लेकर दो रुपए किलो के हिसाब से गोबर खरीदना या फिर हर वर्ष एक लाख बेरोजगारों को रोजगार देने की बात हो किसी भी गारंटी को प्रदेश सरकार अब पूर्ण नहीं कर पाई है।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम द्वारा 125 यूनिट निशुल्क बिजली देने की सुविधा को जहां बंद कर दिया है वहीं व्यावसायिक व घरेलू बिजली के दामों को भी बढ़ा दिया है। जिसके चलते अब प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री सुक्खू के पद से हटने का इंतजार कर रहे है। इस मौके पर चंबा सदर पूर्व विधायक पवन नैयर, जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल, प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य जय सिंह, मंडलाध्यक्ष महाराज सिंह बडियाल सहित कई पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

15 मई तक साच पास बहाल करने का लक्ष्य, मशीनें की रवाना

तीसा । पांगी को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले साच पास की बहाली का काम लोक निर्माण विभाग ने शुरू कर दिया है। मार्ग बहाली का काम शुरू करने से पहले मशीनों की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मशीनें बीते दिन ही साच पास की बहाली के लिए रवाना कर दी गई थीं। 14000 फीट की ऊंचाई पर स्थित साच पास में इस बार करीब 30 से 35 फीट तक बर्फबारी हुई है। पीडब्ल्यूडी की मानें तो इस बार साच-पास में रिकॉर्ड बर्फबारी हुई है। ऐसे में विभाग के लिए यातायात के लिए सड़क को बहाल करना चुनौती से कम नहीं है।

विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनौती उस समय आती है, जब साच पास में हिमस्खलन प्रभावित विभिन्न स्थानों पर जेसीबी ऑप्रेटर को काम करना पड़ता है। यहां हिम स्खलन का खतरा रहता है। ऐसे में लोक निर्माण विभाग पांगी ने दो मशीनें तैनात की है। चंबा की ओर से दो मशीनें बैरागढ़ से दो दिन के भीतर रवाना हो जाएंगी।

उधर, लोक निर्माण विभाग मंडल पांगी के सहायक अभियंता रवि शर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बीते दिन मशीनरी साच-पास को बहाल करने के लिए रवाना कर दी गई है। उन्होंने बताया कि साच पास में मौजूदा समय में करीब 30 से 35 फीट बर्फ है।

प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने डीसी से समस्याओं के निवारण की उठाई मांग

अनंत ज्ञान चंबा

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से चुनाव ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों को आने वाली समस्याओं के निराकरण की मांग की है ।

स्कूल प्रवक्ता संघ की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंप गए मांग-पत्र में कहा कि चुनाव बूथ पर अधिकृत चुनाव टीम को रहने, सोने, भोजन आदि के बेहतर इंतजाम होने चाहिए।

स्कूल प्रवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष दीप सिंह खन्ना, राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश बसंत, जिला महासचिव राजेश ठाकुर, जिला वित्त सचिव संजीव ठाकुर, मुख्य प्रेस सचिव जगजीत जरयाल, मुख्य सलाहकार सूरज बली, जिला संचालन समिति के अध्यक्ष शौकत अली आदि ने कर्मियों के चुनाव ड्यूटी के दौरान नियमानुसार मिलने वाले दैनिक भत्ते के अदायगी चुनाव पूर्ण होने के 15 दिन के भीतर उनके बैंक खाते के माध्यम से हो जानी चाहिए। वहीं चुनाव संपन्न होने के बाद जब कर्मचारी चुनाव संबंधी सामग्री एवं ई वी एम मशीने जमा करवाते हैं उसमें भी कई प्रकार की अव्यवस्थाएं होती हैं उनका भी निराकरण करने की मांग की।

प्रदेश स्कूल संघ के सदस्य डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए।

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में पूर्व-छात्र संघ का गठन

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में पूर्व छात्र के सदस्य।

चंबा। राजकीय महाविद्यालय सलूणी में महाविद्यालय के पूर्व छात्रों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहिंद्र कुमार सलारिया ने की। बैठक में महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और राजकीय महाविद्यालय सलूणी पूर्व-छात्र संघ का गठन किया गया।

नवगठित संघ के चुनाव में अनिल कुमार ठाकुर प्रधान, अमित कुमार उपप्रधान, दिनेश कुमार सचिव, अवनीश कुमार सह-सचिव, कुलदीप सिंह कोषाध्यक्ष, मनोज कुमार, विनोद कुमार, कृष्णा कुमारी तथा भावना देवी सदस्य चुने गए। बैठक में पूर्व छात्रों ने महाविद्यालय के विकास और छात्रों की सुविधाओं के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य और स्टाफ को अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ. मोहिंद्र कुमार सलारिया ने पूर्व छात्रों की सक्रियता की सराहना की।

सूडोकु 0028

★☆☆☆☆ सरल

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 0027 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

पंचायत डांड में आग लगने से लाखों का नुकसान

डलहौजी । उपमंडल सलूणी के अंतर्गत गांव डांड में एक दुकान में आग लगने से लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बीती रात गांव डांड के दुकानदार सुरेश कुमार पुत्र जनता तहसील सलूणी जिला चंबा को आधी रात सूचना प्राप्त हुई की उसकी दुकान में प्रचंड आग लगी हुई है। सुरेश ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से आज पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया किंतु आग के आगे किसी की एक न चली और देखते ही देखते पूरी दुकान जलकर राख हो गई।

सुरेश की माने तो उसकी दुकान में रखा सारा सामान आपकी भेंट चढ़ गया है और लाखों के समान का अनुमान है। तो वही सुबह स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर हुए नुकसान का आकलन किया तथा 5 हजार रुपए फौरी राहत जारी कर दी है।

भरमाणी मंदिर के कपाट खुलने पर भंडारा 13 को

भरमौर । ग्राम सुधार कमेटी ग्राम पंचायत सचुई भरमौर द्वारा भरमाणी माता मंदिर के कपाट खुलने पर विशाल भंडारे का आयोजन 13 अप्रैल को मंदिर परिसर में किया जाएगा।

कमेटी प्रवक्ता देश राज जपोत्रा ने कहा कि हर साल की भांति इस वर्ष भी कपाट खुलने पर नव वर्ष शुरू होने पर भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें दूर-दराज के अतिरिक्त स्थानीय लोग भाग लेते हैं। कमेटी प्रवक्ता ने बताया कि साथ लगते गांव के लोग भी तन मन व धन से सहयोग कर सकते है। इस अवसर पर राकेश, सुरेश, सुमन, पुरषोत्तम , प्रीतम, ओम प्रकाश, पिंकू आदि ने जानकारी दी।

जिले के पांच अध्यापकों ने सिंगापुर में लिया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण कैंप में भाग लेने वाले अध्यापक व अन्य।

चंबा । समग्र शिक्षा एवं शिक्षा विभाग के तत्वधान से जिला चंबा के पांच अध्यापकों ने सिंगापुर में प्रशिक्षण लिया । पिछले सप्ताह हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा शोध अध्यापकों को सिंगापुर प्रशिक्षण के लिए भेजा गया जिसमें जिला चंबा के पांच अध्यापक शामिल थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रिंसिपल अकादमी के सहयोग से करवाया गया। कार्यशाला के अंत में प्रिंसिपल अकादमी की अध्यक्ष एवं प्रारंभिक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक ने सभी को सर्टिफिकेट देकर कर सम्मानित किया।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

10 अप्रैल, 2024, बुधवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** द्वितीया: (5:34) : **नक्षत्र :** भरणी (3:06), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** विश्कुम्भ (10:36) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), राहुकाल (12:22 - 01:58)।

विशेष दिन

» 10 अप्रेल 2024 : चेटीचंड आज।

» 10 अप्रेल 2024 = सिंजारा आज।

मेष : यात्रा को टालना पड़ सकता है। खर्च पर संतुलन बनाना होगा, तनाव और उलझन की स्थिति बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृषभ: किस्मत का साथ मिलेगा। मेहनत के अनुपात में दोगुना लाभ प्राप्त कर सकेंगे। व्यवहार सहयोगात्मक रखें,लोगों से भी सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

मिथुन: कार्य की व्यस्तता रहेगी, धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी और नई तकनीक की जानकारी के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति संतुलित रहेगी।

कर्क : भाग्य का साथ मिलेगा।सोच-विचार कर काम करें, लाभ मिलेगा। आज अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें, सफलता मिलेगी।

सिंह: जीवनसाथी से मतभेद हो सकता है, सचेत होकर कार्य करें । भावनाओं पर नियंत्रण रखकर निर्णय लें।

कन्या : विरोधी परास्त होंगे। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात। कारोबार में लाभ होगा। कहीं से पैसा लेना हो तो आज प्रयास कीजिए।

तुला : योग्यता व कार्यक्षमता की तारीफ होगी। आपके सहकर्मी सीख लेंगे, परिवार में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा।

वृश्चिक: बेचैनी आज शांत हो जाएगी, मन में शांति का अनुभव होगा, अतिरिक्त आय के नए साधन नजर आएंगे। आधा दिन परोपकार करने में बीतेगा।

धनु : सावधान होकर काम करें। वाद-विवाद में न पड़ें, आज क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। खर्चे कम हो जाने से आपकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

मकर : नवीन कार्य के सिलसिले में यात्रा कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पराक्रम एवं आत्मविश्वास में वृद्धि का योग है।

कुंभ : आज लाभ का मौका मिलेगा। दिन की शुरुआत धन लाभ से होगी, बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा।

मीन: उलझन से छुटकारा मिलेगा। आलस्य छोड़कर कार्य में जुटे, अनावश्यक खर्च से बचें। नौकरी और व्यवसाय में स्थिति आपके अनुकूल रहेगी।

उलझन गैर जनजातीय पंचायतों में अलग विधानसभा क्षेत्र बनाने की उठी मांग, क्योंकि

भरमौर की 24 पंचायत के लोग नहीं लड़ सकते विधानसभा चुनाव

अनंत ज्ञान, भरमौर

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत आने वाली गैर जनजातीय पंचायतों में एक बार फिर से अलग विधानसभा क्षेत्र बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस मांग को जनमत जुटाने के लिए बाकायदा सोशल मीडिया पर एक ग्रुप भी बनाया गया है। गैर जनजातिय क्षेत्र संघर्ष समिति के नाम से बनाए गए इस ग्रुप में लोगों के विचारों को परखा जा रहा है।

गैर जनजातीय क्षेत्र संघर्ष समिति का कहना है कि जिस तरह से हाटी समुदाय के लोगों को जनजातीय का दर्जा दिया गया है। ठीक उसी तर्ज पर विधानसभा क्षेत्र भरमौर की 24 पंचायत के लोगों को भी एसटी का दर्जा दिया जाए।

24 पंचायत के लोगों को एसटी का दर्जा देने की उठाई मांग

गौरतलब है कि विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत आने वाली 24 पंचायत को यहां पर जनजातीय का दर्जा नहीं दिया गया है। यही नहीं इन 24 पंचायत के लोग विधानसभा क्षेत्र का चुनाव भी नहीं लड़ सकते हैं, क्योंकि भरमौर विधानसभा की यह सीट अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए आरक्षित रखी गई है। लिहाजा अनुसूचित जनजाति का दर्जन नहीं मिलने के कारण इन 24 पंचायत के लोग कभी भी विधानसभा नहीं जा सकते हैं।

वर्तमान समय में विधानसभा क्षेत्र भरमौर को तीन भागों में बांटा जाता है, जिसके तहत एक जोन में तहसील भरमौर तहसील होली की 31 पंचायतें है, वहीं पर इसमें गैर जनजाति क्षेत्र की 24 पंचायत भी शामिल है, तो वहीं पर 19 पंचायत पांगी क्षेत्र की शामिल है।

हालांकि वर्ष 2012 से पहले गैर जनजाति क्षेत्र कि यह पंचायतें विधानसभा चंबा के अंतर्गत आती थी लेकिन पुनर्सीमांकन के बाद यह पंचायतें विधानसभा क्षेत्र भरमौर में डाल दी गई है। हालांकि पांगी व भरमौर को ट्राइबल का दर्जा मिला है।

विधानसभा चुनाव में ले सकते हैं भाग

लिहाजा यहां के लोग विधानसभा चुनाव में भाग ले सकते हैं, लेकिन यहां की 24 पंचायत के लोग जो गैर जनजातिय क्षेत्र है विधानसभा चुनाव में भाग नहीं ले सकते हैं। हालांकि पूर्व में भी इस क्षेत्र के लोगों ने समय-समय पर इस क्षेत्र को जनजातिय दर्जा देने की मांग की है। जानकारों की माने तो इस क्षेत्र की संस्कृति रहन-सहन वह भौगोलिक परिस्थितियों बिल्कुल जनजातिय क्षेत्र भरमौर की तरह है बावजूद इसके इस क्षेत्र को ट्राइबल का दर्जा नहीं दिया गया है। तो वहीं पर अब इस क्षेत्र को अलग विधानसभा क्षेत्र बनाने की मांग भी जोर पकड़ने लगी है।

शीतला माता की चौखट पर पूरी होती है भक्तों की मनोकामना

सरवरी कुल्लू में स्थित शीतला माता मंदिर का दृश्य।

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

जिला कुल्लू मुख्यालय के नजदीक सरवरी पुल के पास स्थित शीतला माता मंदिर अपनी मान्यताओं के लिए जाना पहचाना जाता है। शीतला माता को भगवान शिव की अर्धांगिनी मां पार्वती का अवतार माना जाता है।

शीतला मंदिर कुल्लू के पुजारी मदन देव शर्मा जोकि पिछले 40 सालों से मंदिर में अपनी मुख्य पुजारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहें हैं, ने मंदिर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि माता का मंदिर इसी स्थान पर हजारों सालों से विद्यमान है, मगर मंदिर के नवनिर्माण को करीब 40 साल से ऊपर हो चुका है।

उन्होंने बताया कि शीतला माता की पूजा करने से दैहिक, दैविक ओर भौतिक तापों से मुक्ति मिलती है। सच्चे मन से माता के चौखट में मन्नत मांगने से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। खासकर चेचक जैसी बीमारियों के लिए तो मां का नीर रामबाण है जोकि कभी निष्फल नहीं जाता। (अनंत ज्ञान)

माता के मंदिर में होता है चेचक की बीमारी का इलाज

शीतला माता मंदिर के पुजारी के अनुसार माता सभी बीमारियों की माता है। इस मंदिर में बहुत दूर-दूर से हजारों लोग अपने शारीरिक कष्टों का निवारण के लिए पहुंचते हैं। मान्यताओं के अनुसार चिकन पॉक्स या चेचक उस इंसान को होता है, जिसपर माता का बुरा प्रकोप पड़ता है। माना जाता है कि इस दौरान उनकी पूजा करने पर माता व्यक्ति की शरीर में आती है और बीमारी को ठीक कर देती हैं। जो लोग सच्चे मन से माता रानी के समक्ष अपनी परेशानी और तकलीफों को बयां करते हैं उन्हें माता रानी कभी भी खाली हाथ नहीं लौटाती। यहां पर आने वाले भक्त माता रानी को नमक और झाड़ू चढ़ाते हैं।

कैसे करें माता रानी की पूजा

शीतला सप्तमी-अष्टमी के दिन सुबह जल्दी उठकर माता शीतला का ध्यान करना। शीतला सप्तमी के दिन व्रती को सुबह नित कर्मों से निवृत्त होकर स्वच्छ व शीतल जल से स्नान करना चाहिए। सप्तमी के दिन महिलाएं मीठे चावल, हल्दी, चने की दाल और लोटे में पानी लेकर पूजा करती हैं। माता शीतला को जल अर्पित करें और उसकी कुछ बूंदे अपने ऊपर भी डालें।

नवरात्रों में भक्तों का तांता

मंगलवार से जिला के सभी मंदिरों में नवरात्र शुरू होने से भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया है। नवरात्र में नव दुर्गा की पूजा विशेष रूप से की जाती है, ऐसे में शीतला माता मंदिर में भी भक्तों का तांता लग जाता है और इस दौरान भक्त माता रानी के दरबार में पूजा अर्चना कर पुण्य कमाते हैं।

बिना धोती नहीं होती पूजा

शीतला माता के पुजारी के अनुसार मंदिर में माता रानी की पूजा करते समय विशेष रूप से ध्यान रखा जाता है कि पुजारी धोती पहन कर पूजा पाठ करे, बिना धोती की पूजा नहीं की जा सकती। माता रानी की पूजा सुबह 7:30 बजे और शाम को 7:30 बजे की जाती है। मंदिर में चमड़े के बने उत्पाद सहित शराब ओर मादक पदार्थ को ले जाने और इस्तेमाल की सख्त मनाही है।

शीतला मंदिर में हर रोज आते हैं हजारों भक्त

शीतला माता मंदिर सरवरी कुल्लू में हर रोज हजारों लोग माता के दर्शनों का लाभ लेने के लिए दूर-दूर से यहां पर पहुंचते हैं। शीतला मंदिर में दूर से आने वाले भक्तों के ठहरने के लिए धर्मशाला भी है, जहां पर भक्त विश्राम कर सकते हैं। हिमाचल ही नहीं बल्कि अन्य प्रदेशों से भी हजारों की संख्या में भक्त माता के दर्शन और अपने कष्टों का निवारण के लिए पहुंचते हैं।

न्यूज ब्रीफ

खराहल घाटी के न्यूली गांव की सोनाक्षी जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयनित

कुल्लू : जिला कुल्लू की खराहल घाटी के न्यूली गांव की सोनाक्षी राणा का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय बन्दरोल के लिए हुआ है। सोनाक्षी राणा के पिता चालक हैं जबकि माता गृहणी हैं। राजकीय चालक एवं परिचालक महासंघ जिला कुल्लू के अध्यक्ष तुले राम ने बताया कि सोनाक्षी राणा महासंघ के उपाध्यक्ष खीमी राम राणा की बेटी है और उसका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय बन्दरोल के लिए हुआ है।

बबेली में शेड में लगी आग में व्यक्ति झुलसा, नेरचौक में चल रहा है इलाज

कुल्लू । जिला मुख्यालय कुल्लू से करीब 7 किलोमीटर दूर बबेली में आगजनी की घटना का मामला सामने आया है। मंगलवार को बबेली में एक शेड में आग लग गई ओर अचानक से लगी आग में एक व्यक्ति झुलस गया है। उक्त व्यक्ति हालत गंभीर बनी हुई है ओर चिकित्सकों ने उक्त व्यक्ति को आगामी उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज नेरचौक के लिए रेफर कर दिया है। आगजनी में झुलसे 50 वर्षीय कृष्ण पुत्र मनी राम निवासी मकान नंबर 130/10 धनेहड़ा, तहसील व जिला मंडी बबेली में स्थित शेड में चिकन की दुकान चलाता था। आगजनी की घटना में करीब 25,000 रुपये का नुकसान हुआ है हालांकि आग को दमकल विभाग के कर्मियों ने मौके पर जाकर बुझा दिया। हांलाकि आग के लगने कारण अभी तक अज्ञात बताया जा रहा है। घटना की पुष्टि करते हुए एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने कहा कि बबेली में आगजनी की घटना में शेड में दुकान चला रहे कृष्ण आग की लपटों की चपेट में आ कर झुलस गया जिस का अभी नेरचौक में इलाज़ किया जा रहा है।

सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय मनाली में धूमधाम से मनाया गया नव संवत

मनाली । अनिला महाजन सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाली में नव संवत (विक्रमी संवत 2081) बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। मंगलवार को विद्यालय में आयोजित नव संवत के अवसर पर कई तरह के कार्यक्रम पेश किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष जगदेव ठाकुर, जिला अध्यक्ष व प्रबंध समिति प्रबंधक ओम प्रकाश ठाकुर, पी.टी.ए. व मातृभारती के सभी गणमान्य अतिथि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों व बच्चों के द्वारा गाये गए भक्ति गीतों ने विद्यालय के वातावरण को भक्तिमय कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रूम सिंह ठाकुर ने नव संवत पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए इसके महत्व को अभिभावकों व बच्चों को बताया। इस अवसर पर विद्यालय में हवन कार्यक्रम का आयोजन कर वातावरण को शुद्धता से भर दिया। जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर ने समर्पण के महत्व से अभिभावकों को अवगत करवाया। समर्पण कार्यक्रम में अभिभावकों व बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

बारालाचा दर्रा 15 तक होगा बहाल

अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक लाहौल व स्पीति वैली को जोड़ने वाले कुंजम दर्रा की बहाली की उम्मीद

कमलेश वर्मा, केलांग

सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण बारालाचा दर्रा के मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य में सीमा सड़क संगठन (आरसीसी) की टीम जुटी हुई है। उम्मीद जताई जा रही है कि 15 अप्रैल तक इस मार्ग को भी हल्के वाहनों के लिए बहाल कर दिया जाएगा। वहीं, लाहौल को स्पीति वैली काजा उपमंडल के साथ जोड़ने वाले कुंजम दर्रा को खोलने के कार्य को तेज गति प्रदान की जा रही है जिसमें सीमा सड़क संगठन की 94 आरसीसी और 108 आरसीसी की टीमें विषम परिस्थितियों में दोनों ओर से भारी मशीनों के साथ सड़क मार्ग को खोलने के कार्य में जुटी हुई है।

अप्रैल के अंतिम सप्ताह में इस मार्ग को भी बहाल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा शिंकुला दर्रे को भी हल्के वाहनों के लिए बहाल किया गया है। इस दर्रे पर 10 अप्रैल बुधवार से लाहौल के दारचा पुलिस चेक पोस्ट से प्रातः 7 से 11 बजे तक हल्के फोर बाई फोर वाहनों को ही फिलहाल आवाजाही के लिए खोला जा रहा है।

मार्ग की बहाली में जुटी बीआरओ की मशीनरी

इस दर्रे पर वाहनों की आवाजाही की वैकल्पिक व्यवस्था रहेगी। 11 अप्रैल को पदुम जांस्कार की ओर से वाहन लाहौल की और प्रवेश करेंगे, इसके लिए जिला लाहौल स्पीति पुलिस के जवान दारचा पुलिस चेक पोस्ट पर व्यवस्थित रूप से ट्रैफिक संचालन के लिए तैनात कर दिए गए हैं।

बॉर्डर मार्गों पर नाके लगाकर की जा रही निगरानी

लोकसभा व विधानसभा के उपचुनावों के मद्देनजर और आदर्श आचार संहिता के चलते लाहौल की सीमाओं (इंटर स्टेट बॉर्डर) पर नजर रखी जा रही है। लाहौल के साथ लगती कारगिल व लेह के बॉर्डर मार्गों पर भी जिला पुलिस के नाके लगाए जा रहें ।

75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य

उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने लोगों से अपील की है मतदाता 4 मई तक शिफ्टिंग ऑफ वोट व नए मतदाता अपना वोट भी बनवा सकते हैं। जिला लाहौल स्पीति में 37 पोलिंग स्टेशन ऐसे हैं जहां पर पिछली बार 60 से 62 प्रतिशत ही मतदान हुआ था लेकिन इस बार 75 प्रतिशत मतदान करवाने का लक्ष्य रखा गया है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला लाहौल स्पीति में स्वीप अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

अब गुलाबा तक जा सकेंगे पर्यटक, मार्ग बहाल

मनाली । पर्यटन नगरी मनाली में सैर सपाटे के लिए पहुंच रहे पर्यटक अब रोहतांग मार्ग पर गुलाबा तक जा सकेंगे। प्रशासन ने इस मार्ग को गुलाबा तक पर्यटकों के लिए बहाल कर दिया है। उपायुक्त कुल्लू ने कोठी बेरियर को गुलाबा स्थापित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। सर्दियों के चलते गुलाबा बेरियर को गुलाबा से कोठी स्थापित किया था अब समर सीजन के दस्तक देते ही इस बेरियर को गुलाबा स्थापित कर दिया है।

बीआरओ रोहतांग दर्रे की बहाली में जुट गया है। लाहुल की ओर कोकसर से तो मनाली की ओर राहलाफाल से आगे सड़क बहाली के कार्य जारी है। बीआरओ की माने तो अप्रैल के अंत तक रोहतांग दर्रा बहाल हो जाएगा। अटल टनल बनने के बाद अब बीआरओ की प्राथमिकता रोहतांग दर्रा नहीं रही है। गौर हो कि एनजीटी के आदेशानुसार गुलाबा से रोहतांग तक परमिंट प्राप्त वाहन ही जा सकते हैं लेकिन गुलाबा बेरियर तक सभी वाहन जा सकते हैं।

उपायुक्त राहुल कुमार से मिला प्रतिनिधमंडल

केलांग । जिला लाहौल-स्पीति कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधमंडल मंगलवार को जिला उपायुक्त राहुल कुमार से मिला। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने लिंडूर गांव की मुख्य समस्याओं के बारे मे लिखित रूप से अवगत कर शीघ्र समाधान के लिए आग्रह किया गया। अनिल सहगल ने बताया कि गामीणों के अनुसार उन्होंने पहले भी लिंडूर गांव में लगातार भू स्खलन के चलते पलायन होने की जो स्थिति पैदा हुई है, अभी भी ज्यूं की त्युं बनी हुई है।

प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन द्वारा भारत सरकार की भू गर्भ वैज्ञानिकों व आईआईटी के दल ने अपने सर्वे के दौरान क्या रिपोर्ट जिला प्रशासन को अब तक दी है, उसे उक्त गांव वालों के साथ साझा किया जाए ताकि सभी को उन के जमीन व मकानों के भूस्खलन की उचित व सही जानकारी मिल सके। इसी तरह गांव वालों ने जिला प्रशासन के माध्यम से अस्थाई प्रिफेब हट बनाने की जो गुहार लगाई थी, उक्त मांग के लिए जब तक सरकार की ओर से कोई प्रावधान नहीं होता है। उपायुक्त राहुल कुमार ने कांग्रेस कमेटी की ओर से रखी गयी लिखित मांग को पूर्ण करने का आश्वासन दिया है।

नववर्ष पर आनी में निकली प्रभात फेरी

अनंत ज्ञान,आनी

भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी संवत 2081 और चैत्र नवरात्र के शुभारंभ का पर्व आनी में भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर आनी बाजार में प्रभात फेरी निकाली गई। मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर आनी के स्कूल स्टाफ ने प्रातः हवन पाठ के बाद छात्रों संग पूरे आनी बाजार में बैंड की धुनों के साथ प्रभात फेरी निकाली और जयघोष के साथ आम जनमानस को नव वर्ष विक्रमी संवत 2081 और चैत्र नवरात्रे की सभी को बधाई दी। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य दीपक ठाकुर ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को बहुत ही शुभ माना गया है,क्योंकि इस दिन ही ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी।

दो अलग-अलग मामलों में 14.84 ग्राम चिट्टा के साथ दो गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू में दो अलग-अलग मामलों में 14.84 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। पहले मामले में गड़सा घाटी में पुलिस थाना भुंतर की टीम ने बजौरा के समीप गड़सा पुल के पास नाकाबंदी के दौरान एक युवक के कब्जे से नौ ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है।

आरोपित की पहचान अक्षित कौशिक (26 वर्ष) पुत्र विजय कौशिक निवासी गांव व डाकघर थुरल जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस थाना कुल्लू की टीम ने गश्त के दौरान तलोगी में गुप्त सूचना के आधार पर जगदीश (33 वर्ष) पुत्र तेज राम निवासी नांगचा डाकघर बंदरोल तहसील कुल्लू हाल रिहायशी मकान स्थित तलोगी में आरोपित जगदीश के कब्जा से 6.84 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस थाना भुंतर व पतलीदकुहल में आबकारी अधिनियम के तहत दो मामले दर्ज हुए हैं।

पहले मामले में गुप्त सूचना के आधार पर ट्रांस शिवा के समीप मामू ढाबा राहला में तलाशी के दौरान परमा नंद निवासी गांव व डाकघर राहला तहसील औट जिला मंडी के कब्जा से 12 बोतलें देशी शराब बरामद की गई है। वहीं दूसरे मामले में एक महिला की चाय की दुकान स्थित खारुनाला (पतलीकुहल) में तलाशी के दौरान 5 लीटर अवैध शराब बरामद की गई हैं।

यूनिटेड फ्रंट ऑफ एक्स सर्विस मैन संघ की बैठक संपन्न

सरकाघाट । यूनिटेड फ्रंट ऑफ एक्स सर्विस मैन संघ की वार्षिक बैठक अध्यक्ष सूबेदार राजू राम की अध्यक्षता में सम्पन हुई। इस अवसर पर फ्रंस के महासचिव कैप्टन रमेश तपवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व सैनिकों के अधिकारों की रक्षा व पेंशन संबंधी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान दुनिया को छोड़ चुके पूर्व सैनकों के प्रति 2 मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गई।

पहले नवरात्र पर 81 लोगों ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान, मनाली

रोटरी क्लब मनाली की ओर से हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य पर मनाली मालरोड पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 81 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। इस शिविर में पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं व महिलाओं में खासी रूचि दिखाई दी। रोटरी क्लब मनाली के अध्यक्ष अनुराग सूद ने सभी रक्तदाताओं का स्वागत किया और पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि कुल्लू ब्लड बैंक में रक्त की कमी चल रही है, जिसके चलते रोटरी क्लब मनाली ने हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का फैसला लिया था। इस शिविर में ब्लड बैंक कुल्लू व रोटरेक्ट क्लब मनाली ने भी सहयोग किया जिसके लिए उन्होंने सभी रक्तदाताओं व शिविर का आयोजन करने वालों का आभार व्यक्त किया। इस शिविर मे रोटरी व रोटरेक्ट क्लब मनाली के 25 से अधिक सदस्य मौजूद रहें।

मनाली मालरोड पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदानी।

सेब को ओलों से बचाने के लिए डाली जा रही एंटी हेलनेट

आनी । मौसम की बेरुखी से सेब की फसल पर संकट छा गया है। सर्दियों में लंबे समय तक बारिश का न होना और फ्लावरिंग के दौरान बारिश और ओलावृष्टि के होने से इस बार सेब उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका जताई जा रही है। सूबे में एक बार फिर से मौसम के बदलने वाले मिजाज को देखते हुए फिर से मौसम के सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है, जिसके चलते कुल्लू जिला के बागवानों को परागण की चिंता सता रही है कि इस बार भी पिछले वर्ष की तरह सेब सेटिंग में मौसम बाधा न डाले।

ऐसे में जिला के आनी क्षेत्र के निचले- मध्यम व ऊपरी बेल्ट के अधिकांश इलाकों में सेब फसल को संभावित ओलावृष्टि से बचाव के लिए बागवान सतर्क हो गए हैं और समय रहते अपने सेब बागानों में एंटी हेलनेट डालने के कार्य में जुट गए हैं, जिससे आनी क्षेत्र की पूरी वादियां इन दिनों एंटी हेलनेट की सफेद चादर से सराबोर हो गई हैं। हेलनेट लगाने से सेब की टहनियां, बीमे व पत्तियां सुरक्षित रहती हैं और तापमान भी सामान्य रहने के आसार रहते हैं, जबकि फूलों पर परागण प्रक्रिया भी सही हो पाती है।



सुरक्षा बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए नदी किनारे सुरक्षा दीवार लगाना अतिआवश्यक

पार्वती नदी से मलबा हटाने का कार्य जोरों पर

अनंत ज्ञान, भुंतर

जिला कुल्लू के भुंतर स्थित जिया में पार्वती नदी से मलबा हटाने का कार्य प्रशासन द्वारा शुरू कर दिया है, जिससे बाढ़ का खतरा कम हो जाएगा। ग्रामीणों ने इससे थोड़ी राहत की सांस ली है। गौर रहे कि गत वर्ष आई प्राकृतिक आपदा ने कुल्लू की ऐतिहासिक नदियों पार्वती व ब्यास ने खूब तबाही मचाई थी। आपदा में आई बाढ़ से कई लोग बेघर हो गए थे।

नदियों में मलबा भरने से बहुत से एरिया डेंजर जोन में आ गए थे। जिया संगम व पार्वती नदी में भारी मात्रा में मलबा भरने से नदी का बहाव भी बदल गया था। खतरे को देखते हुए ग्राम पंचायत जिया, जिया के स्वयं सहायता समूहों व भुंतर सुधार समिति ने सरकार व जिला प्रशासन से नदियों से मलबा हटाने की मांग उठाई थी। देर से ही सही, लेकिन अब नदी से मलबा हटाने का कार्य शूरू हो गया हैं। उधर, भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने इसके लिए सरकार व प्रशासन क धन्यवाद किया। साथ में यह भी मांग की है कि मलबा अच्छी तरह हटा दिया जाए और पार्वती नदी किनारे अल्पसंख्यक बस्ती से लेकर जिया संगम तक तथा ब्यास नदी किनारे जिया गांव की तरफ मैक्स स्कूल से कुंजलाल की जमीन तक शीघ्र सुरक्षा दीवार लगाई जाए।

जिया फोरलेन ब्रिज के पास पार्वती नदी से मलबा हटाने में जुटी मशीनरी।

पार्वती नदी फोरलेन पुल जिया के पास कंक्रीट की पक्की दीवार देना बहुत ही अतिआवश्यक है। कंक्रीट लगने से ग्रामीणों को बाढ़ के खतरे से बहुत बड़ी राहत मिलेगी।

शक्तिपीठ श्री नयना देवी में नवरात्र की धूम, भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में मंगलवार से सुबह की आरती के साथ माता जी के चैत्र नवरात्र बड़ी धूमधाम के साथ शुरू हो गए। इन नवरात्रों में पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली, यूपी, बिहार और अन्य प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालु माता जी के दर्शन के लिए पहुंचना शुरू हो गए हैं।

मंदिर की सजावट का कार्य इस बार भी नवरात्र के दौरान बखूबी किया गया है। फूलों और लड़ियों से सजा मां का दरबार प्राकृतिक सौंदर्य की अपार छटा बिखेर रहा है। श्रद्धालु जहां माता की पूजा अर्चना कर रहे है। वहीं पर मंदिर के प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां भी डाल कर अपने घर परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार जिला प्रशासन मंदिर न्यास ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल ने भी आज माता जी की पूजा-अर्चना की और पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए श्रद्धालुओं को लाइनों में ही माता जी के दर्शनों के लिए भेजा जा रहा है। ज्यादा भीड़ हो जाने पर श्रद्धालुओं को छोटे-छोटे जत्थों में रोका जाता है और फिर उन्हें माता जी के दर्शनों के लिए भेजा जाता है। मंदिर क्षेत्र में साफ सफाई की पूर्ण व्यवस्था की गई है।

मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने पत्रकारों को बताया कि इस मंदिर न्यास के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पुख्ता बंदोबस्त पूर्ण कर दिए गए हैं और मंदिर में साफ सफाई पीने के पानी की व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष नजर रहेगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना करना पड़े।

श्री नयना देवी में माता के दर्शन करने के लिए कतार में लगे श्रद्धालु।

नयना देवी के दरबार में गिरे हैं माता सती के नेत्र

कहते हैं कि माता श्री नयना देवी के दरबार में माता सती के नेत्र गिरे हैं, इसीलिए इस मंदिर का नाम श्री नयना देवी पड़ा है और यह भी मानना है की माता श्री नयनादेवी श्रद्धालुओं के आंखों के रोगों को ठीक करती है। श्री नयना देवी का मंदिर श्री आनंदपुर साहिब सेठ 18 किलोमीटर की दूरी पर एक पहाड़ी पर स्थित है। श्री नयना देवी मंदिर में दो चमत्कार विद्यमान है. पहला चमत्कार है माता जी का प्राचीन हवन कुंड कहते हैं कि इसमें जितना मर्जी हवन करते जाओ शेष कभी नहीं उठाना पड़ता। सारी राख भभूति इसी के अंदर समा जाती है

विधायक रणधीर शर्मा ने की पूजा-अर्चना

प्रथम नवरात्रि के उपलक्ष्य पर श्री नयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने भी माता जी की पूजा-अर्चना की और माता का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि माता जी के नवरात्रि आज से शुरू हुए हैं और नया संवत भी शुरू हुआ है उसकी उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि माता जी के चैत्र नवरात्रि और नव नया संवत सबके लिए सुखमय हो माता का आशीर्वाद सब पर बना रहे।

श्री नयना देवी में माथा टेकने आ रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी को लगी आग

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी

विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नैना देवी में प्रथम नवरात्रि के उपलक्ष्य पर दर्शन करने पंजाब से आए श्रद्धालुओं की गाड़ी को अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि माता रानी की कृपा से श्रद्धालु बाल-बाल बचा गए

प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार पंजाब के मछीवाड़ा से श्रद्धालु माता जी के दर्शनों के लिए आ रहे थे कि श्री नैना देवी के समीप मांड्याली गांव के पास अचानक गाड़ी से धुआं निकलना शुरू हुआ और इस गाड़ी में ड्राइवर सहित पांच श्रद्धालु मौजूद थे। कुछ भी देर में गाड़ी आग की चपेट में आ गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाहर निकल कर अपनी जान बचाई, लेकिन गाड़ी पूरी तरह से जलकर राख हो गई। मौके पर श्रद्धालुओं का जमांबड़ा लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। इस घटना की पुष्टि डीएसपी विक्रांत श्री नयना देवी ने की है।

मांड्याली गांव के पास धू-धू कर जलती पंजाब से आए श्रद्धालुओं की गाड़ी।

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में नववर्ष की धूम

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में अंग्रेजी विभाग द्वारा नव वर्ष (युगाब्द 5126, विक्रमी 2081,चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के पदार्पण एवं नवरात्र के सुभारंभ के उपलक्ष पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में स्नातकोत्तर (अंग्रेजी) के विद्यार्थियों द्वारा कविता पाठ, समूहगान, भाषण, गीत गायन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षा प्रो. नीलम शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि ब्रह्म पुराण के अनुसार ब्रह्मा जी द्वारा इसी दिन से श्रृष्टि का निर्माण प्रारंभ किया गया था। अत: इसी को आधार मानकर कालगणना का सिद्धांत प्रारंभ हुआ।

विक्रम संवत् की शुरुआत महाराज विक्रमादित्य ने की। उन्होंने बताया कि रीति -रिवाजों एवं पर्वों का कोई न कोई प्रयोजन होता है। इस मौके पर अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों के अलावा कार्यक्रम के संयोजक प्रो. रीना शर्मा, डा. चंचल शर्मा, डॉ. रीता, प्रो. हंसा, प्रो. ललित, डा. प्रवीण, प्रो. कविता आदि उपस्थित रहे।

एनएसयूआई ने मनाया स्थापना दिवस

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

आज जिला बिलासपुर एनएसयूआई ने घुमारवीं में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का 54वां स्थापना दिवस मनाया, जिसमें एनएसयूआई के ज़िला अध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज के साथ एनएसयूआई के पूर्व राष्ट्रीय मीडिया सह संयोजक नितिन चड्डा भी मौजूद रहे।

अभिषेक भारद्वाज ने बताया कि एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर आज हमने जरूरत मंद बच्चों को फल व खाद्य समग्री वितरित की व छात्र छात्राओं को एनएसयूआई के 1971 से चले आ रहे इतिहास व संगठन की विचारधारा से अवगत कराया। नितिन चड्डा ने बताया हमने स्थानीय ज़िला अध्यक्ष के साथ मिलकर स्थापना दिवस मनाया और एनएसयूआई पहले भी छात्र हित के मुद्दों को उठाती आई हैं और आगे भी एनएसयूआई पूरे देश में प्रदेश में जो भी छात्र हित के मुद्दे हैं उनके आगे भी उठाती रहेगी एनएसयूआई हमेशा छात्र छात्राओं के साथ है।

इस मौके पर शिवांश, आशीष, मोहित, आकर्षित, रितिका, दिया, खुशी, आदर्श आदि छात्र उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज।

कांग्रेस का असली चेहरा हुआ बेनकाब : त्रिलोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने अनुसूचित जाति बहुल बस्तियों में एससी कंपोनेंट के तहत सोलर लाइटों के लिए स्वीकृत पैसे को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है।

उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिला में इन बस्तियों में सोलर लाइटें लगाने के लिए 5 करोड़ रुपए मंजूर हुए थे। प्रदेश सरकार ने इसमें से 2 करोड़ रुपए जारी किए थे, लेकिन चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले यह पैसा भी वापस ले लिया गया। इससे खुद को अनुसूचित जाति वर्ग का हितैषी होने का राग अलापने वाली कांग्रेस का असली चेहरा बेनकाब हुआ है। त्रिलोक ने कहा कि कांग्रेस ने अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए हमेशा वोट बैंक की राजनीति की है। वह अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग का हितैषी होने का दिखावा करती है, लेकिन वास्तव में यह वर्ग उसके लिए केवल वोट बैंक ही हैं।

हिंदू नववर्ष और पहले नवरात्र पर बांटा हलवा

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

अपनी सांस्कृतिक विरासत और इतिहास के साथ जुड़ कर हम सभी देश और समाज के विकास में अपना सकारात्मक सहयोग दे, ताकि भारत एक बार पुन: परम वैभव को प्राप्त कर सके।

ये बात संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने संस्था द्वारा आयोजित विक्रमी समत एवं नवरात्रों के प्रारंभ होने के शुभ अवसर पर लोगों व बच्चों में हलवा बांटे हुई कही। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत की सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि भगवान ब्राह्म द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारम्भ तथा महाराजा विक्रमादित्य का राज्य अभिषेक आज के दिन हुआ था उसी के कारण इस दिन से भारतीय संस्कृति में विक्रमी समत का प्रारम्भ हुआ । वर्ष 2081 इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि सैंकड़ो वर्षो के संघर्ष के बाद आज प्रभु श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा अयोधया में हुई है जिसकारण इस वर्ष का हर्ष और उलाश और बढ़ गया है।

धर्माणी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से देश और दुनिया के अंदर भारतीय और स्नातनिय संस्कृति और परंपरा को मानने तथा देश के आस्था के केंद्रों के प्रति संस्कारों और समाज का सकारात्मक रवैया एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि हम सब को अपने देश के गौरवमयी इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को संजोकर के आगे बढ़ने से ही हमारा देश उन्नत्ति कर सकेगा। हम सब इस महापर्व पर अपने आप को देश की प्राचीन गौरवमयी संस्कृति के साथ जोड़कर विकशित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे, ताकि देश 2047 तक विकसित राष्ट्र और दुनिया की तीसरी अर्थव्यस्था बन सके।

विक्रमी समत एवं नवरात्र के प्रारंभ होने के शुभ अवसर पर लगाया गया लंगर।

चिट्टा सप्लायर बने समाजसेवी : महेंद्र धर्माणी

बोले- किसी भी अनजान व्यक्ति को गांव व शिक्षण संस्थानों के आसपास न आने दें

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

चिट्टा सप्लायर समाजसेवी बनकर और बड़ी-बड़ी गाड़ियों में घूमकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। यह बात संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्मानी ने घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के दौरान अवढानीघाट में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के बीच कहीं।

उन्होंने कहा कि आज जागृतों और छिंज्जो आदि कार्यक्रमों में कुछ पैसे देकर मुख्यातिथि बनकर समाजसेवा करने का दिखावा करते हैं और इसकी आड़ में फिर रात को चिट्टे की पुड़िया बेचने का काम कर रहे हैं। ऐसे समाजसेवियों से हमें समाज को बचाना होगा और इन्हें बेनकाब कर पुलिस के हवाले करना पड़ेगा। धर्माणी ने कहा कि एक ग्राम चिट्टा पकड़े जाए या 500 ग्राम किसी की भी जमानत न हो ऐसा सख्त कानून बनना चाहिए और जेल होनी चाहिए।

उन्होंने गांव के बुजुर्गों और अन्य लोगों से आग्रह किया कि गांव या स्कूल के आसपास किसी भी अनजान व्यक्ति को न आने दें। उनसे सख्ती से पूछताछ करें। धर्माणी ने कहा कि हमें जागरूक होना होगा तभी पुलिस और सरकार काम करेगी और चिट्टा सप्लायरों पर सख्त करवाई होगी। अगर हमारे बच्चे बचेंगे तभी समाज बचेगा और देश सुरक्षित होगा।

अवढानीघाट में लोगों को संबोधित करते संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्मानी।

हरबंस सिंह बने जिलाध्यक्ष

घुमारवीं। हिमाचल पथ परिवहन पेंशनर कल्याण संगठन बिलासपुर इकाई के चुनाव राज्य उपाध्यक्ष दयाल सिंह की अध्यक्षता में घुमारवीं में हुए। इसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। नई कार्यकारिणी में हरबंस सिंह महाजन को जिला अध्यक्ष, कृष्ण ठाकुर को कार्यकारी अध्यक्ष, विद्यासागर को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा नथूराम ठाकुर को प्रधान, रणजीत सिंह चंदेल को वरिष्ठ उपप्रधान, सुभाष चंद्र शर्मा, ज्ञान सिंह ठाकुर, रामलाल ठाकुर को उपप्रधान, सरवन कुमार गौतम को महासचिव, दिलबर ठाकुर को अतिरिक्त महासचिव, प्यार सिंह ठाकुर को मुख्य सलाहकार, रमेश चंद्र जमवाल को संगठन सचिव, गिरधारी लाल को प्रेस सचिव, शमशेर सिंह को प्रसार सचिव, इंद्रपाल चौहान को कोषाध्यक्ष, राजेंद्र पाल को सहकोषाध्यक्ष, रमेश वर्मा को लेखा परीक्षक, भूरी सिंह ठाकुर, दौलत राम ठाकुर, लेख राम चंदेल को मार्गदर्शक नियुक्त किया गया। चुनाव के बाद 70 साल से अधिक आयु के 60 पेंशनर को सम्मानित किया गया।

पवन सर्वसम्मति से चौथी बार बने न्यायिक कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हिमाचल प्रदेश न्यायिक कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर इकाई की बैठक बिलासपुर में हुई। इस दौरान इकाई की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी के चुनाव कराए गए।

इसमें सर्वसम्मति से चौथी बार पवन ठाकुर को इकाई प्रधान चुना गया। इसमें लोकपाल ठाकुर को महासचिव, हिम भूषण शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गौरव कुमार और संजीव कुमार को उपाध्यक्ष, मुकेश गर्ग को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही सब डिवीजन पर भी प्रधान नियुक्त किए गए। इसमें बिलासपुर से भूतेश्वर शर्मा, घुमारवीं से संजीव राणा और झंडूता से राजेश चौहान को प्रधान बनाया गया। पवन ठाकुर को चौथी बार प्रधान पद की कमान सौंपी गई। सभी कर्मचारियों ने एक बार फिर से पवन ठाकुर पर विश्वास जताकर उन्हें नेतृत्व करने का मौका दिया है।

इस दौरान पवन ठाकुर ने विश्वास दिलाया कि वे कर्मचारी हित के लिए पहले से ज्यादा ऊर्जा के साथ काम करेंगे और कर्मचारियों की हर लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि इस समय कुछ नई नियुक्तियां की गई हैं और शेष 15 दिन के बाद कर दी जाएंगी। इस मौके पर राज कुमार, राकेश कुमार, हरीश कुमार, नरेश कुमार, सुनील कुमार, अरुणा गौतम आदि मौजूद रहे।

मोदी के फिर प्रधानमंत्री बनने से और तेज दौड़ेगी विकास की गाड़ी : जेआर कटवाल

अनंत ज्ञान, झंडूता

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि कोई भी देश तभी खुशहाल हो सकता है, जब उसके शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण इलाके भी समृद्ध हों।

उन्होंने कहा कि इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए बजट का मुख और विकास का रुख गांवों की ओर मोड़ा है। इससे ग्रामीण इलाकों में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। झंडूता विधानसभा क्षेत्र भी विकास से अछूता नहीं है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनने पर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गाड़ी और भी अधिक तेज रफ्तार से दौड़ेगी।

झंडूता विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प पदयात्रा के तहत सुन्हाणी पंचायत के डूहक बूथ में राजेश के घर, बरड़ बूथ में जंजघर के पास, सुन्हाणी बूथ में ठाकुरद्वारा मंदिर और मन्हण बूथ में डोगर सिंह के घर में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि मोदी सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। इस अवधि में केंद्र सरकार ने बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के साथ हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा है।

विकसित भारत संकल्प पदयात्रा के तहत आयेजित कार्यक्रम में अन्य लोगों के साथ विधायक जेआर कटवाल।

मोनिका लाडली फाउंडेशन की राज्य उपाध्यक्ष नियुक्त

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

लाडली फाउंडेशन की राज्य अध्यक्ष शालू अख्तर की सहमति से बिलासपुर जिले के घुमारवीं शहर की मोनिका शर्मा को लाडली फाउंडेशन का राज्य उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

गौरतलब है कि समाज सेविका मोनिका शर्मा घुमारवीं शहर में स्थित रेनबो हॉस्पिटल के मुख्य प्रबंधक प्रीतेश शर्मा की धर्मपत्नी हैं। लाडली फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष शालु अख्तर, कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत अन्य पदाधिकारियों दीक्षा ठाकुर, आशा देवी ने विधिवत रूप से सदस्यता फॉर्म भरवाकर मोनिका शर्मा को राज्य उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इस मौके पर पदाधिकारियों ने हिमाचली परंपरा अनुसार माता वैष्णो देवी देवी जी से लाई चुनरी एवं हिमाचल टोपी से मोनिका शर्मा को सम्मानित किया।

आपकों बता दें कि मोनिका शर्मा कई वर्षों से प्रमुख सामाजिक संस्था रेनबो स्टार क्लब, सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच एव लाड़ली फाउंडेशन के साथ मिलकर सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ने के लिए हमेशा कटिबद्ध रही हैं। महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, पर्यावरण संरक्षण, वन संपदा संरक्षण, कुष्ठरोग की जागरूकता, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम जैसे सामाजिक कार्यों में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई है।

लाडली फाउंडेशन राज्य उपाध्यक्ष मोनिका शर्मा का कहना है कि भविष्य में उनका यही उद्देश्य है कि कहीं भी कोई सामाजिक विसंगती न हो। कोई भी गरीब भूखा न सोए और कमजोर वर्ग को न्याय मिले इसके लिए वह हमेशा प्रयासरत रहेगी।

इस मौके पर इंजीनियर श्याम लाल पंवार, प्रीतेश शर्मा, आरती ठाकुर इत्यादि विशेष रूप से मौजूद रहे।

लाडली फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश की नवनियुक्त राज्य उपाध्यक्ष मोनिका शर्मा के साथ अन्य सदस्य।

न्याय कुल्लू के निरमंड में पत्रकार की बेरहमी से पिटाई करने का विरोध

जिला पत्रकार संघ ने सीएम व डीजीपी को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

कुल्लू के निरमंड में पुलिस द्वारा बेहरमी से पीटे गए पत्रकार को न्याय दिलाने के लिए पूरे प्रदेश से पत्रकार एकजुट होना शुरू हो गए हैं। इसी कड़ी के तहत बिलासपुर में जिला पत्रकार संघ के बैनर तले पत्रकार एकत्रित हुए और एक स्वर में इस मामले की निष्पक्षता से जांच तथा दोषी पुलिस कर्मियों तथा अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाने की मांग उठाई है।

वहीं जिला पत्रकार संघ के जिला प्रधान राम सिंह ने दो टूक शब्दों में कहा है कि यदि शीघ्र ही इस मामले में कार्यवाही नहीं होती है तो संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू से मिलेगा तथा शीघ्र न्याय की गुहार लगाएगा। इससे पूर्व जिला पत्रकार संघ के सदस्य स्थानीय परिधि गृह में एकत्रित हुए और शांति से मार्च करते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचे जहां पर डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक के माध्यम से मुख्यमंत्री तथा पुलिस महानिदेश को ज्ञापन प्रेषित किया।

मीडिया में अपनी बात रखते हुए जिला प्रधान राम सिंह ने कहा कि कुल्लू पुलिस द्वारा किया गया यह कृत्य लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है। एक पत्रकार को न सिर्फ उसके काम करने में बाधा पहुंचाना बल्कि अमानवीय तरीके से पीटना असंवैधानिक है। पुलिस संवैधानिक तरीके से पत्रकार के साथ बातचीत और कार्यवाही कर सकती थी लेकिन इस प्रकार पीटना कानून के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि जब तक पीड़ित पत्रकारों को न्याय नहीं मिलता है जिला पत्रकार संघ अपना संघर्ष जारी रखेगा। उन्होंने जिला व प्रदेश के पत्रकारों से अपील की है कि ऐसे नाजुक समय में सभी को एक मंच पर आना चाहिए, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनर्रावृत्ति न हो।

डीसी के माध्यम से सीएम व डीजीपी को ज्ञापन भेजते जिला पत्रकार संघ के सदस्य।

संगोष्ठी में कलमकारों ने बांधा समां

कल्याण कला मंच बिलासपुर ने करवाई कला कलम गोष्ठी, सुशील पुंडीर ने की अध्यक्षता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

कल्याण कला मंच बिलासपुर की कला कलम गोष्ठी ओएल पंचायत के दनोह वार्ड में कविता उद्यान के बीच प्रकृति की गोदी में संपन्न हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता सुशील पुंडीर परिंदा ने की, जबकि डॉ. हेमा ठाकुर और जीत राम सुमन सह अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे।

तृप्ता कौर मुसाफिर ने सुंदर मंच संचालन किया। गोष्ठी का शुभारंभ कविता सिसोदिया ने अपनी कविता 'होते हैं नन्हे मुन्ने बालक फूलों से भी प्यारे', इसके बाद कुमारी पूजा ने गीत 'डुगी-डुगी नदियां बड़ी तेज धारां हो पत्तने देआ तारुआ', कुमारी आशा ने- 'तू ही बता भगवन गरीबी क्यूं तड़पाती है', वयोवृद्ध चिंतक राम पाल डोगरा ने 'मैं साहित्यकार नहीं', लोक गायक लस्करी राम ने 'भला ओ बाबा कालेआ तेरी कुटिया हनु ओ मान टीले', सीता जसवाल ने 'आते हैं जब त्योहार खुशी की लहर छा जाती है', रविंद्र कुमार शर्मा ने 'सुबह शाम करें सूर्य नमस्कार', वयोवृद्ध गायिका चिंता देवी भारद्वाज ने गीत 'सो जा सो जा कृष्ण कन्हैया तेरा पालणा झुलावे जसोधा', हास्य गेस्ट कवियत्री मोनिका ने 'पल भर बई लेना बई लेना ओ जिंदे' और अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष सुशील पुंडीर परिंदा ने कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों की रचनाओं की समीक्षा की और अपनी हास्य रचना 'यूं कहीं ओ मुइये फुलमू मत बण तू एड्डी जुलमू' सुनाकर सबको हंसाया।

अंत में मंच के संयोजक अमरनाथ धीमान ने सभी का धन्यवाद किया और सभी ने कहलूरी धाम का आनंद उठाया।

कल्याण कला मंच बिलासपुर की कला कलम गोष्ठी में मौजूद गणमान्य सामूहिक चित्र में ।

प्रथम नवरात्र पर मां शूलिनी के दरबार में माथा टेकने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

हिंदू नववर्ष और चैत्र मास की प्रथम नवरात्र को सोलन की अधिष्ठात्री देवी शूलिनी माता के दरबार में भक्तों की भीड़ उमड़ आई। देवी दर्शन को सुबह 4 बजे ही मंदिर में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था।

सुबह की आरती और झंडा चढ़ाने के साथ ही हिंदू नववर्ष और नवरात्र का आगाज हुआ। प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री के स्वरूप की पूजा की। सुबह से ही श्रद्धालु लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। श्रद्धालु आज चैत्र नवरात्रि के पहले दिन माता शूलिनी मन्दिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे और उन्होंने ज्योति जलाकर माता की आराधना की है।

श्रद्धालुओं का कहना है कि माता शूलिनी हर भक्त की मनोकामना पूरा करती हैं। मां शूलिनी दुर्गा का अवतार हैं और उनके प्रति लोगों में बेहद आस्था है। माता के मंदिर के गर्भगृह के जीर्णोद्धार का कार्य पूरा होने के बाद कुछ दिन पहले ही माता के स्वरूप को गर्भगृह में स्थापित किया गया है। इस बार भीड़ अधिक होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने भी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा व उनके सामान की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।

श्रद्धालु फिलहाल अपनी बारी आने पर माता के आराम से माता के दर्शन कर पा रहे हैं। गौरतलब है कि शूलिनी माता सोलन शहर की अधिष्ठात्री देवी हैं, ऐसे में लोगों का यहां पर आना जाना लगा रहता है। नवरात्र के दिनों में यहां पर खासा भीड़ देखने को मिलती है। ऐसे में होमगार्ड जवानों की तैनाती भी मंदिर में की गई है।

प्रथम नवरात्र पर सोलन की अधिष्ठात्री देवी शूलिनी माता के दरबार में उमड़ी भक्तों की भीड़।

त्रिलोकपुर में 9 से 23 अप्रैल तक मां बाला सुंदरी चैत्र नवरात्र मेला

अनंत ज्ञान, नाहन

महामाया बाला सुंदरी का भव्य मंदिर सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन से करीब 22 किलोमीटर दूर त्रिलोकपुर नामक स्थल पर विराजमान है। त्रिलोकपुर का नाम तीन शक्ति मंदिरों से निकला है जिनमें मां ललिता देवी, बाला सुंदरी और त्रिपुर भैरवी शामिल हैं। मां बालासुंदरी सिरमौर जिला के अलावा साथ लगते हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड आदि विभिन्न क्षेत्रों की भी अधिष्ठात्री देवी है। यहां चैत्र नवरात्र मेला 9 से 23 अप्रैल तक चलेगा। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के सारे प्रबंध के साथ लोगों की सुविधा के लिए अन्य साधन भी मेले में उपलब्ध कर दिए हैं।

लोक गाथा के अनुसार महामाई बाला सुंदरी उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के देवबंद स्थान से नमक की बोरी में त्रिलोकपुर आई थी। लाला रामदास त्रिलोकपुर स्थान में नमक का व्यापार करते थे और उन्हीं की नमक की बोरी में महामाई 1573 ई. में त्रिलोकपुर पधारी थीं। कहा जाता है कि लाला रामदास ने देवबंद से जो नमक लाया था, उसे अपनी दुकान में बेचने के बाद भी बोरी से नमक कम नहीं हुआ। इस पर लाला राम दास अचंभित हुए। लाला राम दास त्रिलोकपुर में नित्य प्रति उस पीपल को जल अर्पित करके पूजा करते थे। एक रात्रि महामाया बाला सुंदरी लाला रामदास के सपने में आई और उन्हें दर्शन देते हुए कहा, ''मैं तुम्हारी भक्ति से अत्यंत प्रसन्न हूं। मैं इस पीपल के नीचे पिंडी रूप में स्थापित हो गई हूं। तुम इस स्थल पर मेरा मंदिर बनवाओ।'' लाला जी को मंदिर निर्माण की चिंता सताने लगी। उन्होंने इतने बड़े भवन के निर्माण के लिए धनाभाव तथा सुविधाओं की कमी का महसूस करते हुए माता की अराधना की।

इसी बीच मां बालासुंदरी ने अपने भक्त की पुकार सुनते हुए राजा प्रदीप प्रकाश को स्वप्न में दर्शन देकर भवन निर्माण का आदेश दिया। राजा प्रदीप प्रकाश ने जयपुर से कारीगरों को बुलाकर तुरंत ही मंदिर निर्माण का कार्य आरंभ करवा दिया। यह भवन निर्माण सन 1630 में पूरा हो गया।

न्यूज ब्रीफ

उपायुक्त सुमित खिमटा ने माता बाला सुंदरी मंदिर में प्रथम नवरात्र पर पूजा-अर्चना की

नाहन। उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध बालासुंदरी चैत्र नवरात्र मेला आज मंगलवार 9 अप्रैल को विधिवत प्रारंभ हुआ। यह मेला 23 अप्रैल 2024 तक श्रद्धापूर्वक धूमधाम के साथ आयोजित किया जायेगा। मेले के प्रथम नवरात्र के शुभारम्भ अवसर पर उपायुक्त सुमित खिमटा ने आज माता बालासुंदरी मंदिर में पूजा-अर्चना की और हवन-यज्ञ में भाग लिया। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एल.आर. वर्मा, तहसीदार उपेंद्र चौहान तथा मंदिर के अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

ईद पर महिलाओं को निशुल्क बस यात्रा

नाहन। हिमाचल प्रदेश में ईद के मौके पर मुस्लिम समुदाय की महिलाओं के लिए एचआरटीसी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है। मुस्लिम समुदाय की महिलाएं ईद के मौके पर सूर्य उदय से लेकर सूर्यास्त तक फ्री बस सेवा का लाभ उठा सकती है, जिसके लिए एचआरटीसी प्रबंधन ने पुख्ता बंदोबस्त किए हैं और महिलाओं को सुविधाएं देने के लिए कार्य किया जा रहा है। एचआरटीसी के नाहन डिपो के कार्यकारी अड्डा प्रभारी धर्मेंद्र ने बताया कि ईद के मौके पर मुस्लिम समुदाय की महिलाओं को फ्री बस सेवा उपलब्ध होगी।

मेलाराम शर्मा ने कहा-'मुंगेरी लाल के हसीन सपने' देखना बंद करें हर्षवर्धन चौहान

नाहन। जिला भाजपा प्रवक्ता मेला राम शर्मा ने हर्षवर्धन चौहान के उस बयान को 'मुंगेरीलाल के हसीन सपने' बताया है जिसमें उन्होंने सभी चार लोकसभा सीटों और 6 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत का दावा किया है। जिला प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने महिलाओं, युवाओं, बागवानों, किसानों और कर्मचारियों के साथ विधानसभा चुनाव के दौरान जमकर ठगी की है और अब लोकसभा चुनाव में फिर से जनता कांग्रेस के छलावे में आने वाली नहीं है। उद्योग मंत्री सिरमौर जिले में उस एक महिला को सामने लाएं जिसे विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वायदे के अनुसार सरकार द्वारा प्रतिमाह 1500 रुपए दिए जा रहे हो। उद्योग मंत्री सिरमौर के उस एक युवा को सामने लाएं जिसे विधानसभा चुनाव के दौरान प्रति वर्ष एक लाख युवाओं को रोजगार देने के वायदे के अनुसार नौकरी में लगाया गया हो।

मनमाने दाम नहीं वसूल पाएंगे शराब कारोबारी

नाहन। उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी सिरमौर ने बताया कि आबकारी नीति 2024-2025 की शर्त संख्या 10.37 के अनुसार एल-2 और एल-14 में बिक्री हेतु बियर (ऑल इंडियन मेड) देसी तथा अंग्रेजी शराब के लिए निर्धारित मूल्य (एम.एस.पी) से अधिकतम 30 प्रतिशत लाभांश पर बेची जा सकती है। उन्होंने कहा कि विभाग के संज्ञान में यह आया है कि कारोबारी मनमाने मूल्य वसूल रहे हैं। इसके अलावा शराब कारोबारी द्वारा अधिक लाभ लेने की शिकायतें भी मिल रही हैं। इस संबंध में इसकी सूचना तुरंत उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी जिला सिरमौर स्थित कार्यालय नाहन के कार्यालय में लिखित या दूरभाष 01702-222361 पर दी जा सकती है।

2,760 बिजली उपभोक्ताओं को नोटिस, पैसा जमा नहीं करवाया तो कटेगा कनेक्शन

बीबीएन। विद्युत बोर्ड नालागढ़ के तहत डिफॉल्टर बिजली उपभोक्ता बिलों के पैसों पर कुंडली मार कर बैठे हुए है। डिफॉल्टर 2,760 उपभोक्ताओं को विभाग ने नोटिस थमाने शुरू कर दिए है। विद्युत उपमंडल नालागढ़ के तहत उपभोक्ता नालागढ़ शहर सहित राजपुरा व मंझोली के शामिल है, जिनसे विभाग ने करीब 60.52 लाख रुपए की राशि वसूलनी है। नोटिस के बावजूद बिल जमा नहीं किए गए तो विभाग उनके कनेक्शन काट देगा जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त फीस भरनी होगी। नालागढ़ शहर सहित राजपुरा व मंझौली में करीब 10 हजार घरेलू उपभोक्ता है जिनमें से 2760 उपभोक्ताओं की सूची जारी की गई है। विद्युत विभाग सब डिवीजन नालागढ़-एक के एसडीओ सीआर वर्मा ने बताया कि विभाग ने बिजली बिल की 60 लाख 52 हजार 289 रुपए की बकाया राशि को वसूलने के लिए नोटिस जारी कर दिए हैं।

बद्दी प्रवेश द्वार पर लग रहा जाम

अनंत ज्ञान, बीबीएन

ट्रैफिक कंट्रोल के इंतजाम खोखले साबित हो रह, इंडस्ट्री मूवमेंट हो रही प्रभावित

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के प्रवेश द्वार पर रोजाना सुबह भारी जाम की समस्या पैदा हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी इंडस्ट्री के स्टाफ को झेलनी पड़ रही है। रोजाना सुबह के समय हरियाणा बॉर्डर से बद्दी प्रवेश द्वार पर भारी जाम से लोगों का समय बर्बाद हो रहा है।

पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल के इंतजाम खोखले साबित हो रहे है। वहीं नेशनल हाईवे अथॉरिटी भी बालद नदी पर लंबे समय से बना रही पुल के कार्य को पूरा करने में असफल नजर आ रही है।

मौजूदा समय में हालात यह है कि केंद्र सरकार द्वारा इस नेशनल हाईवे को फोर लाइन करने का कार्य 2 वर्ष के समय से चला हुआ है। ठेका कंपनी धीमी गति से काम करती नजर आ रही है। बता दें कि पिछले बरस बरसात के मौसम में प्रदेश में आई आपदा के चलते प्रदेश द्वारा पर बने पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे और उसके बाद प्रदेश में आने वाले वाहन चालकों के लिए नदी के बीचों बीच से विकल्प मार्ग शुरू किया हुआ है। परंतु इस मार्ग पर हर समय जाम पिछले कई दिनों लगा रहता है। इस जाम से निपटने के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा कोई भी ठोस नीति अभी तक नहीं बनाई गई है।

इस मार्ग पर जाम लगने के चलते पड़ोसी राज्य की सीमा के साथ सटे इलाकों निवासियों से लेकर औद्योगिक इकाइयों में कार्यकर्ता और कर्मचारियों से लेकर प्रबंधन को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। लघु उद्योग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक राणा, फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष चिरंजीवी ठाकुर ने पुलिस से मांग कि जल्द से जल्द प्रवेश द्वार पर हर समय पुलिस कर्मचारी तैनात किए जाए ताकि जाम की समस्या पैदा न हो।

बद्दी प्रवेश द्वार पर लगा भारी ट्रैफिक जाम जिससे लोगों को परेशानियों का सामना कर पड़ रहा।

चोर गिरोह का चौथा आरोपी भी गिरफ्तार

सोलन। जिला पुलिस सोलन ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना मनोज उर्फ मनु पुत्र जीत लाल मूल निवासी नेपाल उम्र 42 साल को जाबली सोलन से गिरफ्तार किया है। अन्वेषण के दौरान पाया गया कि इस आरोपी के विरुद्ध थाना नाहन जिला सिरमौर में चोरी का एक मामला दर्ज है।

आरोपी को अदालत में पेश किया गया था, जहां से उसे 14 दिन न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इन आरोपियों ने जिला सोलन के कई इलाकों से मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है, जिसमें से एक मोटरसाइकिल केटीएम जिसकी कीमत करीब 3.5 लाख रुपए है को इस आरोपी की निशानदेही पर नेपाल-उत्तर प्रदेश सीमा से बरामद कर लिया गया है।

खेतों में करंट दौड़ाने वाला आरोपी गिरफ्तार

अर्की में पड़ोसी की हो गई थी करंट की चपेट में आने से मौत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

जिला सोलन के उपमंडल अर्की में सुझाईला गांव में घर से खेतों के चारों ओर बिजली की तारें लगाकर उसमें करंट दौड़ाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। करंट की चपेट में आकर चम्यावल गांव से सुझाईला गांव खेत में पानी लगाने गए वीरेंद्र कुमार वर्मा की मौत हो गई थी। अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी जीतराम ने अदालत में अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल की थी, जिसे पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर अदालत ने खारिज कर दिया था।

पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि गत 23 मार्च को अर्की पुलिस थाने में चम्यावल निवासी नगीन चंद ने बताया था कि 22 मार्च की रात उसे उसके पड़ोस में रहने वाले वीरेंद्र कुमार वर्मा की पत्नी रमा वर्मा ने शिमला से फोन करके बताया कि उसका पति सुझाईला गांव में स्थिति अपने खेतों में पानी लगाने के लिए गया था। वह रमा से सुझाईला में खेत पर पहुंचने तक फोन पर बात करता रहा, लेकिन अचानक एक चीख के साथ उसका फोन बंद हो गया। इस पर नगीन चंद कुछ अन्य ग्रामीणों के साथ सुझाइला में वीरेंद्र कुमार वर्मा के खेत पर गए। जहां उन्हें वीरेंद्र का शव बरामद हुआ।

आरोप था कि वीरेंद्र के नजदीक के खेत सुझाइला निवासी जीतराम के है, जिसने जंगली जानवरों से फसल को बचाने के लिए खेत पर बिजली के नंगे तार लगा कर उनमें करंट छोड़ रखा था। जिसकी चपेट में आने से वीरेंद्र वर्मा की मौत हो गई।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

चैंबर ऑफ कॉमर्स पांवटा ने मनाई गोल्डन जुबली

पांवटा साहिब। चैंबर ऑफ कॉमर्स पांवटा इकाई ने अपनी 50वीं गोल्डन जुबली मनाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मैनकाइंड कंपनी के अध्यक्ष आरसी जुनेजा ने किया। इस कार्यक्रम में सिरमौर के कई उद्यमी व व्यवसाई शामिल हुए।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स पांवटा साहिब के अध्यक्ष सतीश गोयल ने बताया कि पांवटा साहिब के गोंदपुर में सबसे पहले चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना हुई थी। प्रदेश के सबसे पुराने औद्योगिक क्षेत्र ने कई उतार चढ़ाव देखे हैं और उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में पावंटा साहिब क्षेत्र में और ज्यादा उद्योग स्थापित हो।

लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

सोलन। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सोलन में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश नेगी उपनिदेशक (उच्चतर शिक्षा) सोलन थे। डॉ. जगदीश नेगी ने लोगों को लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पहली जून को सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। मुख्य अतिथि ने कविता, 'करना है मतदान हमें तो करना है मतदान' के माध्यम से युवाओं में जोश भी भरा। इस अवसर नोडल अधिकारी स्वीप राजेश ठाकुर एवं हेमेंद्र दत्त शर्मा ने नए मतदाताओं के लिए वोट बनाने की प्रक्रिया तथा मतदान केंद्र पर मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया।

छापामारी दौरान 552 बोतलें अवैध शराब बरामद

पांवटा साहिब। माजरा थाना प्रभारी और उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर की छापामारी में 552 बोतलें अवैध शराब बरामद की। पुलिस को सूचना मिली थी कि रणजीत सिंह, पुत्र लक्ष्मी सिंह, निवासी गांव चरणावाला, डाकखाना हरिपुर खोल तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर अपने घर से अवैध शराब की तस्करी करता है। यदि उसके घर पर दबिश दी जाए तो अवैध शराब बरामद हो सकती है। पुलिस ने उपरोक्त व्यक्ति के घर से तलाशी के दौरान अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर करके आगामी कारवाई शुरू कर दी है।

दशमेश रोटी बैंक ने 60 परिवारों को बांटा राशन

नाहन। ऐतिहासिक गुरुद्वारा दशमेश आस्थान साहिब में आज दशमेश सेवा सोसायटी नाहन द्वारा स्थापित दशमेश रोटी बैंक के माध्यम से जरूरतमंद 60 परिवारों को निशुल्क महीने भर का राशन वितरित किया गया है। इस दौरान यहां विशेष तौर पर गरीब बच्चों को स्कूली जूत्ते व बैग समेत अन्य पाठ्य सामग्री भी वितरित की गई।

समिति के अध्यक्ष सरबजीत सिंह ने बताया कि दशमेश सेवा सोसायटी द्वारा बीते 6 वर्षों से समाज सेवा में कार्य करते हुए प्रत्येक माह जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क राशन मुहैया करवाया जा रहा है जिसमें आटा चावल दाल चीनी नमक रिफाइंड तेल समेत अन्य खाद्य सामग्री शामिल है। इसी कड़ी में आज स्कूली बच्चों को भी जूते व स्कूल बैग समेत अन्य पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाई गई है। ताकि गरीब बच्चे शिक्षा ग्रहण करने में किसी भी तरह की समस्याओं का सामना न करें।

वेतन न मिलने से प्रदेश के तकनीकी सहायक बेहाल

अनंत ज्ञान, सोलन

ग्रामीण विकास विभाग व पंचायतीराज विभाग के तहत बीडीओ ऑफिस में काम करने वाले तकनीकी सहायक (टीए) को पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला है। इससे इस वर्ग के लोगों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। तकनीकी सहायकों कहना है कि अब दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ स्कूली बच्चों की फीस देना भी कठिन हो गया है। एक तकनीकी सहायक के पास 3 से 4 पंचायतों का काम है। एक तो इन पर कार्य का बोझ और 2 से 3 माह से वेतन भी नहीं मिल रहा है।

वेतन न मिलने से बेहाल तकनीकी सहायक संघ ग्रामीण विकास विभाग एंव पंचायतीराज हिमाचल प्रदेश के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की एक बैठक गूगल मीट के माध्यम से हुई। तकनीकी सहायक संघ हिमाचल प्रदेश की अध्यक्ष संजू देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभाग द्वारा तकनीकी सहायकों को वेतन न मिलने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

संघ के ब्लॉक स्तर तथा जिला स्तर के प्रतिनिधियों ने बताया कि विभाग से अधिकारियों से बार-बार आग्रह करने के बाद भी उनका वेतन जारी नहीं किया गया है। तकनीकी सहायकों ने कहा कि वेतन नहीं मिलने से उन्हें जीवन यापन का संकट पैदा हो गया है। बैठक के बाद तकनीकी सहायक संघ हिमाचल प्रदेश की अध्यक्ष संजू देवी ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू से आग्रह किया है।

विशाल यज्ञ के साथ होगा नवमी का समापन

पांवटा साहिब। पांवटा साहिब के मुख्य बाजार में बने गीता भवन मंदिर में नवरात्र के पहले दिन काफी संख्या ने श्रद्धालुओं ने माथा टेका। नवरात्र हिंदू और सनातन प्रेमियों के लिए बड़ा महत्व रखते हैं। मंदिर के पुजारी पंडित वेद मित्र और पंडित तेजेंद्र ने बताया कि नौ दिनों तक प्रतिदिन सुबह माता रानी की पूजा और श्रृंगार होगा। साथ ही हर रोज संध्या पर भजन कीर्तन होंगे। सुबह छह बजे के बाद से लोग मंदिरों में आ रहे हैं। नवरात्रि के यह नौ दिन बड़े ही पवित्र माने जाते हैं। नवरात्र के समापन पर नवमी के दिन समापन यज्ञ होगा।

चिंताजनक 14 किलोमीटर का स्ट्रेच अनदेखी की वजह से वाहन चालकों के लिए बना परेशानी का कारण, नुमाइंदों को नहीं परवाह

दाड़लाघाट-भराड़ीघाट एनएच पर उभरी चट्टान ले सकती है जान

आर मोहन चौहान, सोलन

प्रदेश की राजधानी शिमला और शीतकालीन राजधानी को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-205 के दाड़लाघाट और भराड़ीघाट तक के करीब 14 किलोमीटर स्ट्रेच की अनदेखी से वाहन चालकों को जान हथेली पर रखकर वाहन चलाना पड़ रहा है। कहने को तो इस मार्ग से रोज सरकार के नुमाइंदे, मंत्री और अधिकारी वाहनों से गुजरते हैं, पर कोई भी राट्रीय राजमार्ग का संज्ञान लेने को तैयार नहीं है।

दाड़लाघाट और भराड़ीघाट स्ट्रेच के बीच पेट्रोल पंप के नजदीक एक ऐसा प्वाइंट भी है, जहां सड़क पर चट्टान उभरी हुई है, जो वाहन चालकों के लिए कभी भी जानलेवा साबित हो सकती है। उभरी हुई चट्टान से तेज गति से आने वाले वाहन चालक गच्चा खा जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

केंद्रीय परियोजना से बंधी उम्मीद

दरअसल, राष्ट्रीय राजमार्ग-205 को अपग्रेड करने के लिए केंद्र सरकार ने करीब 1,244.43 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत हिमाचल प्रदेश के सोलन और बिलासपुर जिलों में राजमार्ग पर कलार बाला गांव से नौणी चौक तक मौजूदा सड़क को पेंटेड शोल्डर वाली फोरलेन सड़कों में बदल दिया जाएगा। यह सड़क परियोजना शिमला, कांगड़ा, धर्मशाला और मंडी को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इस परियोजना से दाड़लाघाट और एम्स के साथ कनेक्टिविटी में भी सुधार होने की संभावना है, लेकिन काम शुरू होने तक इस सड़क की मेंटेनेंस की सख्त जरूरत है। एनएच चंडीगढ़ के पास खरड़ से शुरू होकर हिमाचल और पंजाब राज्यों से होकर गुजरता है। शिमला के पास समाप्त होने से पहले पंजाब में रोपड़ और कीरतपुर साहिब और हिमाचल में स्वारघाट, नम्होल, दाड़लाघाट से होकर जाता है।

एनएच के बीच उभरी चट्टान।

मामला मेरे ध्यान में है, लेकिन एनएच की मेंटेनेंस का जिम्मा सीपीडब्ल्यूडी का है। फिर भी संबंधित अधिकारियों से इस मसले को लेकर शीघ्र ही बात की जाएगी।

-यादविंद्र पाल
एसडीएम, अर्की

वाहनों को पहुंच रहा नुकसान

दाड़लाघाट से भराड़ीघाट तक सड़क की हालत इतनी खस्ता है कि यहां से चलने वाले मालवाहक वाहनों को नुकसान पहुंच रहा है। दाड़लाघाट सीमेंट फैक्टरी से इसी सड़क से प्रदेश और अन्य राज्यों के लिए सीमेंट से भरे हजारों वाहन गुजरते हैं। सड़क की खस्ताहालत से वाहन चालक खासे परेशान हैं। सीपीडब्ल्यूडी ढल्ली-शिमला के इंजीनियर गोयल का कहना है कि शिमला डिवीजन चक्कर से शालाघाट तक एनएच 205 की मेंटिनेंस करता है। इसके आगे सड़क की मैंटेनस हमीरपुर डिवीजन देखता है।

कालीबाड़ी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, बाहरी राज्यों से आए पर्यटकों ने नवाया शीश

आशिमा वैरागी, शिमला

प्रदेश में चैत्र नवरात्र की शुरुआत बड़ी धूमधाम से हुई। राजधानी शिमला के कालीबाड़ी मंदिर के कपाट सुबह 5 बजे खुले और पूजा-अर्चना शुरू हुई। मंदिर में सुबह से ही यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सन् 1823 में कालीबाड़ी मंदिर की स्थापना की गई थी।

पहले नवरात्र में स्थानीय लोगों के अलावा मंदिर में शिमला घूमने आए विदेशी पर्यटक भी नजर आए। कालीबाड़ी मंदिर के अलावा शहर में भक्तों के लिए भंडारें का आयोजन भी किया गया। नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना करने से जीवन में आ रहीं परेशानियां दूर हो जाती हैं। चैत्र नवरात्रि का उत्सव हिंदू समाज में बहुत महत्वपूर्ण है , क्योंकि इसके माध्यम से मां दुर्गा की पूजा की जाती है और उनकी कृपा का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह पर्व सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी है, जब लोग साथ मिलकर नवरात्रि के उत्सव का आनंद लेते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। कालीबाड़ी मंदिर के बाहर माता की चुनरी, भोग, चूड़ियां, सिंदूर इत्यादि की दुकानें सजाई गई हैं। इसके अलावा बच्चों के खिलौने, आर्टिफिशियल वस्तुएं, मास्क, गुलदस्तें इत्यादि वस्तुओं की दुकानें लगाई गई है। कालीबाड़ी मंदिर एक्जीक्यूटिव कमेटी मेंबर डॉ कर्नल प्रमाणिकके अनुसार हिन्दू वर्ष की शुरुआत हो गई है। पहले दिन नवरात्र में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी जिसमें सुरक्षा को देखते हुए 10 से 12 पुलिस जवान मंदिर में तैनात हैं। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे से भी नजर रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

चैत्र नवरात्र की शुरुआत पर शिमला के कालीबाड़ी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

नेरवा में हिंदू नव वर्ष का आगाज; डुंडी मंदिर में सजा विशेष मंडप, निकली शोभायात्रा

अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल

नेरवा में हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत 2081 का आगाज़ खूब धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर नेरवा बाजार में शोभायात्रा निकली गई एवं लोगों ने एक दुसरे को हिन्दू नववर्ष की बधाई दी ।

इस दौरान नवरात्र में नौ दिन तक चलने वाली पूजा-अर्चना का दौर भी शुरू हो गया। नेरवा के लोगों की आस्था के सबसे बड़े देवालय महामाया डुंडी मंदिर एवं इसके समीप बने शिव परिवार मंदिर के आलावा सभी मंदिरों में मंगलवार को प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी।

नवरात्र के अवसर पर माता की मूर्ती का विशेष श्रृंगार किया गया है । मंदिर में नवरात्र के दौरान नौ दिन तक चलने वाली पूजा अर्चना के लिए एक विशेष मंडप का निर्माण किया गया है । इस मंडप में नौ दिनों तक ब्राह्मणों द्वारा मां शक्ति के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा की जाएगी । पहले दिन मां के प्रथम स्वरुप शैलपुत्री की पूजा के साथ नवरात्र का आगाज़ हुआ। मंदिर के पुजारी संजू शर्मा ने धन धन्य की वृद्धि एवं बुरी आत्माओं से रक्षा के लिए मां के सप्तम स्वरुप कालरात्रि की पूजा का विशेष महत्व रहता है । यह पूजा रात के समय संपन्न की जाती है । इस वर्ष यह पूजा 15 अप्रैल बुधवार हो होग।

उधर नेरवा स्थित शिव शक्ति मंदिर, शिवलौती मंदिर, अनपूर्णा मंदिर एवं लंकड़वीर मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने हाजिरी भर कर देवी देवताओं का आशीर्वाद ग्रहण किया । राम नवमी के अवसर पर 17 अप्रैल को महामाया डुंडी मंदिर में एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इसके आलावा शिव शक्ति,शिवलौती एवं अन्नपूर्णा मंदिर में भी भंडारे आयोजित किये जाएंगे ।

महामाया डुंडी मां की प्रतिमा, मंडप में पूजा-अर्चना करते ब्राह्मण एवं मंदिर में दर्शन के लिए कतार में लगे श्रद्धालु।

न्यूज ब्रीफ

ठियोग की जैस घाटी में व्यक्ति पर चढ़ा टिप्पर, मौत

ठियोग। उपमंडल ठियोग के साथ लगते जैस घाटी के पास एक तेज रफ्तार टिप्पर ने राहगीर को टक्कर मार दी ,इस हादसे में अरबिंद सूद उम्र 50 साल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अभय शर्मा पुत्र जोगिंदर शर्मा निवासी डिगाली पोस्ट ऑफिस बलग तहसील ठियोग ने बयान दर्ज करवाए कि उसका चाचा अरविंद, जो कि कांगड़ा का रहने वाला है, क्लर्क के पद पर काम करता है और सोमवार शाम अरविंद जैस घाटी से छैला की ओर सड़क किनारे पैदल जा रहा था कि माउंटेन ब्लू होटल के पास एक टिप्पर (एचपी 65ए-2892) गलत साइड में चला गया और अरविंद को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद टिप्पर चालक रोहित कुमार उम्र 21 वर्ष पुत्र स्व. अजय कुमार निवासी ग्राम घरती डाकघर रोल्पा जिला पियूथन राप्ती आंचल नेपाल टिप्पर लेकर भाग गया। बुरी तरह घायल अरविंद को उसके चाचा राजेश शर्मा अस्पताल ले गए जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस द्वारा धारा 279,337 आईपीसी, 187 एमवी एक्ट तथा धारा 304एए के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और दुर्घटना में शामिल टिप्पर को भी जब्त कर लिया गया है।

शिमला में नई स्ट्रीट लाइटें लगाने का काम शुरू

शिमला। शहर में स्ट्रीट लाइटों को लगाया जा रहा है। पिछले साल बरसात में काफी नुकसान होने के बाद नई कंपनी को टेंडर देकर इसका काम शुरू कर दिया। अधिकारियों को शहर में स्ट्रीट लाइटों को लगाने व शिकायत मिलने पर ठीक करने को लेकर निर्देश दिए गए हैं। कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि शहर में स्ट्रीट लाइटें लगाने का कार्य शुरु कर दिया गया है। शहर में अभी 500 बिजली के पोल खड़े हैं जिन पर लाइटें लगाई जानी हैं। इसके अलावा अभी तक 170 स्ट्रीट लाइटें लगा दी गई हैं। इस पर महापौर ने कहा कि शहर में विभिन्न वार्डों से लाइटें खराब होने की शिकायत आने पर किस प्रकार से कार्य किया जाएगा। किसी भी वार्ड से शिकायत मिलने पर 24 से 48 घंटे के भीतर लाइटों को ठीक किया जाएगा। शहर के विभिन्न वार्डों में नई स्ट्रीट लाइटें लगाने का कार्य किया जा रहा है। लाइटें लगाने वाली कंपनी अगले पांच सालों तक स्ट्रीट लाइटों का जिम्मा संभालेगी। कंपनी द्वारा नई स्ट्रीट लाइटें लगाने का भी कार्य किया जाएगा।

एडीसी ने रामपुर में किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

शिमला। अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा में राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर में स्थापित स्ट्रांग रूम व मतदान केन्द्र का भी निरीक्षण किया और निर्वाचन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस असवर पर एसडीएम निशांत तोमर व इलेक्शन कानूनगो देवेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

अनिल बने खषाण उत्थान समिति के अध्यक्ष

नेरवा/चौपाल। शिमला-सिरमौर खषाण बिरादरी की बैठक आयोजित कर निरादरी के उत्थान और विकास पर मंथन किया गया। बैठक जिला शिमला और सिरमौर के 110 सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश खषाण उत्थान सेवा समिति का गठन किया गया, जिसमे अनिल कुमार, खषाण गांव धमौण जिला सिरमौर को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद की बागडौर अमर सिंह गांव लिंगजार जिला शिमला को सौंपी गई, जबकि प्रकाश चंद खषाण गांव टिक्करी जिला शिमला, सहसचिव कुलदीप खषाण गांव दमौना जिला सिरमौर, कोषाध्यक्ष बालक राम खषाण गांव दमौना, जिला सिरमर, मुख्य सलाहकार रतन सिंह खषाण गांव माटला जिला सिरमौर, मुख्य प्रवक्ता जगदीश चंद खषाण गांव दमौना जिला सिरमौर व सीता राम क्षण गांव व डाकघर नेरवा एवं यशपाल खषाण गांव टिक्करी जिला शिमला को कार्यकारिणी सदस्य के पद पर जिम्मेदारी सौंपी गई। नव नियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि बिरादरी ने उनको जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उसका पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे।

खेलों के माध्यम से वोट देने की अपील

रोहड़ू। इंडोर खेल स्टेडियम (समाला) रोहड़ू में जिला शिमला युवा खेल विभाग की ओर से आयोजित 15 दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह के अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने वोट करेगा रोहड़ू के नारों के साथ विद्यार्थियों ने सभी रोहड़ू वासियों से आने वाले चुनावों में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की है। इस कार्यशाला में विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओं जैसे वॉलीबॉल, कबड्डी, बॉक्सिंग, बैडमिंटन आदि का आयोजन भी करवाया गया। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को एसडीएम रोहड़ू विजयवर्धन सारस्वत एवं एसडीपीओ रोहड़ू रविन्द्र नेगी ने पुरस्कृत किया।

सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संगठन की कार्यकारिणी घोषित

रोहड़ू। सैल्यूट तिरंगा एनजीओ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश चौहान अधिवक्ता ने हाटकोटी में मंगलवार को प्रदेश की कार्यकारिणी घोषित की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस संगठन की स्थापना 2 अक्टूबर 2017 को की गई थी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार झा की अध्यक्षता में संगठन भारत के सभी राज्यों में समाजसेवी कार्य कर रहा है। इसके अलावा 20 से अधिक देशों में सक्रिय रूप से कार्यरत है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अभी हिमाचल के सभी जिलों की कार्यकारिणी गठित की जा रही है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी।

भाषण प्रतियोगिता में आयशा प्रथम स्थान पर

शिमला। स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संजौली में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिमला डा. राकेश प्रताप ने की। इस मौके पर बच्चों की भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें नवीं कक्षा की आएशा ने प्रथम, आरती और साक्षी ने संयुक्त रूप में द्वितीय और जानहवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

छात्रों को जाइगोमैटिक इम्प्लांट बारे किया जागरूक

शिमला। आइजीएमसी के डेंटल कॉलेज में मंगलवार को जाइगोमैटिक इम्प्लांट पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में डॉ राघव मौजूद रहें। डॉ राघव ने कॉलेज के छात्रों को जाइगोमैटिक इम्प्लांट की जानकारी प्रदान की। डॉ राघव ने छात्रों को बताया कि जो जबड़े की हड्डी में नॉर्मल इम्प्लांट लगाया जाता है यदि यह जबड़े की हड्डी कम हो चुकी है या कैंसर की वजह से कम हो चुकी है। समय पर दांत नहीं निकाले गए है तो हमें गाल की हड्डी में इम्प्लांट लगाने पड़ते है। जाइगोमैटिक डेंटल इम्प्लांट एक दांत प्रतिस्थापन है जिसे जाइगोमैटिक हड्डी में रखा जाता है, जो ऊपरी जबड़े के गाल क्षेत्र में स्थित एक हड्डी है। जाइगोमैटिक प्रत्यारोपण पारंपरिक दंत प्रत्यारोपण की तुलना में लंबे होते हैं। ऊपरी जबड़े की गाल की हड्डी में गंभीर हड्डी हानि वाले रोगियों के लिए अतिरिक्त सहायता प्रदान करते हैं।

रेंज ऑफ विजन ने गेयटी थियेटर में लगाई प्रदर्शनी

शिमला। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में मंगलवार को चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई। यह चित्र कला प्रदर्शनी रेंज ऑफ विजन ने इस प्रदर्शनी को लगाया है। प्रदर्शनी 14 अप्रैल तक गेयटी थियेटर में चलनी है। इस चित्र कला प्रदर्शनी में मुख्यातिथि के तौर पर प्रो. हिम चटर्जी उपस्थित रहें। इस प्रदर्शनी में आठ कलाकारों की प्रदर्शनी को लगाया गया है। इसमें 40 चित्रों को प्रदर्शनी में लगाया गया है। इसमें 6 से 80 हजार तक की चित्रों को प्रदर्शनी में लगाया गया है। पहले दिन ही लोगों को बहुत ज्यादा भीड़ इस प्रदर्शनी को देखने के लिए लगी हुई थी। इस प्रदर्शनी में बाहरी राज्यों के कलाकारों ने अपनी कला को दर्शाया है।

लोकसभा चुनाव के लिए तैनात होंगे सामान्य, व्यय व पुलिस पर्यवेक्षक

शिमला के विलिज़ पार्क में बनाए जाएंगे पर्यवेक्षकों के कार्यालय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सामान्य पर्यवेक्षक, व्यय पर्यवेक्षक एवं पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे, जो शिमला लोकसभा संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन से संबंधित हर मामले का आकलन करेंगे। उन्होंने नियुक्त नोडल अधिकारियों को चुनाव से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियां समय रहते अध्ययन करने को कहा ताकि पर्यवेक्षकों को उनके दौरे के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में पर्यवेक्षकों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान जिलाधीश ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनज़र पर्यवेक्षकों के लिए परिधि गृह शिमला के विलिज़ पार्क में उनके कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, जिसमें सभी व्यवस्थाओं के साथ-साथ स्टाफ की भी तैनाती की जाएगी। जिलाधीश ने कहा कि पर्यवेक्षकों के साथ बैठकों का भी आयोजना होगा, जिसमें जिला में चुनाव से संबंधित तैयारियां एवं चुनाव प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने नोडल अधिकारियों को जिला सोलन एवं सिरमौर में पर्यवेक्षकों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने को कहा ताकि इन जिलों के दौरे के दौरान पर्यवेक्षकों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

नोडल अधिकारियों से मीटिंग करते जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनुपम कश्यप।

सारी व्यवस्था समय रहते पूर्ण करने के आदेश

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना के लिए भी जिला में पर्यवेक्षकों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने इस संदर्भ में भी सारी व्यवस्था समय रहते पूर्ण करने के आदेश दिए। बैठक में तहसीलदार निर्वाचन राजेन्द्र शर्मा, महाप्रबंधक एचपीटीडीसी अनिल तनेजा, उप-महाप्रबंधक एचपीटीडीसी धीरज बाली, जिला पर्यटन विकास अधिकारी संजय भगवती, अतिरिक्त जिला पर्यटन विकास अधिकारी कंचन बेदी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

मतदाता सूची में नाम की जांच करने के लिए डाउनलोड करें वोटर हेल्पलाइन ऐप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक का आंयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कानून में नवीनतम संशोधन के अनुसार, भारत निर्वाचन आयोग ने नए मतदाताओं के लिए रजिस्ट्रेशन के नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसके अनुसार 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नए वोटर मतदाता सूची में अपना नाम अब जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्तूबर की पहली तारीख को भी दर्ज करवा सकते हैं। पूर्व में 1 जनवरी को ही मतदाताओं का नाम दर्ज किया जाता था। उन्होंने कहा कि इन संशोधनों के दृष्टिगत 1 अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाता हिमाचल प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनावों में वोट डालने के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि नए मतदाता गूगल प्ले से वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करके भी मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं और नए मतदाता फार्म-6 भरकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने युवाओं को जागरूक करने की आवश्यकता पर पर बल देते हुए कहा कि यह धारणा गलत है कि यदि उन्होंने पंचायत चुनावों के लिए मतदान किया है तो वे लोकसभा या विधानसभा चुनावों में मतदान करने के लिए पात्र हैं, जो सही नहीं है। ऐसे नए मतदाताओं को अपना फोटो पहचान पत्र प्राप्त करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में स्वयं को पंजीकृत करना होगा, जबकि अप्रवासी मतदाताओं को मतदाता सेवा पोर्टल पर यह सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन में, निर्वाचन विभाग हिमाचल प्रदेश युवाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

बैठक की कार्यवाही का संचालन ओएसडी नीरज शर्मा ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य चुनाव आयुक्त दलीप नेगी और नीलम दुल्टा, दूरदर्शन, आकाशवाणी, नेहरू युवा केंद्र, युवा सेवाएं एवं खेल, डाक विभाग के प्रतिनिधि और अन्य सोशल मीडिया विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि दूरदर्शन और आकाशवाणी को मतदाता जागरूकता पर आधारित सोशल मीडिया का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले के शतायु मतदाताओं का संदेश भी सोशल मीडिया के माध्यम से दिया जाना चाहिए ताकि युवा मतदाता इससे प्रेरित हो सकें।

कोर कमेटी की बैठक में उपस्थित अधिकारी व अन्य।

चार जून के बाद वेंटिलेटर पर होगी भाजपा : रोहित

बोले- जयराम को नींद में भी नजर आ रही मुख्यमंत्री की कुर्सी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि चार जून के बाद हिमाचल प्रदेश में भाजपा वेंटिलेटर पर होगी। क्योंकि, वोट की चोट जनता भाजपा को कोमा में पहुंचाने वाली है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को तो अब नींद में भी मुख्यमंत्री की कुर्सी नजर आ रही है। वह मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं।

रोहित ने यहां जारी ब्यान में कहा कि वर्तमान सरकार को किसी प्रकार का कोई ख़तरा नहीं हैं और मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार डंके की चोट पर अपने पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। विधानसभा में अंक गणित कांग्रेस सरकार के पक्ष में है, इसलिए भाजपा नेता प्रदेश की जनता को भ्रमित करना बंद कर दें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा का नक़ाब प्रदेश की जनता के सामने से हट गया है और उनका लालची चेहरा सामने आ चुका है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में चारों सीटें और उप-चुनाव की छह सीटों पर क्लीन स्वीप करेगी और प्रत्याशी बड़े अंतर से विजयी होंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी से दगाबाजी करने वाले पूर्व विधायकों को टिकट देकर भाजपा ने यह बात साबित कर दी है कि इस पूरे प्रकरण के पीछे उसी का हाथ था और भाजपा ने हॉर्स ट्रेडिंग की थी। कुर्सी के लालच में भाजपा नेता इतने अंधे हो गए हैं कि उन्हें कांग्रेस के भगोड़ों को पार्टी का टिकट देने से निराश भाजपा के कार्यकर्ताओं की हताशा भी नहीं दिख रही है। भाजपा के भीतर विरोध का ज्वालामुखी धधक रहा है, जो कभी भी फट सकता है।

अंकित चंदेल भाजपा न्याय एवं विधि विभाग प्रदेश उच्च न्यायालय के संयोजक नियुक्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाजपा प्रदेश विधि प्रकोष्ठ एवं चुनाव प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक का आयोजन भाजपा मुख्यालय दीप कमल चक्कर में हुआ। बैठक में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अंशुल बंसल एवं चुनाव प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जेसी शर्मा उपस्थित रहें, जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बंसल ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायलय की नव कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें अंकित चंदेल हमीरपुर को भाजपा एवं विधि विभाग प्रदेश उच्च न्यायालय का संयोजक नियुक्त किया गया है। साथ राजीव शर्मा शिमला एवं वैभव चौहान चौपाल को इस कार्यकारिणी का सह संयोजक नियुक्त किया गया है।

वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पंकज भारद्वाज कुमारसैन, अभिषेक डुल्टा जुब्बल, सर्वदमन राठौर नाहन अनुभव चोपड़ा शिमला, रोहित भरोल मनाली, अतुल कुमार नूरपुर, अमन भरमौरिया सरकाघाट, रिशव नेगी सिरमौर, कर्मपाल हमीरपुर, जगमोहन करसोग, करण चंदेल ठिओग, रजत अवस्थी नालागढ़, आशिमा शिमला, भीष्म शर्मा मंडी, सुनीत वर्मा मंडी, अमरीक सिंह हमीरपुर, पियूष ऊना, यशपाल मंडी, आकृति राणा नूरपुर को दायित्व दिया गया।

भाजपा प्रदेश विधि प्रकोष्ठ एवं चुनाव प्रकोष्ठ की बैठक में उपस्थित सदस्य एवं अन्य।

बाहरी लोगों के बढ़ते बोझ से डूबेगा भाजपा का जहाजः राठौर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और ठियोग से विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने भाजपा पर सियासी तंज कसते हुए कहा है कि भाजपा का जहाज अब जल्द डबूने वाला है।

शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान कुलदीप ने कहा कि झूठ, फरेब व जुमलेबाजी ज्यादा दिन नहीं चलने वाली। देश व प्रदेश की जनता अब इन झूठे वायदों से ऊब चूकी है व इनकी सच्चाई को समझ चुकी है। राठौर ने कहा कि भाजपा के जहाज पर भीड़ बढ़ती जा रही है। उन्होंने भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं पर भी तंज कसा। राठौर ने कहा कि जब जहाज के डूबने की स्थिति होगी तो सबसे पहले बाहर से आए लोगों को वह बाहर फैंकेंगे। राठौर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में वह क्यों बेरोजगारी, मंहगाई जैसे मुद्दों की बात नहीं कर रहे। 2014 के चुनाव में भाजपा संकल्प पत्र लेकर आई। इसमें प्रतिवर्ष 2 करोड़ नौकरियों का वादा किया था। 10 साल होने पर भी इस वादे को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को देश में क्या महंगाई नजर नहीं आती।

राठौर ने सेब के मुद्दे पर कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रदेश के बागवानों से चुनावों के समय फसल को सुरक्षित करने, इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने और हिमाचल के सेब को कोल्ड ड्रिंक में मिलने की बात कही। सत्ता में आने के बाद ठीक इसके उलट किया। केंद्र सरकार ने इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने के बजाए इसे कम किया। ऐसा होने से हिमाचली सेब पर संकट छा गया है। ईरान का सेब बाजार में आना शुरू हो गया है। अच्छे दामों की उम्मीद से बागवानों ने अपना सेब स्टोर करके रखा था, लेकिन अब उन्हें अच्छे दाम नहीं मिल रहे हैं। सेब का दाम 800 से 1200 रुपए प्रति पेटी बिका जो बीते वर्ष 2000 के आसपास था वही कोल्ड स्टोरेज का खर्च 400 प्रति बॉक्स के हिसाब से आता है।

राजनीति विज्ञान विषय के पेपर में आई त्रुटि को सुधारे विश्वविद्यालय

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश के सरकारी महाविद्यालयों के राजनीति-विज्ञान के लगभग 50 प्राध्यापकों ने मंगलवार को वार्षिक परीक्षाओं में आ रहे प्रश्न पत्रों में तय मानदंडों को पूरा न करने बारे परीक्षा नियंत्रक, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में आचार्यों ने मूल्यांकन प्रक्रिया को बेहतर करने के लिए उचित सुधार करने का आह्वान किया है और विश्वविद्यालय प्रशासन से जल्द-से-जल्द इस बावत बैठक बुलाए जाने की गुजारिश की है।

ज्ञापन में प्राध्यापकों ने आह्वाहन किया है कि पहले वर्तमान व्यवस्था की खामियों को दुरुस्त करना अति आवश्यक है, तभी हम नई नीति के लिए बेहतर संरचना तैयार कर सकते हैं।

नौकरीपेशा लोगों को 11 से 17 तक मिलेगा आराम!

शिमला। छुट्टी की राह देख रहे कर्मचारियों को अब बॉस से लीव की गुहार नहीं लगानी पड़ेगी। आगामी सप्ताह में अब लॉन्ग वीकेंड आ रहा है। आने वाले एक सप्ताह में लोगों को बस एक काम करना होगा और सारा हफ्ता वे काम से छूट जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि 11 से 17 अप्रैल तक लॉन्ग वीकेंड पड़ रहा है। इस दौरान सरकारी नौकरी पेशा करने वाले लोगों को करीब पांच छुट्टियां बन रही हैं। अगर कोई भी कर्मचारी केवल दो छुट्टियां लेता है तो उसे एक सप्ताह तक दफ्तर आने की जरूरत नहीं है। 11 अप्रैल को देश और दुनिया में ईद का त्योहार मनाया जा रहा है। इस दौरान नेशनल होलीडे है। हालांकि, 12 अप्रैल को वर्किंग डे है। इसी तरह 13-14 अप्रैल को सेकंड सेटर्डे और रविवार है। इस दौरान भी छुट्टी है। रविवार को अंबेडकर जयंती भी है 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस मनाया जाता है और ऐसे में यहां पर इस दिन सरकारी दफ्तर बंद होंगे। 16 अप्रैल को मंगलवार के दिन सरकारी दफ्तर खुलेंगे, लेकिन 17 अप्रैल को ईद उल जुहा की फिर से सरकारी छुट्टी है ऐसे में अगर आप 12 और 16 अप्रैल को दो दिन की छुट्टी लेते हैं तो पूरा सप्ताह छुट्टी का आनंद ले सकते हैं।

राजनीति | मुख्य संसदीय सचिवों ने भाजपा पर लगाया नेताओं की खरीद-फरोख्त का आरोप

इतिहास में बिकाऊ के नाम से जाने जाएंगे बिकने वाले

अरविंद शर्मा, शिमला

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर और मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के आधिकारिक प्रत्याशी के विरुद्ध वोट डालने वाले कांग्रेस के छह विधायकों को गद्दारी के लिए हिमाचल प्रदेश की जनता कभी माफ़ नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि बिकने वाले हिमाचल प्रदेश के इतिहास में हमेशा बिकाऊ ही कहलाएंगे। प्रदेश की जनता भली-भांति वाकिफ है कि छह नेताओं ने अपना इमान भाजपा को बेचा और पार्टी के साथ गद्दारी की है। कल तक जो कांग्रेस पार्टी को अपनी माँ बताते थे, उन्होंने माँ की पीठ में छुपा घोंप कर राज्य के इतिहास में अवसरवाद की राजनीति को शुरू किया है। सुंदर ठाकुर और ब्राक्टा ने यहां जारी संयुक्त ब्यान में कहा कि प्रदेश की जनता ने पहली बार अपने विधायक को बिकते देखा है, इससे उनका असली चेहरा मतदाताओं के सामने बेनकाब हो गया है।

उन्होंने कहा कि सवा साल के भीतर ही इन नेताओं ने हिमाचल प्रदेश पर उप-चुनाव का बोझ थोप दिया। बाग़ियों को अपने लालच का सच प्रदेश की जनता के सामने स्वीकार करना चाहिए और अपने कुकृत्यों के लिए माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि भाजपा का कच्चा चिट्ठा पूरे प्रदेश के सामने खुल चुका हैं। भाजपा ने एक चुनी हुई सरकार के विरुद्ध साजिश को स्पॉन्सर किया है और अब भाजपा नेता अपनी संलिप्तता को नकार नहीं सकते हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नापाक इरादों को जनता भांप चुकी है और सत्ता की लालसा में अंधे हो चुके भाजपा नेताओं को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। यह बात तय है कि भाजपा के सभी उम्मीदवार उप-चुनाव में बुरी तरह से पिटेंगे और उनकी ज़मानत तक ज़ब्त हो जाएगी। यही नहीं, भाजपा का लोकसभा चुनाव में भी सूपड़ा साफ हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

स्वच्छ छवि वाले नेताओं को उतारेगी कांग्रेस

मुख्य संसदीय सचिवों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नेक व स्वच्छ छवि वाले नेताओं को चुनावी मैदान में उतारने जा रही है और जल्द ही प्रत्याशियों की घोषणा होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशियों के नाम घोषित होते ही भाजपा के प्रत्याशी ढूँढे नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि छह सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए भाजपा को अपनी पार्टी में प्रत्याशी तक नहीं मिले और कांग्रेस के बाग़ियों को टिकट दिया है। ऐसे में मुक़ाबला कांग्रेस की असली टीम बनाम कांग्रेस की नकली टीम के बीच है और प्रदेश की जनता असली कांग्रेस टीम को विजयी बनाएगी।

न्यूज ब्रीफ

रवींद्र जडेजा ने आईपीएल में पूरे किए 100 कैच

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच के दौरान लीग में अपने 100 कैच पूरे कर लिए हैं। जडेजा ने सोमवार को आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में दो कैच लिए और तीन विकेट झटके, जिसकी बदौलत केकेआर की टीम 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 137 रन ही बना सकी। मैच में इन दो कैचों के साथ ही जडेजा ने लीग में अपने 100 कैच पूरे कर लिए और यह उपलब्धि हासिल करने वाले पांचवें खिलाड़ी बन गए। उन्होंने केकेआर की पारी की पहली ही गेंद पर, फिलिप साल्ट का कैच पकड़ा और फिर 20वें ओवर में केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर का डीप मिडविकेट पर आसान सा कैच लपका।

वरुण चक्रवर्ती बोले- हम पिच को बेहतर भांप सकते थे

चेन्नई। कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में पिच को सही ढंग से पढ़ नहीं पाने का खामियाजा उनकी टीम को भुगतना पड़ा । पिछले दो मैचों की तुलना में इस मैच की पिच बात अलग थी। केकेआर नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी जिसे चेन्नई ने 14 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। चक्रवर्ती ने मैच के बाद कहा,''मैंने जब विकेट को देखा तो यह सपाट लगा लेकिन यह पूरी तरह से अलग था।'' उन्होंने कहा ,'' हम पिच को बेहतर भांप सकते थे क्योंकि शुरुआत में यह धीमी थी।

तीन टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी इंग्लैंड टीम

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनकी टीम 28 नवंबर से तीन टेस्ट के दौरे पर न्यूजीलैंड जाएगी। सीरीज का पहला मैच क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मैच छह दिसंबर से वेलिंगटन और तीसरा 14 दिसंबर से हैमिल्टन में होगा। दोनों टीमों की टेस्ट सीरीज में टक्कर पिछले साल फरवरी मार्च में हुई थी और दो मैचों की सीरीज ड्रॉ रही थी। न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट एक रन से और इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 267 रन से जीता था। ये तीनों टेस्ट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होंगे जिसमें न्यूजीलैंड ने पहले सत्र में आस्ट्रेलिया को हराया था। भारत इस बार नौ में से छह टेस्ट जीतकर डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है।

रुपया डेरिवेटिव बाजार में बैंक बढ़ाएं भागीदारी : आरबीआई

मुंबई। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भारतीय बैंकों से घरेलू व विदेशी दोनों स्तरों पर रुपया डेरिवेटिव बाजार में भागीदारी बढ़ाने की अपील की है। डेरिवेटिव बाजारों में घरेलू बैंकों की भागीदारी सिर्फ सक्रिय बाजार निर्माताओं के एक छोटे समूह के साथ सीमित है। साथ ही, वैश्विक बाजारों में भारतीय बैंकों की भागीदारी बढ़ रही है, लेकिन यह काफी कम है। दास ने सोमवार को बार्सिलोना में एक कार्यक्रम में कहा, घरेलू बैंक निचले स्तर के ग्राहकों के बजाय वैश्विक स्तर पर बाजार-निर्माताओं के साथ काम कर रहे हैं। बेशक, बैंकों को उचित परिश्रम करने, जोखिम उठाने की क्षमता का आकलन करने और फिर इस दिशा में सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है।

मुख्तार की कब्र पर फातिहा पढ़ने की बेटे अब्बास को मिली इजाजत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी को अपने पिता की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी है। मुख्तार अंसारी की कब्र पर 10 अप्रैल को फातिहा पढ़ा जाएगा, जिसमें उसका बेटा अब्बास अंसारी भी शामिल होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्देश में कहा कि अब्बास अंसारी को पुलिस हिरासत में कासगंज जेल से उसके गाजीपुर स्थित घर ले जाया जाएगा। पुलिस हिरासत में ही अब्बास अंसारी को 13 अप्रैल को वापस कासगंज जेल लाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

बिहार के रोहतास में घर में लगी आग, छह लोग जिंदा जले

पटना। रोहतास के एक घर में भीषण आग लग गई। इसमें एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। वहीं एक सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। इन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। हालांकि, रोहतास प्रशासन ने अब तक छह लोगों की मौत की पुष्टि नहीं की है। घटना कछवां थानाक्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव की है। लोगों का कहना है कि जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इतना ही नहीं पूरा घर भी जलकर राख हो गया। इधर, घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। दमकल की गाड़ियों के जरिए आग पर काबू पाया गया।

अफगानिस्तान में ऑनलाइन मनी एक्सचेंज पर रोक

काबुल। खराब अर्थव्यवस्था से जूझ रहे अफगानिस्तान में ऑनलाइन मनी एक्सचेंज को अवैध घोषित किया गया है। दरअसल, तालिबान के नियंत्रण वाले केंद्रीय बैंक ने घोषणा की कि उसने ऑनलाइन मनी एक्सचेंज गतिविधियों के लिए कोई लाइसेंस जारी नहीं की है। किसी भी कंपनी या व्यक्ति को ऑनलाइन मनी एक्सचेंज में शामिल होने का लाइसेंस नहीं मिला है। बैंक ने एक अलर्ट जारी करते हुए लोगों और व्यवसायों को ऑनलाइन मनी एक्सचेंज में लेन-देन न करने की सलाह दी है। इससे पहले भी तालिबान के नियंत्रण वाले केंद्रीय बैंक ने अफगानिस्तान में विदेशी मुद्राओं के साथ ऑनलाइन व्यापार को अवैध घोषित किया था।

आईपीएल-2024 राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जायसवाल पर अच्छी पारी खेलने का होगा दबाव

जीत की लय कायम रखने उतरेगी राजस्थान

एजेंसी, जयपुर

अब तक अपराजेय राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग में खराब दौर से जूझ रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उतरेगी तो यशस्वी जायसवाल पर अच्छी पारी खेलने का दबाव होगा। रॉयल्स की शुरुआत शानदार रही है जिसने चार में से चारों मैच जीते हैं, लेकिन भारतीय टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले जायसवाल चार मैचों में सिर्फ 39 रन ही बना सके हैं। उनके सलामी जोड़ीदार जोस बटलर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ नाबाद शतक जमाकर फॉर्म में वापसी की है । कप्तान संजू सैमसन ने चार मैचों में 178 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्द्धशतक शामिल हैं।

रॉयल्स के लिए इस सत्र की खोज रियान पराग रहे हैं। गुवाहाटी के इस हरफनमौला ने अब तक 185 रन बना लिए हैं, जिसमें दो अर्द्धशतक शामिल हैं। शिमरोन हेटमायेर और ध्रुव जुरेल को मध्यक्रम में अच्छी पारियां खेलनी होगी। राजस्थान के पास ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के रूप में उम्दा तेज गेंदबाज हैं, जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है।

दूसरी ओर गुजरात टाइटंस ने अभी तक पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाए हैं। शुभमन गिल की टीम हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी, लेकिन रॉयल्स के खिलाफ यह आसान नहीं होगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ खराब प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों को बेहतर खेल दिखाना होगा। गिल ने अभी तक पांच मैचों में 183 रन बनाए हैं। उनके सलामी जोड़ीदार बी साइ सुदर्शन अभी तक अर्द्धशतक नहीं बना सके हैं। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव ने अच्छा प्रदर्शन किया।

संभावित टीमें

गुजरात टाइटंस

शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार।

राजस्थान रॉयल्स

संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।

पाकिस्तान के सहायक कोच बनेंगे अजहर महमूद

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला अजहर महमूद को सभी प्रारूपों में टीम का सहायक कोच बनाया जा सकता है। महमूद को न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू सीरीज के लिए अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया। बोर्ड ने अभी तक विदेशी कोचों आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के साथ दीर्घकालिन अनुबंध का ऐलान नहीं किया है।

गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में मुख्य कोच होंगे, जबकि कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप में यह जिम्मा संभालेंगे। तीनों प्रारूपों में महमूद को सहायक कोच बनाया जा सकता है। पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच रहे महमूद ब्रिटेन में बसे हैं और इंग्लैंड तथा वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मान्यता प्राप्त कोच हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में मोहम्मद युसूफ बल्लेबाजी कोच और सईद अजमल स्पिन गेंदबाजी कोच होंगे।

जोकोविच ने सबसे उम्रदराज नंबर एक खिलाड़ी फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी, लंदन

नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया और एटीपी टूर की कंप्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जाएंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे, तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए, जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे।

जोकोविच ने पुरुष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूर्नामेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनेर सोमवार को जारी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में इगा स्वियातेक शीर्ष पर, एरिना सबालेंका दूसरे और कोको गॉ तीसरे स्थान पर हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

पर्थ। पिछले दो मैच गंवा चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के तीसरे मैच में बुधवार को जब आस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण इस सीरीज में भारत को पहले मैच में 1-5 और दूसरे में 2-4 से पराजय का सामना करना पड़ा। इस दौरे से भारतीय टीम को अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा। पहले दोनों मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत के डिफेंस को दबाव में रखा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय डिफेंडरों ने पहले दो मैचों में कई आसान गोल और पेनल्टी कॉर्नर गंवाए।

कैंडिडेट्स शतरंज भारतीय खिलाड़ी दौड़ में, लेकिन नेपोम्नियाश्चि सबसे प्रबल दावेदार

एजेंसी, टोरंटो

कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में भारत के आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन करके सभी को चौंका दिया है और शुरुआती दौर के कठिन मुकाबलों में अच्छी चुनौती पेश की।

ये तीनों खिताब के दावेदार नहीं थे, लेकिन गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने शुरुआती कठिन मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। विदित गुजराती के बारे में हालांकि यह बात नहीं कही जा सकती जो एक सप्ताह पहले भारतीयों में सबसे प्रबल दावेदार था। उन्होंने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नकामूरा को हाल ही में हराया था।

टूर्नामेंट के 14 में से चार दौर हो गए हैं और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि चार में से तीन अंक लेकर शीर्ष पर हैं। रूस पर लगे प्रतिबंध के कारण वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने गुजराती और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं । प्रज्ञानानंदा चौथे स्थान पर है जबकि गुजराती, अलीरजा, नकामूरा और अबासोव 1-5 अंक के साथ उनसे पीछे है।

हरियाणा में आचार संहिता के दौरान 10 .50 करोड़ रुपए की शराब जब्त

एजेंसी, चंडीगढ़

एजेंसियों ने 3.62 करोड़ की नकदी भी की बरामद

लोकसभा चुनाव के लिए पिछले महीने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद हरियाणा में कानून प्रवर्तक एजेंसियों ने करीब 14 करोड़ रुपये कीमत की शराब जब्द किया है। शराब के अलावा बेहिसाबी नकदी भी एजेंसी ने जब्त की है।

अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कार्रवाई करने वाली एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि रविवार तक 10.50 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध शराब और मादक पदार्थ तथा 3.62 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए हैं। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) अनुराग अग्रवाल ने कहा कि यह कार्रवाई पुलिस, आयकर विभाग, आबकारी और कराधान विभाग तथा राजस्व खुफिया निदेशालय ने की है। हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर 6वें चरण में 25 मई को मतदान होना है। आबकारी एवं कराधान विभाग के आयुक्त अशोक कुमार मीणा ने कहा कि चुनाव के दौरान शराब तस्करी को रोकने के लिए 'शून्य सहनशीलता' की नीति अपनाई जा रही है। राज्य भर में चिन्हित 45 मार्गों से ही लाइसेंसी शराब को लाया ले जाया जा सकेगा।

माइकल जैक्सन की बायोपिक बनाना चाहते हैं संदीप रेड्डी

मुंबई। संदीप रेड्डी वंगा लोकप्रिय फिल्म निर्माता-निर्देशक हैं। बीते वर्ष फिल्म 'एनिमल' से उन्होंने ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। इससे पहले उन्होंने फिल्म अर्जुन रेड्डी और कबीर सिंह से लोकप्रियता हासिल की। इस बीच निर्देशक ने ग्लोबल म्यूजिक आइकन माइकल जैक्सन पर बायोपिक बनाने की बात कही है। हाल ही में एक मीडिया बातचीत के दौरान उन्होंने इस पर बात की।

500 करोड़ की पुष्पा-2 ने रिलीज से पहले ही कमा लिए 1000 करोड़

एजेंसी, मुंबई

निर्देशक सुकुमार की फिल्म 'पुष्पा-2' ने रिलीज से पहले ही 1000 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। फिल्म का टीजर अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के मौके पर रिलीज किया गया था। फिल्म को सोशल मीडिया पर काफी अच्छे रिव्यू मिल रहे हैं। 'पुष्पा-2' का डंका हर जगह बज रहा है। 1 मिनट 8 सेकेंड का पूरा धमाकेदार टीजर देखकर फैंस के रौंगटे खड़े हो गए। इसे यूट्यूब पर लगातार देखा जा रहा है। अभी तक इसके टीजर को 43 मिलियन व्यूज मिल चुके है।

फिल्म की शूटिंग चल रही है और इसके कुछ सीन ही रह गए हैं। यह फिल्म 15 अगस्त 2024 में रिलीज होगी। लेकिन लगता है कि सिनेमाघरों में आने से पहले ही मेकर्स ने जमकर कमाई कर ली है। फैंस फिल्म से जुड़ी हर एक खबर पर अपनी नजर रखते हैं। उन्हें फिल्म से जुड़ी हर अपडेट्स का बेसब्री से इंतजार रहता है।

मेकर्स को मिला एक हजार करोड़ का ऑफर

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एक प्रमुख उत्तर भारतीय वितरण कंपनी ने फिल्म के विशेष अधिकार सुरक्षित करने के लिए 1000 करोड़ रुपये का मेकर्स को ऑफर दिया है। 1000 करोड़ के इस ऑफर ने पुष्पा 2 के लिए लोगों की उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है। हालांकि, माइथ्री मूवी मेकर्स ने अभीतक किसी भी ऐसे बॉन्ड पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

पाकिस्तान में पूर्व पीएम गिलानी बने सीनेट के अध्यक्ष



इस्लामाबाद। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के सांसदों के विरोध के बीच पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी को सीनेट का अध्यक्ष और सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के सैदल खान नासिर को उपसभापति चुना गया।

रिकॉर्ड ऊंचाई से फिसला शेयर बाजार

सेंसेक्स 58.80 अंक लुढ़ककर 74,683.70 के स्तर पर हुआ बंद

एजेंसी, मुंबई

तीन दिनों से जारी रिकॉर्ड बढ़त के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में लाल निशान पर बंद हुए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 58.80 अंक फिसलकर 74,683.70 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर निफ्टी 23.55 अंक कमजोर होकर 22,642.75 के लेवल पर बंद हुआ।

शेयर बाजार ने अपने विकसित और उभरते बाजार के साथियों को पीछे छोड़ते हुए मंगलवार को भी रिकॉर्ड छलांग लगाई। घरेलू इक्विटी बाजार के बुल्स ने आगे बढ़कर एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स में केवल एक महीने में 1000 अंकों की रैली लाने में सफलता हासिल की।

मंगलवार के कारोबारी सत्र के दौरान पहली बार बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 75,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर को को पार कर गया। इससे पहले बीते 6 मार्च को सेंसेक्स 74,000 अंक के स्तर को पार कर गया था और तब से घरेलू और विदेशी निवेशकों के सतत निवेश से बाजार की धारणा में तेजी बनी हुई है।

मोदी सरकार में चीन एक इंच जमीन भी नहीं कब्जा सका: शाह

एजेंसी, लखीमपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को असम के दौरे पर थे। उन्होंने लखीमपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। गृह मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में चीन एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर सकता है। मोदी सरकार ने बांग्लादेश के साथ भारत की सीमा को सुरक्षित किया और घुसपैठ रोकी। अमित शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में असम देश के अन्य राज्यों की तरह एक विकसित राज्य बन जाएगा।

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने बांग्लादेश के साथ भारत की सीमा को सुरक्षित किया है। उन्होंने घुसपैठ रोकी है। उन्होंने कहा कि जनता कभी नहीं भूलेगी कि कैसे नेहरू ने 1962 में चीनी आक्रमण के दौरान असम और अरुणाचल प्रदेश को 'बाय-बाय' कहा था। लेकिन जब से देश में मोदी सरकार बनी है तब से चीन भारत की एक इंच जमीन भी नहीं छीन सका है।

राम मंदिर को लेकर घेरी कांग्रेस पार्टी

अमित शाह ने लखीमपुर में रैली के संबोधित करते हुए कहा, 'मैं आज आपको बताना चाहता हूं कि आने वाले दिनों में असम देश के अन्य राज्यों की तरह एक विकसित राज्य बन जाएगा। मुझे इसका पूरा भरोसा है। सालों से कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर का मुद्दा लटका रखा था। पीएम मोदी के समय में ही फैसला आया, भूमि पूजन हुआ और आखिरकार 22 जनवरी को प्राणप्रतिष्ठा हुई।'

आप तय करेंगे देश का अगला प्रधानमंत्री

अमित शाह ने कहा, 'आपको 19 अप्रैल को फैसला करना होगा कि आपका सांसद कौन होगा, कौन सी पार्टी सरकार बनाएगी और अगला प्रधानमंत्री कौन होगा। आपके पास दो विकल्प हैं। एक है राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन और दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा है।

बयान जर्मनी के राजदूत एकरमैन ने भारत और जर्मनी के रिश्तों को प्रगाढ़ करने पर दिया जोर, बोले-

भारत के साथ पनडुब्बियां बनाने के लिए जर्मनी तैयार

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि जर्मन सरकार छह नई पारंपरिक पनडुब्बियों के निर्माण के लिए भारतीय नौसेना के साथ बातचीत कर रही है, जिसमें जर्मन फर्म थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम एक के रूप में भारतीय मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड के साथ साझेदारी कर रही है।

जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने कहा कि छह अरब यूरो से अधिक की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना के लिए जर्मन फर्म थिसेनक्रूप और स्पेनिश फर्म क्रमशः एमडीएल और लार्सन एंड टुब्रो के साथ साझेदारी कर रही हैं।

जर्मन के राजदूत फिलिप एकरमैनने कहा कि जर्मनी यूरोफाइटर टाइफून और ए 400 एम सहित जेट विमान को भारत भेजेगा। कोयंबटूर के पास एक अभ्यास के लिए फ्रांस और स्पेन के साथ एक यूरोपीय टीम का नेतृत्व करेगा। भारत के प्रति बदली हुई जर्मन विदेश नीति और रवैये के बारे में बात करते हुए एकरमैन ने कहा कि भारत के साथ रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने और दीर्घकालिक और पर्याप्त रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए बर्लिन में और भी बड़ी राजनीतिक इच्छाशक्ति है।

हम उच्च तकनीक पर काम करने के इच्छुक

फिलिप एकरमैन ने कहा, 'मैं कह सकता हूं जर्मनी भारत में उच्च तकनीक वाली पनडुब्बियां बनाने के लिए एक भारतीय डॉकयार्ड के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और जर्मन सरकार चल रही बातचीत का पूरे दिल से समर्थन कर रही है। प्रक्रिया अभी भी जारी है और निर्णय भारत को लेना है। यह कहा जा सकता है कि यह परियोजना पहले से ही हमारी रक्षा साझेदारी को गति दे रही है।'

रक्षा सौदे के जरिए बढ़ेंगे आपसी संबंध

एकरमैन ने कहा कि जर्मनी का भारत और इंडो-पैसिफिक के प्रति बदलाव बहुत ठोस कार्यों में दिखाई दे रहा है। सैन्य दौरे और संयुक्त अभ्यास, उन्नत सैन्य हार्डवेयर का संभावित सह-उत्पादन, साइबर के क्षेत्र में सहयोग और हमारी अंतरसंचालनीयता को मजबूत करना। उन्होंने उस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की, जहां जर्मन विदेश कार्यालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के बारे में बयान दिया था, जिस पर भारत ने अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के रूप में कड़ी आपत्ति जताई थी।